| मौसम | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| धनबाद | 27.6 | 11.9 |
| जमशेदपुर | 27.3 | 12.4 |
| डालटनगंज | 26.4 | 12.8 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * * *

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

www.lagatar.in

बुधवार, 10 जनवरी 2024 ● पौष कृष्ण पक्ष 14, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 1, अंक : 263



# राजधानी रांची समेत कई शहरों में बढ़ेगी कंपकंपी : येलो अलर्ट जारी



## अब पड़ेगी हांड़ कंपाने वाली ठंड, कल से दिखेगा असर

**संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची समेत पूरे राज्य के मौसम में बदलाव ने असर डालना शुरू कर दिया है. रिम्स व सदर अस्पताल समेत निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है. दरअसल राजधानी व आसपास के जिलों में सुबह कोहरा या धुंध के साथ साथ धूप खिलते ही गर्मी का अहसास होने लगता है, जबकि शाम ढलते ही सर्दी अपना असर दिखाना शुरू कर देती है. यह सिलसिला पिछले एक सप्ताह से जारी है. वहीं गत दिनों हुई वर्षा के बाद लगातार आंशिक बादल छाए रहने के कारण तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं देखा जा रहा है. न्यूनतम तापमान में भी बड़ा अंतर नहीं दिख रहा है. हालांकि, मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद का कहना है कि बादल छंटने के बाद तापमान में कमी होगी और 11 जनवरी के बाद एक बार फिर न्यूनतम तापमान में कमी होगी.



उत्तरी हिस्से में छाया रहेगा कोहरा जमशेदपुर में पड़ी सबसे अधिक ठंड

### आज बादल छाए रहने का अनुमान

राज्य के उत्तरी हिस्से यानी देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, जामताड़ा, गिरिडीह व साहिबगंज में कहीं कहीं घना कोहरा छाए रहने का पूर्वानुमान है और इसे लेकर मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने येलो अलर्ट जारी किया है. राजधानी में बुधवार को आंशिक बादल छाए रहने का पूर्वानुमान है. वहीं 11 और 12 जनवरी को सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में आसमान साफ रहेगा. राज्य के उत्तरी हिस्से में कहीं कहीं घना कोहरा छाया रहा. दक्षिणी हिस्से यानी पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां और निकटवर्ती मध्य भाग यानी रांची, रामगढ़, हजारीबाग, खूंटी, गुमला, बोकारो में कोहरा छाया रहा. सबसे अधिक अधिकतम तापमान 26 डिग्री जमशेदपुर का जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री सेल्सियस चाईबासा का रिकॉर्ड किया गया.

## आपकी बात

> ज्ञान बांटने से बढ़िया है कि खुद को साबित करिए, जिससे आपका सफल प्रयास स्वतः लोगों के बीच पहुंच जाएं



**नाम : जीवन वर्मा**
**पद** : लेखक, शायर
**जन्मस्थल** : परसाबाद (जयनगर)
**कार्यक्षेत्र** : कोडरमा, हजारीबाग

लेखक व शायर के रूप में अपनी पहचाने बनानेवाले जीवन वर्मा का जन्म 30 मई 1997 में कोडरमा जिले के जयनगर प्रखंड अंतर्गत कटिया पंचायत के परसाबाद में हुआ था. उनकी 10वीं तक की शिक्षा परसाबाद उच्च विद्यालय से हुई. इसके बाद हजारीबाग जिला स्कूल से इंटरमीडिएट और संत कोलंबस कॉलेज हजारीबाग से स्नातक की डिग्री हासिल की. वहीं, वर्ष 2022 में विभोबा भावे विवि, हजारीबाग से परास्नातक की डिग्री ली. पिछले साल दिवाली में इलाहाबाद की रेड ग्रेब पब्लिकेशन से जीवन शर्मा की एक उपन्यास 'क्लासमेट' भी प्रकाशित हुई है. यह उपान्यास झारखंड के छात्र-छात्राओं का अड्डा कहे जाने वाले हजारीबाग पर आधारित है. इसमें छात्र जीवन को बहुत बारीकी से दर्शाया गया है. यह किताब फिलहाल हजारीबाग और कोडरमा में पाठकों द्वारा काफी पसंद की जा रही है. छात्रों के जीवन शैली पर लिखी गई किताब कॉलेज व विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों के बीच ज्यादा प्रचलित है. अपनी नई उपन्यास के लिए जीवन वर्मा को विश्वविद्यालय द्वारा सम्मानित भी किया गया है. हजारीबाग आकाशवाणी में इनकी कविता प्रसारित होती रही है.

### गैर सेवा से आईएएस कैडर में प्रमोशन के लिए नहीं मिल रहे अफसर

# यूपीएससी को भेजे जाने हैं 20 नाम, मिले हैं सिर्फ 5

**रवि भारती। रांची**

झारखंड सरकार की गैर प्रशासनिक सेवा से आइएएस संवर्ग में प्रमोशन के लिए अफसर ही नहीं मिल रहे हैं. गैर सेवा से आइएएस संवर्ग में प्रोन्नति के लिए चार पद रिक्त हैं. इसमें से सरकार को अब तक पांच नाम ही मिले हैं. नियमतः एक पद के विरुद्ध पांच गुना नाम भेजने का प्रावधान है. जबकि सरकार को 15 नाम अब तक नहीं मिले हैं. गैर प्रशासनिक सेवा से आईएएस संवर्ग में प्रोन्नति के लिए वैसे पदाधिकारियों के नाम की सूची तैयार की जाती है, जो राज्य प्रशासनिक सेवा के उप समाहर्ता के समकक्ष पद पर लगातार आठ वर्षों की सेवा में रहे हों और जिनकी उम्र 56 साल से अधिक नहीं हो.

**समय पर प्रमोशन नहीं मिलने से फंसा पेंच :** गैर प्रशासनिक सेवा के अफसरों को समय पर प्रोन्नति नहीं मिलने के कारण पेंच फंस गया है. जिस कारण विभिन्न विभागों से प्राप्त कुल 19 प्रस्तावों में से मात्र पांच को ही अनुशंसा के योग्य पाया गया है. पूर्व में गैर राज्य प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों के चयन के लिए अनुशंसा उनके पुनरीक्षित वेतनमान 15800 - 39100 पे बैंड-3, ग्रेड पे -5400 में लगातार की गई आठ वर्ष की सेवा को ध्यान में रख कर किया जाता रहा है.

#### इंटरव्यू में क्या होता है चयन का आधार



**15 फीसदी पद गैर सेवा के**

आईएएस संवर्ग की कुल रिक्तियों का 33 प्रतिशत राज्य प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों से प्रोन्नति के तहत करना है. इनका 15 प्रतिशत पद राज्य के गैर प्रशासनिक सेवाओं के पदाधिकारियों से चयन करने प्रावधान है.

**तीन स्तर पर आंकी जाती है परफॉरमेंस**

गैर सेवा से आइएएस संवर्ग में प्रोन्नति के लिए तीन स्तर पर परफॉरमेंस आंकी जाती है. पहले स्तर में अफसरों के परफॉरमेंस के आधार पर विभाग के एचओडी सरकार को अफसरों के नामों की अनुशंसा करते हैं. दूसरे स्तर में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बनी कमेटी इसकी जांच करती है. कमेटी में मुख्य सचिव के अलावा विकास आयुक्त, कार्मिक सचिव और एक वरीय आईएएस अफसर भी शामिल रहते हैं. तीसरे स्तर में कमेटी चयन किये गये नामों को यूपीएससी के पास भेजती है.

- विभाग और राज्य सरकार के स्तर से परफॉरमेंस आकंने के बाद अंतिम पड़ाव यूपीएससी होता है.
- यूपीएससी अफसरों का इंटरव्यू लेती है.
- इंटरव्यू में अफसरों को परफॉरमेंस का लाभ मिलता है.
- गैर सेवा से आईएएस में प्रमोशन के लिए अफसरों का राजपत्रित होने के साथ सेवा संपुष्टि जरूरी है.
- अफसरों पर कोई आरोप नहीं होना चाहिए. हर साल की गोपनीय चारित्री भी पाक-साफ होनी चाहिए
- वर्तमान में गैर सेवा से ये हैं आईएएस
- मनोज कुमार : प्रमंडलीय आयुक्त कोल्हान
- प्रभात कुमार : डायरेक्टर सिटीजन रजिस्ट्रेशन
- अजय नाथ झा : कमिश्नर ट्राइबल वेलफेयर
- अक्षय कुमार सिंह : एडिशनल सेक्रेट्री, स्कूली शिक्षा

## हाईकोर्ट ने पूर्व जजों की पत्नियों के पत्र पर लिए संज्ञान पर सरकार से मांगा जवाब

**संवाददाता। रांची**



झारखंड हाईकोर्ट में हाईकोर्ट के दो पूर्व न्यायाधीशों की पत्नियों के पत्र पर लिए गए स्वतः संज्ञान पर सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई. दरअसल हाईकोर्ट के दो दिवंगत न्यायाधीश प्रदीप कुमार और जस्टिस प्रशांत कुमार की पत्नी ने सुविधा से वंचित रखे जाने की जानकारी देते हुए हाईकोर्ट को पत्र लिखा है. अदालत ने अगली सुनवाई तक राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है.

## आईजी अभियान सभी एसपी संग करेंगे बैठक

**रांची।** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को आईजी अभियान सभी जिलों के एसएसपी, एसपी के साथ समीक्षा बैठक करेंगे. इसे लेकर सभी जिलों के एसएसपी, एसपी को आईजी अभियान के द्वारा पत्र लिखा गया है. पत्र में कहा गया है कि लोकसभा चुनाव की तैयारी की समीक्षा के लिए दस जनवरी को शाम के पांच बजे से आठ बजे तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी.

### भूमि खरीद से जुड़े केस को रद्द करने का आदेश बरकरार

## सुप्रीम कोर्ट से निशिकांत की पत्नी को राहत

**संवाददाता। रांची/दिल्ली**

देवघर में भूमि खरीद मामले में गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की पत्नी अनामिका गौतम के खिलाफ झारखंड सरकार के द्वारा दाखिल एसएलपी को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है. सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस ऋषिकेश रॉय की बेंच ने इस मामले की सुनवाई की. राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता अरुणाभ



चौधरी और अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बघेल ने शीर्ष अदालत में पक्ष रखा. वहीं अनामिका गौतम की ओर से वरीय अधिवक्ता मुकुल रहतोगी और ऋषि कुमार ने बहस की. दरअसल, झारखंड सरकार ने झारखंड हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की थी. एसएलपी के माध्यम से झारखंड हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी गई थी. जिसमें हाईकोर्ट ने देवघर में अनामिका गौतम के नाम से खरीदी गई भूमि के मामले में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आदेश दिया था. यह मामला देवघर की उस भूमि खरीद से जुड़ा है, जिसमे विष्णुकांत झा ने आरोप लगाया था कि जिस जमीन की मार्केट वैल्यू लगभग है. उसकी रजिस्ट्री 3 करोड़ में हुई है.

### मूलभूत सुविधाओं के अभाव में अब तक नहीं हो रहे क्लास

# एचआरडीसी में जल्द शुरू होंगे ऑफलाइन क्लास

**रजनीश प्रसाद। रांची**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा संचालित ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट सेंटर (एचआरडीसी), रांची में पिछले 4 सालों से ऑनलाइन क्लास चला रहा है. ये ऑनलाइन क्लासेज कोरोना काल के समय शुरू हुई थी.उसके बाद बेंच-डेस्क के अभाव में भी यह जारी रहा. बेंच-डेस्क की खरीदारी नहीं होने का कारण एचआरडीसी के पास इसका फंड नहीं होना है. लेकिन अब एचआरडीसी के लिए बेंच डेस्क खरीदने के लिए प्रपोजल बनाया जा रहा है. इसके लिए रांची विश्वविद्यालय से पैसा लिया जाएगा और जब यूजीसी एचआरडीसी को पैसा देगा, तो वह पैसा रांची विश्वविद्यालय को लौटा दिया जाएगा. बेंच डेस्क के अलावा 4 क्लास रूम, स्टाफ रूम, लाइब्रेरी डायरेक्टर रूम भी बनाया जाएगा. इसके खर्च के लिए यूजीसी साल में लगभग 40 लाख रुपये देता है.



**इन कार्यक्रमों को उपलब्ध कराता है एचआरडीसी**

- शॉर्ट टर्म कार्यक्रम
- एफआईपी कार्यक्रम
- एमडीसी कार्यक्रम जो
- रिफ्रेशमेंट कोर्स

### क्या कहते हैं डायरेक्टर

एचआरडीसी के डायरेक्टर प्रो. सुदेश कुमार साहू ने कहा कि कुछ अभावों के बावजूद यहां ऑनलाइन क्लास चल रहे हैं. इन अभावों को दूर करने के लिए हम लोग काम शुरू कर दिए हैं. संभवतः मार्च से यहां ऑफलाइन क्लास शुरू कर दी जाएगी. फर्नीचर बेंच-डेस्क और अन्य सामानों की खरीदारी के लिए एचआरडीसी के पास फंड नहीं है. तत्काल रांची विश्वविद्यालय से फंड लिया जाएगा और जब यूजीसी एचआरडीसी को फंड देगा, तो रांची विश्वविद्यालय का पैसा लौटा दिया जाएगा.

### जानिए क्या होता है क्लास में

भारत भर के विश्वविद्यालय में पढ़ाने वाले शिक्षकों को प्रमोशन के लिए कई प्रकार के कोर्स करने होते हैं. उन कोर्स का सर्टिफिकेट जमा करने के बाद ही उन्हें प्रमोशन मिलता है और यह कोर्स एचआरडीसी द्वारा होता है, जिसे यूजीसी संचालित करता है. पूरे भारत में 111 एचआरडीसी हैं. वहीं झारखंड में 1 ही है. रांची स्थित एचआरडीसी के डायरेक्टर रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू प्रो. सुदेश कुमार साहू हैं. रांची के एचआरडीसी में अलग-अलग कोर्स करने के लिए भारत के सभी राज्यों से शिक्षक आते हैं. ऑफलाइन क्लासेस में 30 सीटें निर्धारित हैं. वहीं ऑनलाइन क्लासेस में 45 लोगों को क्लास दी जा रही है.

CLASSIFIED






































# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



पेज 8-9

www.lagatar.in | बुधवार, 10 जनवरी 2024 ● पौष कृष्ण पक्ष 14, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 263 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

### 1200 छात्रों का मेस चलाने के लिए 2000 करोड़ के टर्नओवर वाली कंपनी को मिले 5 प्वाइंट, देसी कंपनियां हो गयीं बाहर

# आईआईएम रांची में फ्रांस की कंपनी को मिल गया ठेका

अमित सिंह। रांची

इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम), रांची देश के बेहतरीन संस्थानों में से एक है. आउटलुक आइकेयर के इंडियाज बेस्ट बी-स्कूल-2024 की रैंकिंग में इसका सातवां और एनआईआरएफ में 21वां स्थान है. यहां करीब 1200 छात्र पढ़ते हैं. इनके लिए मेस की व्यवस्था है. "मेड इन इंडिया" के जमाने में मेस का संचालन फ्रांस की कंपनी करेगी. क्योंकि मेस चलाने का टेंडर उसी कंपनी को मिल सकता था, जिसका सालाना टर्न ओवर 2000 करोड़ रुपया हो. भारत में ऐसी कोई कंपनी है ही नहीं. लिहाजा फ्रांस की सुडिस्को नामक कंपनी ने काम हासिल कर लिया. हालांकि अब इस पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं. सवाल उठ रहा है कि जानबूझ कर विदेशी कंपनी को लाभ पहुंचाने के लिए अमृत काल में "लोकल फॉर वोकल" को हतोत्साहित तो नहीं किया गया.

उपलब्ध दस्तावेज के अनुसार आईआईएम रांची ने मेस संचालन के लिए अक्तूबर 2023 में टेंडर निकाला. आश्चर्यजनक ढ़ंग से टेंडर में शामिल होने वाली कंपनियों के लिए शर्तें कड़ी कर दी गई. पिछले साल टर्नओवर की राशि दो करोड़ थी. जिसे 1000 प्रतिशत बढ़ा कर 2000 करोड़ कर तक दिया गया. चूंकि देश में मेस चलाने के लिए इतनी बड़ी राशि की टर्न ओवर वाली कंपनी शायद ही उपलब्ध हो. इसलिए विदेशी कंपनी ने टेंडर प्रक्रिया में भाग लिया और सफल हो गयी. और आईआईएम रांची, एक शिक्षण संस्थान के तौर देश का पहला इंस्टीच्यूट बन गया, जिसका मेस चलाने वाली कंपनी का टर्न ओवर 2000 करोड़ रुपया है.

## लोकल फॉर वोकल को नकारा




- पिछले साल इसी इंस्टीच्यूट ने मेस संचालन के लिए जो टेंडर जारी किया था, उसमें कंपनी का सालाना टर्न ओवर दो हजार करोड़ होने की शर्त थी.
- आईआईएम अहमदाबाद में 5 करोड़, आईआईएम मुंबई में 6 करोड़ और आईआईएम बैंगलुरु में 3 करोड़ के सालाना टर्न ओवर की शर्त है.

## सप्ताहिक मैन्यू में कटौती

आईआईएम, रांची में नई व्यवस्था के तहत फ्रांस की सुडिस्को नामक कंपनी को मेस संचालन की जिम्मेवारी मिली है. इस कंपनी को पहले से 15 करोड़ का ज्यादा भुगतान होगा, मगर यह कंपनी पहले से कम भोजन छात्रों को कराएगी. पहले छात्रों को सप्ताह में पांच दिन निरामिष भोजन भी मिलता था, अब सप्ताह में दो दिन ही मिलेगा. वर्तमान में स्टूडेंट्स को कुछ माह तक निरामिष भोजन नहीं परोसा जाएगा. खाने की गुणवत्ता को जांचने की कोई व्यवस्था कैंपस में उपलब्ध नहीं है.

## ऐसे समझें : कैसे टर्न ओवर की वजह से बाहर हो गईं लोकल कंपनियां

संस्थान ने कैटरिंग आदि से संबंधित जो टेंडर निकाला. उसमे टेक्निकल विड के सालाना ट्रांनजेंक्शन 5 श्रेणियों में करते हुए नंबर तय कर दिया. इसमें 50 से 100 करोड़ वाले को 1 नंबर, 100 से 500 करोड़ वाले को 2 नंबर, 500 से 1000 करोड़ वाले को 3 नंबर, 1000 करोड़ से 2000 करोड़ वाले को 4 नंबर और 2000 करोड़ से ज्यादा टर्न ओवर वाली कंपनी को 5 नंबर प्रदान करने की बात है. सर्व विदित है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में पूरे देश में कोरोना के कुप्रभाव के कारण ज्यादातर व्यावसायिक प्रतिष्नोंठा को व्यवसाय में टर्न ओवर का नुकसान हुआ है. मगर आईआईएम रांची ने जो टेंडर प्रकाशित किया था, तकनीकी बिड में उनके द्वारा मांग किया गया, कि सिर्फ दो



वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में ही जिस भी कंपनी का ट्रांनजेंक्शन 2000 करोड़ एवं उससे ऊपर होगा, उसको सर्वाधिक अंक दिया जाएगा.

### मतलब लोकल फॉर वोकल यहां नहीं चलेगा

देवघर के जय बाबा बासुकी नामक कंपनी ने टेंडर प्रक्रिया की जांच के लिए पीएमओ, हायर एजुकेशन, सीबीआई व सीवीओ में शिकायत की है. इसके साथ ही झारखंड हाईकोर्ट में मुकदमा भी दाखिल किया गया है. जिसमें इंस्टीच्यूट के प्रबंधन पर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया गया है. कहा गया है कि देश के किसी भी शिक्षण संस्थान में मेस चलाने वाली कंपनी का सालाना टर्न ओवर 2000 करोड़ होने की शर्त नहीं है. इस शर्त की वजह से देश की एक भी कंपनी शामिल नहीं हो सकीं. जो शामिल हुईं, वो टेक्निकल बिड में ही बाहर हो गईं.

### मेस के बजट में 15 करोड़ रुपए की वृद्धि

आईआईएम, रांची में प्रतिदिन एक छात्र को प्रति प्लेट की एवज में 124 रुपए का भुगतान किया जाता था. नए टेंडर के तहत प्रति प्लेट दर में बढोत्तरी कर 315 रुपए प्रति प्लेट प्रतिदिन कर दिया गया है. हॉस्टल में रहने वाले तकरीबन 1100 स्टूडेंट रोजाना कैंटीन में तीनों टाइम खाना (ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर) खाते हैं. ऐसे में पुरानी व्यवस्था के तहत कंपनियों को हर माह तकरीबन 35 से 40 लाख, और सालाना तकरीबन पांच करोड़ का भुगतान किया जाता था. अब यह खर्च बढ़ कर सलाना 20 से 22 करोड़ तक पहुंच गया है. इस तरह मेस संचालन का सालाना बजट करीब 15 करोड़ बढ़ गया. इसका बोझ स्टूडेंट्स को ही सहन करना पड़ेगा.

### निदेशक ने नहीं दिया जवाब

इस खबर को प्रकाशित करने से पहले हमने आईआईएम के निदेशक दीपक कुमार श्रीवास्तव से बातचीत करने की कोशिश की. ईमेल और वाट्सएप के जरिए सवाल भेजे. ताकि प्रबंधन का पक्ष भी प्रकाशित किया जा सके. लेकिन निदेशक की तरफ से सवालों के जवाब नहीं मिले. अगर उनका पक्ष आता है, तो हम उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे.

---

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 59,000 |
| चांदी (किलो) | 76,000 |

## ब्रीफ खबरें

### पति से नफरत में बेटे को मां ने मार डाला



**पणजी।** गोवा में मानवता को तार-तार कर देने वाली एक घटना सामने आई है. यहां एक महिला को अपने ही चार साल के बेटे की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. आरोपी महिला बेटे के शव को बैग में रखकर गोवा से कर्नाटक जा रही थी, जब गोवा पुलिस ने कर्नाटक के चित्रदुर्ग से उसे गिरफ्तार किया। आरोपी महिला का नाम सूचना सेठ है जोकि 39 साल की है. वह एक एआई स्टार्टअप की सीईओ हैं.

पूरी खबर पेज 15 पर

### अट्टल बनें फ्रांस के सबसे युवा पीएम

**पेरिस।** धुर दक्षिणपंथियों के बढ़ते दबाव के बीच अपने शेष कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मंगलवार को ग्रेब्रियल अट्टल को फ्रांस के अब तक के सबसे युवा प्रधानमंत्री के तौर पर नामित किया. मैक्रों के कार्यालय ने एक बयान में नियुक्ति की घोषणा की. अट्टल (34) सरकार के प्रवक्ता और शिक्षा मंत्री के रूप में प्रमुखता से उभरे. वह फ्रांस के ऐसे पहले पीएम भी हैं, जिन्होंने खुद के समलैंगिक होने को छिपाया नहीं है.

### अयोध्या में भाजपा 'नौटंकी' कर रही : ममता

**जयनगर।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भाजपा लोकसभा चुनाव से पहले अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के जरिये 'नौटंकी' कर रही है. केंद्र की भाजपा को सरकार को देश की बदहाली से कोई लेना-देना नहीं है.

### नशे में छात्रा को पीटने वाला शिक्षक गया जेल

**झरिया।** पतराकुली में छात्रा की पिटाई मामले में धनसार पुलिस ने शिक्षक जनार्दन प्रसाद के खिलाफ धारा 381,323,354ए,75जेजे बोर्ड एवं 12 पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है. आरोपी शिक्षक का मेडिकल जांच कराया गया. जांच में पाया कि शिक्षक ने घटना के दिन शराब पी रखी थी और नशे के हालत में ही छात्रा की पिटाई की थी. मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है. बता दें कि पतराकुली राजकीय मध्य विधालय में नाखून जांच के दौरान शिक्षक जनार्दन प्रसाद ने छात्रा की पिटाई कर दी थी. शिक्षक का कहना था कि छात्रा ने नाखून बढ़ा रखी थी. इसलिए पीटा था.

---

### केंद्रीय जांच एजेंसियों की कार्रवाई को लेकर हेमंत सरकार का बड़ा फैसला

# पेश होने या दस्तावेज देने से पहले लेनी होगी अनुमति

**कैबिनेट के फैसले**

विशेष संवाददाता। रांची

झारखंड सरकार के पदाधिकारी किसी भी बाहरी जांच एजेंसी के समन पर सीधे हाजिर नहीं होंगे. वे ऐसी एजेंसी को सीधे दस्तावेज या सरकारी अभिलेख भी उपलब्ध नहीं कराएंगे. समन प्राप्त होने पर उन्हें सबसे पहले विभागीय प्रमुख को सूचित करना होगा. विभागीय प्रमुख का दायित्व होगा कि वे बगैर देरी किए मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग को सूचित करेंगे. मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग इसपर विधिक परामर्श लेगा. मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट भवन सचिवालय में राज्य कैबिनेट की बैठक में इस आशय का निर्णय किया गया. निर्णय में किसी खास एजेंसी के नाम का उल्लेख नहीं है.

मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग के प्रस्ताव में कहा गया है कि विगत कुछ समय से राज्य सरकार के संज्ञान में कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जिसमें राज्य के बाहर की जांच एजेंसियों द्वारा सरकार के सक्षम प्राधिकार को बताए बगैर पदाधिकारियों को सीधे नोटिस या समन भेज कर उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है. कई मामलों में सरकारी दस्तावेज व अभिलेख की मांग भी जांच एजेंसी द्वारा की जाती है. जांच एजेंसियों की नोटिस के बाद पदाधिकारी अपने विभागीय प्रधान या वरीय अधिकारी को संज्ञान में लाए बिना ही सरकारी दस्तावेज और अभिलेख एजेंसियों को सौंप देते हैं, जो प्रचलित नियमों के अनुकूल नहीं हैं. इससे संबंधित कार्यालय में भ्रम की स्थिति पैदा होने के साथ-साथ सरकारी कार्य में बाधा आती है. प्रस्ताव में यह भी उल्लेख है कि भ्रष्टाचार संबंधी मामलों में त्वरित कार्रवाई के लिए राज्य में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) राज्य सरकार की जांच इकाई के रूप में कार्यरत है.

नए वर्ष में झारखंड कैबिनेट की पहली बैठक में कुल 34 प्रस्ताव पर मुहर लगे. इसमें पथ निर्माण की प्रमुख योजनाओं को स्वीकृति मिली. राज्य सरकार के पदाधिकारियों को राज्य के बाहर की जांच एजेंसियों से प्राप्त समन या नोटिस के अनुपालन हेतु, आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत करने की स्वीकृति दी गई. अब अफसर समन आने की जानकारी मंत्रिमंडल निगरानी को उपलबध कराएंगे.

### कैबिनेट की बैठक में 34 प्रस्तावों पर लगी मुहर

- रांची के कोर कैपिटल एरिया में बनेगा ताज होटल
- साइबर अपराध रोकने के लिए 8 जिलों में होंगे साइबर थाने
- नामकुम-डोरंडा सड़क होगी चौड़ी

### हलचलों पर नजर बनाए रखिए: सीएम



सीएम हेमंत सोरेन ने कैबिनेट की बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए नये साल की शुभकामनाएं दीं. राज्य के राजनीतिक हालात के सवाल पर उन्होंने कहा कि आपलोग पूरी मुस्तैदी के साथ सभी हलचलों पर नजर बनाए रखिए. खबर मिलती रहेगी और खबर चलाते रहिए.

### नामकुम से डोरंडा पथ के चौड़ीकरण पर खर्च होंगे 126 करोड़

रांची के नामकुम से डोरंडा पथ के चौड़ीकरण, मजबूतीकरण और भू-अर्जन से संबंधित प्रस्ताव को स्वीकृति मिली. 126 करोड़ की लागत से कुल 6.70 किमी सड़का का निर्माण होगा. इसके आलावा धनबाद नगर निगम अन्तर्गत 30 करोड़ की लागत से रेल अंडर ब्रिज बनेगा. पाकुड़ के विक्रमपुर से महारो (ओडीआर पर) भाया कालिदासपुर, सिउलीडंगा पथ जिसकी कुल लम्बाई 9.530 किमी है. अब इस सड़क के चौड़ीकरण, मजबूतीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य पर कुल 61.41 खर्च के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई. गुमला में खूंटी-तोरपा-कोलेबिरा पथ के किमी 56 से 82.055 किमी (कुल लम्बाई-26.055 किमी) की क्वालिटी में सुधार कार्य होगा. जिसपर कुल 30.61 करोड़ खर्च होंगे. वहीं पाकुड़ के शहरकोल से प्यादापुर पथ (पाकुड़ बाईपास) जिसकी कुल लम्बाई-6.340 किमी है. इस सड़क के निर्माण पर 36.85 करोड़ खर्च के प्रस्ताव को प्रशासनिक स्वीकृति दी गई.

---

## शमी को मिला अर्जुन पुरस्कार

**नयी दिल्ली।** भारत के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मंगलवार को भव्य समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों से सम्मानित किया गया, जहां क्रिकेटर मोहम्मद शमी राष्ट्रपति भवन में तालियों की गड़गड़ाहट के बीच पहुंचे. टखने की चोट से उबर रहे शमी सम्मान हासिल करने के लिए समारोह में मौजूद थे. उन्होंने पिछले साल एकदिवसीय विश्व कप में सात मैच में 24 विकेट चटकाए थे और भारत को फाइनल में जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी. वहीं बैडमिंटन खिलाड़ियों चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी को 2023 में शानदार प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया था.

-पेज 15 भी देखें



### संगीत सम्राट उस्ताद ने 55 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

# राशिद खान का निधन

शुभम संदेश नेटवर्क



दिग्गज संगीत सम्राट उस्ताद राशिद खान का मंगलवार को निधन हो गया. उन्होंने 55 साल की उम्र में अंतिम सांस ली. उस्ताद राशिद खान प्रोस्टेट कैंसर से जूझ रहे थे, जिसके लिए कोलकाता के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था. वह वेंटिलेटर और ऑक्सीजन सपोर्ट पर थे. डॉक्टर्स की तमाम कोशिशों के बावजूद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका. जिस अस्पताल में उस्ताद राशिद खान का इलाज चल रहा था वहां के एक अधिकारी ने कहा, 'हमने बहुत कोशिश की, लेकिन असफल रहे. दोपहर करीब 3:45 बजे उनका निधन हो गया.' उस्ताद राशिद खान के निधन पर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने शोक प्रकट किया है. उन्होंने कहा, यह पूरे देश और पूरे संगीत जगत के लिए बहुत बड़ी क्षति है.

### उस्ताद ने इन फिल्मों के गानों को दी आवाज

उस्ताद राशिद खान ने शाहिद कपूर और करीना कपूर की फिल्म 'जब वी मेट' के लिए 'आओगे जब तुम' बंदिश को अपनी आवाज से सजाया था, जो काफी पॉपुलर हुई थी. इसके अलावा 'माय नेम इज खान', 'राज 3', 'मंटो' और 'शादी में जरूर आना' जैसी फिल्मों में अपनी आजाज का जादू बिखेरा था

**11 साल की उम्र में पहली बार दी मंचीय प्रस्तुति :** उत्तर प्रदेश के बदायूं में जन्मे राशिद खान उस्ताद गुलाम मुस्तफा खान के भतीजे थे. अपना शुरुआती ट्रेनिंग नाना उस्ताद निसार हुसैन खान (1909-1993) से लिया था. राशिद खान उस्ताद रामपुर-सहसवान घराने के गायक थे. 11 सास की उम्र में उन्होंने पहली मंचीय प्रस्तुति दी थी.

---

**सावधान** राजनीतिक दलों के लिए चुनाव आयोग ने जारी किये नये दिशा-निर्देश

# पागल, सिरफिरा, अंधा, बहरा, लंगड़ा, लूला बोला तो सजा

शुभम संदेश नेटवर्क

दिव्यांगजनों को अपमानित करने वाले पागल, सिरफिरा, गूंगा, अंधा, काना, बहरा, लंगड़ा, लूला जैसे शब्द बोलना राजनीतिक दलों को मुश्किल में डाल सकता है. भारतीय निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों को चेताया है कि अपने संवाद में दिव्यांगजनों के सम्मान का विशेष ख्याल रखा जाए. साथ ही, याद दिलाया कि दिव्यांगजनों का अपमान किए जाने पर दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 में सजा का प्रावधान है.

इसके अंतर्गत 6 माह से 5 साल तक सजा और जुर्माने का दंड हो सकता है. निर्वाचन आयोग ने दिव्यांगजनों के सम्मान पर सख्ती दिखाने का इरादा जाहिर करते हुए राजनीतिक दलों के लिए एडवाइजरी जारी की है. आयोग ने राजनीतिक दलों व उनके उम्मीदवारों से दिव्यांगजन अधिकार कानून के प्रावधानों का पालन करने को कहा है.





### चुनाव आयोग की हिदायत

आयोग ने हिदायत दी है कि राजनीतिक दल या उनके उम्मीदवार भाषण/प्रचार-अभियान में गूंगा, पागल, सिरफिरा, अंधा, काना, बहरा, लंगड़ा, लूला, अपाहिज जैसे शब्दों के उपयोग से बचें और दिव्यांगजनों के प्रति आदर और सम्मान का भाव दिखाएं.

### ये हैं निर्देश

- बयान/भाषण, लिखित सामग्री या अभियान में मानवीय अक्षमता के संदर्भ में दिव्यांगों के लिए अपमान जनक शब्दों का प्रयोग न करें.
- ऐसी टिप्पणियों से बचें जो नि:शक्तता/दिव्यांगजनों के प्रति पूर्वाग्रहों को दर्शाती हों.
- ऐसी भाषा, शब्दावली, संदर्भ, उपहास, संदर्भ का उपयोग नहीं हो, जिनके लिए दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम में सजा का प्रावधान है.
- दिव्यांगजनों के प्रति भाषा में सुधार के लिए राजनीतिक दल स्वयं भी भाषण, सोशल मीडिया पोस्ट, विज्ञापनों व प्रेस विज्ञप्तियों सहित सभी प्रचार-अभियान सामग्रियों की समीक्षा करें.
- राजनीतिक दल अपनी वेबसाइट पर घोषित करें कि वे नि:शक्तता एवं जेंडर संबंधी संवेदनशील भाषा और शिष्ट भाषा का उपयोग करेंगे.
- राजनीतिक दल वेबसाइट और सोशल मीडिया विषय-वस्तु को ऐसे फॉर्मेट में तैयार कराएं कि उसका दिव्यांगजन भी लाभ ले सकें.
- दल भाषा से संबंधित दिव्यांगों की शिकायतों को सुनने के लिए नोडल प्राधिकारी नियुक्त करें.



# जमीन घोटाले में लालू परिवार की मुश्किलें बढ़ीं

एजेंसी। नयी दिल्ली

**खास बातें**

- राबड़ी देवी समेत बेटियों मीसा समेत कई लोगों पर ईडी ने दायर किया आरोपपत्र

ईडी ने रेलवे में 'नौकरी के बदले जमीन' से संबंधित मामले में मंगलवार को पहला आरोपपत्र दाखिल किया. जिसमें बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी और उनकी सांसद बेटी मीसा भारती के नाम शामिल हैं. इसमें राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद की एक और बेटी हेमा यादव, परिवार के एक करीबी अमित कात्याल, पूर्व रेलवे कर्मचारी हृदयानंद चौधरी, दो कंपनियों एके इंफोसिस्टम्स प्रा.लि. और एबी एक्सपोर्ट्स प्रा. लि. और दोनों के निदेशक भी शामिल हैं.

जानकारी के अनुसार, दिल्ली में पीएमएलए कोर्ट के समक्ष 7 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया गया. कोर्ट ने मामले को 16 जनवरी को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है. ईडी ने कात्याल को पिछले साल नवंबर में गिरफ्तार किया था, जबकि लालू और उनके बेटे तेजस्वी यादव को समन जारी किया था, लेकिन वे अभी तक पूछताछ में शामिल नहीं हुए. ईडी इस मामले में राबड़ी देवी और उनकी तीन बेटियां- मीसा भारती, चंदा व रागिनी, से पूछताछ कर चुकी है. कथित घोटाला तबका है जब लालू प्रसाद यूपीए-1 सरकार में रेल मंत्री थे. आरोप है कि राबड़ी और हेमा ने नियुक्त लोगों से अवैध रूप से' हासिल 4 भूखंड को मेरिडियन कंस्ट्रक्शन इंडिया लिमिटेड' को बेच दिया था.

## ब्रीफ खबरें

### विधायक ढुल्लू ने 70 लाभुकों को दिया गैस

**कतरास ।** जमुआटांड़ पंचायत के योगेश्वर मोड़ दुर्गा मंदिर प्रांगण मे मंगलवार को भाजपा की ओर से एक समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के साथ जिप सदस्य इस्राफिल लाला और मुखिया निरंजन गोप उपस्थित थे. इस दौरान विधायक ने उज्ज्वला योजना के तहत 70 लाभुकों के बीच गैस कनेक्शन व गैस सिलेंडर का वितरण किया गया. साथ ही दर्जनों जरूरतमंदों को कंबल दिया गया. मौके पर पंससप्रतिनिधि गौतम महतो भी थे.

### दिव्यांग 18 दिनों से लापता पिता ने दिया है आवेदन

**सिंदरी ।** सिंदरी के रोहड़ाबांध एफसीआई आवास संख्या के डी 89 निवासी राजेश राम का 22 वर्षीय पुत्र करण बीते 18 दिनों से लापता है. इसकी लिखित सूचना राजेश ने मंगलवार को सिंदरी पुलिस को दी. उन्होंने लिखित जानकारी देते हुए बताया है कि करण तीसरी बार घर से लापता हुआ है. इससे पहले भी दो बार घर से कहीं चला गया था. परंतु घर वापस लौट आया था. बताया कि अपने पुत्र के 22 दिसंबर को गायब होने के बाद संभावित सभी जगहों पर खोजबीन किया था.

### आरटीआई कार्यकर्ता ने एसएसपी को लिखा पत्र

**कतरास ।** पुलिस जन सहयोग समिति में आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति को सदस्य नहीं बनाने के संबंध में आरटीआई कार्यकर्ता महेश कुमार ने वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद को पत्र लिखा है. महेश कुमार ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि आम जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए धनबाद जिला के अन्तर्गत समस्त थानों/ओपी में पुलिस जन सहयोग समिति का गठन होने वाला है. आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना है कि पुलिस जन सहयोग समिति में आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति नहीं हों.

### भारत संकल्प यात्रा को लेकर भाजपा की बैठक

**मैथन ।** चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र के टाउन हॉल में विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक मंगलवार को भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में हुई. सिंह ने बताया कि भारत सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर मोदी जी की गारंटी वाली गाड़ी बुधवार को टाउन हॉल पहुंच रही है. जहां आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद पीएन सिंह के अलावा कई लोग मौजूद थे.

### दो दिवसीय आंचलिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**पंचेत ।** कोलियरी फुटबॉल मैदान में बीसीसीएल द्वारा दो दिवसीय आंचलिक खेलकूद प्रतियोगिता 2023 - 24 मंगलवार से प्रारंभ हो गया. मौके पर एरिया महाप्रबंधक सुधाकर प्रसाद ने सभी खिलाड़ियों से मुलाकात करते हुए शुभकामनाएं दी. उन्होंने कहा इस खेल प्रतियोगिता का आयोजन कोल इंडिया द्वारा किया जा राहा है. आज खिलाड़ियों का उत्साह एवं समागम देखने योग्य है. प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिलाओं के लिए दौड़, लंबी कूद आदि कई प्रतियोगिता किए गए.

### धनबाद में ईडी ने दो स्थानों में छापा मारा

**धनबाद ।** धनबाद के दो स्थानों में मंगलवार की शाम से इडी की छापेमारी जारी है. शाम से इडी की टीम ने बैंकमोड़ और जोरापोखर में दबिश दे रखी है. टीम ने स्थानीय गुरदीप सिंह उर्फ गुल्लू सरदार के जोरापोखर स्थित आवास में छापेमारी की है. एक टीम बैंक मोड़ में मौजूद है, जो गुल्लू सरदार के कार्यालय को खंगाल रही है. गुल्लू सरदार के बारे में बताया जा रहा है, वह बालू कारोबारी है और उसका ट्रांसपोर्टर का भी कारोबार है और बीसीसीएल में भी उनका परिवहन कार्य चलता है.

### 15 से नए समाहरणालय में शुरू होगा अब काम

**धनबाद ।** मकरसंक्रांति के बाद नए समाहरणालय भवन में सभी विभागों की सिफ्टिंग हो जायेगी. 15 जनवरी से डीसी, डीडीसी सहित सभी 74 विभागों के पदाधिकारी नए भवन से कार्य करने लगेंगे. इस संबंध में डीसी वरुण रंजन ने बताया कि सभी विभाग को रूम एलॉट हो चुका है. सिफ्टिंग का कार्य तेजी से किया जा रहा है. इस सप्ताह यह काम पूरा हो जायेगा. अगले सप्ताह से सभी कार्य नए भवन से सुचारू होने लगेगा.

---

जिला महिला कांग्रेस कमेटी के मैत्री महासम्मेलन में पार्टी को सशक्त और धारदार बनाने पर दिया गया जोर

# संगठन को मजबूत करने के लिए महिला कांग्रेस दृढ़ संकल्पित : सीता राणा

**संवाददाता । धनबाद**

जिला महिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में जिला महिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सीता राणा की अध्यक्षता में एमपीआई हॉल में मैत्री महासम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुंजन सिंह, धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक, प्रदेश कमेटी के विशेष आमंत्रित सदस्य अशोक कुमार सिंह, जिला महिला कांग्रेस के प्रभारी प्रिया ओझा, वासुदेव गुप्ता सहित कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित थे. कार्यक्रम की शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया एवं उपस्थित महिला कांग्रेस के पदाधिकारी ने प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह को माला पहनकर जोरदार स्वागत किया.

झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा कि देशहित व जनकल्याणकारी कार्यों में कांग्रेस पार्टी का महत्वपूर्ण व



उल्लेखनीय योगदान रहा है. आगे गुंजन सिंह ने कहा की आज मोदी सरकार के कार्यकाल में देश की स्थिति दयनीय होने के साथ-साथ आर्थिक व्यवस्था चरमरा गई है. जिला महिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सीता राणा ने कहा कि संगठन को मजबूत सशक्त और धारदार बनाने के लिए महिला कांग्रेस दृढ़ संकल्पित है.

**लिया संकल्प**

- देश की आर्थिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है
- चुनाव में महिला कांग्रेस अग्रणी भूमिका निभाएगी

आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में महिला कांग्रेस अग्रणी भूमिका निभाने का काम करेगी. जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विशेष आमंत्रित सदस्य अशोक कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देशहित में अनगिनत उल्लेखनीय कार्य किए हैं. कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों को शाल ओढाकर एवं गुलदस्ता देकर धनबाद जिला महिला कांग्रेस पार्टी की ओर से सम्मानित किया गया. मौके पर धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक, प्रदेश कमेटी के विशेष आमंत्रित सदस्य अशोक कुमार सिंह, पिंकी सिंह, धनबाद जिला कांग्रेस महिला प्रभारी प्रिया ओझा, वासुदेव गुप्ता बोकारो महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष अजंता झा, पप्पू कुमार तिवारी समेत कांग्रेसजन उपस्थित थे.

---

बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो पर जेएमएम के हरेंद्र चौहान ने बोला हमला, कहा

# ढुल्लू ने लूट का साम्राज्य खड़ा किया



**बोले चौहान**

- विधायक पर रंगदारी समेत कई तरह के केस दर्ज हैं
- रघुवर सरकार में अरबों की संपत्ति अर्जित की
- बेचैनी में ढुल्लू उलजुलूल बयानबाजी कर रहे हैं

**संवाददाता । लोयाबाद**

जेएमएम के बाघमारा प्रखंड वरीय उपाध्यक्ष हरेंद्र चौहान ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बाघमारा विधायक ढुलू महतो को महाचोर बताया. उन्होंने कहा कि विधायक ढुलू ने बाघमारा विधानसभा मे लूट का साम्राज्य खड़ा कर रखा है. वे अभी साधु बनने का दिखावा कर रहे हैं. जेएमएम और कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ गलत बयानबाजी कर रहे हैं. जबकि उन पर रंगदारी और गोलीबारी समेत कई तरह के केस दर्ज हैं. रघुवर सरकार के कार्यकाल में उन्होंने अरबों की संपत्ति अर्जित की.

केंद्र सरकार उनकी संपत्ति की जांच इडी और सीबीआई से कराए. आज झामुमो की हेमंत सरकार गरीबों, शोषित, वंचित, आदिवासियों के हित मे काम कर रही है. इस सरकार में धनबाद का सबसे बड़ा कोयला चोर कोयला की चोरी नहीं कर पा रहा है. इसी बेचैनी में वह उल जुलूल बयानबाजी कर रहे हैं. ढुलू महतो झामुमो और कांग्रेस के जिन नेताओं के बारे में गलत बयानबाजी कर रहे हैं, उन नेताओं पर कितने मुकदमे दर्ज हैं, यह बताएं. वे अपने गिरेबान में झांक कर देखें. उन पर करीब चार दर्जन केस दर्ज हैं. इनसे बड़ा अपराधी झारखंड में नहीं है. पूरे बाघमारा में 54000 चौहान हैं और आगामी चुनाव के लिए सभी एकजुट है. विधायक ने अबतक जिस प्रकार चौहान समाज के साथ दगाबाजी किया है, उसका बदला आने वाले चुनाव में लिया जाएगा.

### विधायक ढुल्लू अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने में लगे हैं : अशोक प्रकाश लाल



**कतरास ।** गला फाड़-फाड़ कर व झूठ बोलकर अपनी नाकामियों में पर्दा डालने का प्रयास बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो कर रहे हैं. लेकिन कतरास बाघमारा की जनता उनकी एक-एक चाल चरित्र से वाकिफ है. उक्त बातें धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अशोक प्रकाश लाल ने मंगलवार को अपने आवासीय कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित कर कही. विधायक को आड़े हाथों लेते हुए लाल ने कहा कि डीसी ट्रेन का पुनः परिचालन का श्रेय लेने की होड़ में विधायक रेल दो जेल दो के आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि तक देना भी उचित नहीं समझा. इससे उनकी मानसिकता समझी जा सकती है. ढुल्लू महतो अपने काले साम्राज्य की जमीन खिसकते देख घबराए हुए हैं और आनन फानन में श्रेय लेने की होड़ में इधर उधर भटक रहे हैं. जबकि पूरे कतरास एवं बाघमारा की जनता जानती है कि जब 23 महीनों तक कतरास चंद्रपुर रेल लाइन को बंद किया गया था तो उस दौरान विधायक जी काली कमाई करने में मस्त थे. बंदी के दौरान विधायक अगर एक भी आंदोलन रेल लाइन के लिए किया हो या किसी भी एक आंदोलनकारी का साथ तक दिया हो तो बताएं. जबकि विधायक जी तो खुद चाहते थे कि यह रेल लाइन सदा के लिए बंद हो जाए और उसकी आड़ में दो नंबर का कोयले का काला कारोबार जारी रहे. कहा कि 23 महीना के आंदोलन के दौरान मुख्य रूप से स्वर्गीय ओपी लाल, स्वर्गीय समरेश सिंह, स्वर्गीय कैलाश केजरीवाल, स्वर्गीय बक्शी दा, स्वर्गीय राजीव श्रीवास्तव समाजसेवी विजय झा, अनादी मुखर्जी, राजेंद्र प्रसाद राजा, परवेज आलम, विनोद गोस्वामी, नितेश ठक्कर, राजेश रविदास, मुकेश ऋषि आदि जैसे सैकड़ों आंदोलनकारी एवं कतरास बाघमारा के हजारों हजार नागरिकों, ग्रामीण, व्यवसाययों, छात्र-छात्राओं का अहम योगदान रहा था. तब जाकर रेलवे प्रबंधन को मजबूरी में जनता की मांग के आगे झुकते हुए इस मार्ग से ट्रेनों का पुनः परिचालन करने को विवश होना पड़ा. जबकि विधायक जी चले हैं अपनी पीठ को खुद थपथपाने.

### विधायक ढुल्लू ने पूर्व एसएसपी व झामुमो नेता अमितेश पर लगाया गंभीर आरोप



**कतरास ।** धनबाद चंद्रपुरा डीसी लाइन को लेकर डीजीएमएस निदेशक प्रभात कुमार गलत बयानबाजी कर लोगों में भय का माहौल बनाने का प्रयास ना करें. अगर डीसी ट्रेन बंद हुआ तो धनबाद चंद्रपुरा रेल लाइन में चलने वाली सभी ट्रेनों व बीसीसीएल का चक्का जाम कर दिया जाएगा. उक्त बातें मंगलवार को बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने कतरास में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही. उन्होंने कहा कि अगर लाइन में किसी तरह का आग का खतरा है तो इसकी जवाबदेही प्रभात कुमार व बीसीसीएल की है. प्रभात कुमार को आखिर सरकार किस काम के लिए रखी है. अगर जमीन मे आग लगी है तो प्रभात कुमार व बीसीसीएल अविलंब आग पर काबू पाने की दिशा में पहल करें. विधायक ने कहा कि दो चार दिन पहले उन्होंने धनबाद डीआरएम से मुलाकात की थी. डीआरएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि रेल लाइन में कोई खतरा नहीं है. लेकिन डीजीएमएस निदेशक प्रभात कुमार गलत मानसिकता के लोगों से प्रभावित होकर मीडिया में ऊल-जुलूल बयान देकर भ्रम फैला रहे हैं.

वहीं विधायक ढुल्लू महतो ने कहा कि गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और उनके अथक प्रयास से बंद डीसी ट्रेन का पुनः परिचालन बुधवार से होने जा रही है. जिसको लेकर कतरासगढ़ रेलवे स्टेशन परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर डीसी ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा. इधर पत्रकार वार्ता के दौरान ढुल्लू महतो ने धनबाद के पूर्व एसएसपी संजीव कुमार व झामुमो नेता अमितेश सहाय पर कई गंभीर आरोप लगाये. ढुल्लू ने धनबाद के पूर्व एसएसपी संजीव कुमार को क्रिमिनल बताया. वहीं झामुमो नेता अमितेश सहाय पर पुलिस का ब्रोकर होने का आरोप लगाते हुए कहा कि जिले में हुए आपराधिक घटना को अंजाम देने वाले सभी अपराधियों से सहाय का साठ-गांठ है. अमितेश के मोबाइल की जांच पड़ताल की जाएगी तो मामला उजागर हो जाएगा. मौके पर मंडल अध्यक्ष भरत शर्मा, महामंत्री सूर्य देव मिश्रा, मंत्री रामकुमार साहू उर्फ छोटू, उपाध्यक्ष श्याम किशोर कल्लू , बबलू बनर्जी, बबलू मिश्रा, महेश पासवान, मुकेश झा सहित अन्य मौजूद थे.

---

## मनोरम झांकियों के साथ पूजित भव्य अक्षत कलश यात्रा निकली

**संवाददाता । गोविंदपुर**

**भक्त तैयार**

- कलश यात्रा में काफी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया
- लोगों ने राम लला हम आएंगे के नारे भी लगाए

गोविंदपुर में मंगलवार को मनोरम झांकियां के साथ श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से आए पूजित भव्य अक्षत कलश यात्रा निकल गई. जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाओं, पुरुषों एवं युवाओं ने भाग लिया. गाजे-बाजे, झंडा, बैनर आदि के साथ 'जय श्री राम, राम लला हम आएंगे, जय बजरंगबली आदि जयघोष करते हुए राम भक्त चल रहे थे.

साथ में राम-सीता, लक्ष्मण बजरंगबली आदि की मनोरम झांकियां भी चल रही थी. विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में निकली शोभा यात्रा वाणी मंदिर से प्रारंभ होकर बीच बाजार, ठाकुरबाड़ी तक गई. जहां से टुंडी रोड, गांव भीतर होते हुए वनकाली मंदिर चली गई. वहां 600 से भी अधिक राम भक्तों को प्रसाद के रूप में खिचड़ी खिलाई गई. वनकाली मंदिर से विलेज रोड होते हुए शोभा यात्रा पुनः वाणी मंदिर वापस आ गई. इस दौरान राम भक्तों ने घर-घर जाकर निमंत्रण के रूप में अयोध्या से आए पूजित अक्षत के साथ ही श्रीराम जन्मभूमि पर निर्मित श्री राम मंदिर का फोटो तथा पंपलेट दिया. लोगों से 22 जनवरी की शाम अपने-अपने घरों के आगे दीप जलाने का भी आग्रह किया. शोभा यात्रा का नेतृत्व विहिप के अनिल कुमार, मिथिलेश पंडित, दीपक मंडल आदि कर रहे थे.

### भगवती कॉम्प्लेक्स की जांच का दिया आदेश

**धनबाद ।** धनबाद के बैंक मोड़ स्थित एसी मार्केट व भगवती कॉम्प्लेक्स बिल्डिंग की जांच के आदेश दिए गए हैं. नगर आयुक्त रवि राज शर्मा के आदेश पर मंगलवार को सहायक नगर आयुक्त संतोषिणी मुर्मू नगर निगम की एनफोर्समेंट टीम के साथ दोनों मार्केट कॉम्प्लेक्स की बिल्डिंग की जांच करने पहुंची. यह जांच स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद कि गई. सहायक नगर आयुक्त ने बताया कि जांच के क्रम में पाया गया कि एसी मार्केट के शौचालय का पानी सड़क पर बहाया जा रहा है. इसके लिए मार्केट पर 25 हजार का जुर्माना लगाया गया है. इसके साथ ही पाया कि मार्केट की हालत काफी जर्जर हो गई है. पहले भी इस मार्केट को नोटिस दिया गया था, जिसके बाद मामूली मरम्मत करा कर मार्केट को जर्जर हाल में ही छोड़ दिया गया. मार्केट में बड़े पैमाने पर मरम्मत की आवश्यकता है.

## दो बंद घरों से लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**संवाददाता । धनबाद**

सरायढेला थाना क्षेत्र के न्यू जगजीवन नगर और इंद्रपुरी कॉलोनी सुगियाडीह में दो बंद आवास को चोरों ने निशाना बनाया और लाखों की संपति पर हाथ साफ कर दिया. इसमें एक घटना इंद्रपुरी कॉलोनी डॉ सत्येंद्र कुमार के यहां हुई, जो शाहिद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सहायक प्राध्यापक हैं. डॉक्टर सत्येंद्र कुमार अपने बेटे के यहां चंडीगढ़ गए हुए थे. पिछले 12 दिनों से मकान बंद पड़ा था. चोरों ने पूरी घर के एक-एक समान को खंगाल दिया. सुबह जब कामवाली आई तो देखा कि दरवाजे का ताला टूटा हुआ है और अंदर से सभी सामान रूम में बिखरा पड़ा है. फोन से इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस और डॉक्टर सत्येंद्र कुमार को दी. जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंचकर



छानबीन में जुट गई है. वहीं दूसरी घटना भी सरायढेला थाना क्षेत्र में ही हुई. यहां के न्यू जगजीवन नगर में चोरों ने बंद आवास को निशाना बनाया. चोर लगभग डेढ़ लाख रूपये का नकद समेत गहना चोरी कर ले भागे. भुक्त भोगी अरुण कुमार ने बताया की मैं पिछले कई सालों से रांची में रह रहा हूं. जहां एचईसी से रिटायर्ड 2022 में किया था. जबकि धनबाद में न्यू जगजीवन नगर में भी मेरा घर है. जहां पिछले 6 माह से बंद पड़ा था. बताया कि रविवार को पड़ोसी ने फोन से मुझे सूचित किया कि आपके घर का दरवाजा का ताला खुला हुआ है. इसके बाद मैं अपने छोटे भाई को सूचना दिया.

---

## सिटी अपडेट

### गया पुल अंडर पास के लिए 30 करोड़ स्वीकृत

**धनबाद ।** बहुप्रतीक्षित गया पुल अंडरपास के लिए मंगलवार को झारखंड कैबिनेट से 30 करोड़ 50 लाख रुपये की स्वीकृति मिल गई है. गया पुल अंडरपास के निर्माण से जाम की समस्या का बहुत हद तक निदान हो जाएगा. कई महीने से इस कार्य को कैबिनेट की मंजूरी के इंतजार था. नया अंडरपास वर्तमान अंडरपास से 14.9 मीटर दूर बनेगा. नया अंडरपास 66 मीटर लंबा व नौ मीटर चौड़ा होगा. इसमें वन वे इंट्री होगी. एक अंडरपास से गाड़ी जायेगी तो दूसरे से गाड़ी आयेगी. केबिनेट से राशि आवंटन के बाद इसके निविदा का रास्ता साफ हो गया है.

### दुकानदारों को सीसीटीवी लगाने का मिला निर्देश

**मैथन ।** चिरकुंडा बाजार के दुकानों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिरकुंडा थाना परिसर में मंगलवार को ज्वेलरी व मोबाइल दुकानदारों के साथ बैठक की गई. बैठक में थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने दुकानदारों से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सुझाव मांगे और आवश्यक दिशा निर्देश दिए. थाना प्रभारी ने सभी दुकानदारों को सीसीटीवी लगाने का निर्देश देते हुए कहा कि दुकानों में कार्यरत कर्मियों की पहचान एवं उसका चरित्र का सत्यापन अनिवार्य रूप से करा लें. किसी भी प्रकार की आशंका होने पर तत्काल पुलिस को सूचना को दें.

### स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा लगेगी: लक्की सिंह

**सिंदरी ।** भाजपा युवा नेता गौरव वक्ष उर्फ लक्की सिंह ने आगामी 12 जनवरी को युवाओं के हृदय सम्राट स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती पर सिंदरी कॉलेज में उनकी आदमकद प्रतिमा को स्थापित कर अनावरण करने का बीड़ा उठाया है. उन्होंने इसकी जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बतायी. उन्होंने बताया कि स्वयं के खर्च से स्वामी जी की प्रतिमा स्थापित किया जाएगा. इस कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे. उन्होंने कहा कि सिंदरी का इतिहास विश्व पटल पर सुंदरी के नाम से विख्यात है.

### टीडीएस कटौती विकास के लिए जरूरी : राजीव

**धनबाद ।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) के सीनेट हाल में टीडीएस वार्ड धनबाद की टीम के द्वारा टैक्स डिडक्टेड एट सोर्सेस (टीडीएस) व टैक्स कलेक्टेड सोर्सेस (टीसीएस) अवेयरनेस प्रोग्राम सह सेमिनार का आयोजन किया गया. सेमिनार के मुख्य वक्ता इनकम टैक्स ऑफिसर राजीव रंजन झा ने सभी प्राध्यापकों व शिक्षकेतर कर्मचारियों को टीडीएस से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी. उन्होंने बताया कि टीडीएस कटौती राष्ट्र के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है.

### 10 से 16 जनवरी तक शिव कथा का आयोजन

**धनबाद ।** धनबाद के कोयला नगर स्थित नेहरू कांप्लेक्स में 10 जनवरी से 16 जनवरी तक सात दिवसीय शिव कथा का आयोजन किया जाएगा. उक्त जानकारी मंगलवार को नेहरू कांप्लेक्स में प्रेस वार्ता के दौरान संस्थान के संस्थापक व संचालक आशुतोष महाराज के शिष्य कथा व्यास डॉ. सर्वेश्वर ने दी. उन्होंने कहा कि भगवान बैद्यनाथ की पावन धरती पर शिव कथा का श्रवण परम सौभाग्य की बात है. भगवान शिव सृष्टि के कन-कन में बसे हैं उनकी वैश्विक उपस्थित भारत के कोने-कोने में पाए जाने वाले ज्योतिर्लिंगों से स्पष्ट होती है.

### आईटीआई कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 10 छात्रों का चयन

**धनबाद ।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) धनबाद में नेटर टेक्निकल ट्रेनिंग फाउंडेशन (एनटीटीएफ़) पिण्ण्या इंडस्ट्रियल एरिया संगलॉज के द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया. ड्राइव में 60 अभ्यर्थी उपस्थित हुए. जिनमें से 10 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया. आईटीआई के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर राकेश कुमार ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को जल्द ही कंपनी के द्वारा योगदान देने के लिए बुलाया जाएगा. चयनित अभ्यर्थियों को 10,959 से 14,500 रुपया तक दिए स्टाइपेंड दिए जाएंगे.

### जिले में पेट्रोल सब्सिडी लेने वालों ने फेरा मुंह

**धनबाद ।** आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए जिले में चल रही पेट्रोल सब्सिडी योजना अब फेल साबित होने लगी है. लाभुकों का आंकड़ा तीन सौ से भी कम रह गया है. लाभुकों में अभी भी यह भ्रांतियां हैं कि पेट्रोल का पैसा लेने पर राशन कार्ड निरस्त हो जायेगा. कई ऐसे लाभुक भी हैं जो हर माह पेट्रोल के पैसे के लिए ऑनलाइन आवेदन देने और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के झंझट में पड़ना ही नहीं चाहते है. वहीं जिला आपूर्ति विभाग के अधिकारी भी इसे जनता तक पहुंचाने में रुचि नहीं ले रहे हैं.

### निरसा नयाडांगा काली मंदिर में ट्रस्ट की बैठक

**निरसा ।** श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा उत्सव 22 जनवरी 2024 को लेकर निरसा नयाडांगा काली मंदिर प्रांगण में ट्रस्ट के अध्यक्ष मखू सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को एक बैठक संपन्न हुई. बैठक का संचालन मनजीत सिंह ने किया. बैठक को संबोधित करते हुए मनजीत सिंह ने कहा कि 500 वर्षों के संघर्ष, साधु-संतों की तपस्या, हजारों लोगों के बलिदान, करोडो सनातनियों के आस्था के प्रतीक भगवान राम अपने जन्मभूमि पर नवनिर्मित भव्य मंदिर में सभी के सौहार्दपूर्ण माहौल में विराजमान होने जा रहे हैं.

---

**राहत** बीबीएमकेयू में सेम-2 में 38 प्रतिशत छात्र हो गए थे फेल

# सात विषयों में पास छात्र अब होंगे प्रमोट

**संवाददाता । धनबाद**

बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) प्रशासन ने सेमेस्टर-2 के फेल छात्रों को राहत देते हुए सेमेस्टर-3 में प्रोमोशन के नियमों में बदलाव किया है. अब सेम-1 और सेम-2 के कुल 12 विषयों में से सात विषयों में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को सेमेस्टर-3 में प्रोमोट कर दिया जाएगा.

यह निर्णय 8 जनवरी को कुलपति प्रो डॉ पवन कुमार पोद्दार की अध्यक्षता में हुई आकस्मिक बैठक में लिया गया. बैठक के बाद जानकारी देते हुए परीक्षा नियंत्रण डॉ सुमन कुमार वर्णवाल ने बताया कि यूजी सेमेस्टर-2 का रिजल्ट 24 नवंबर 2023 को जारी किया गया





था. जिसमें कई परीक्षार्थी फेल हो गए थे. लगभग 38% परीक्षार्थियों को सेमेस्टर-3 में प्रोमोशन नहीं मिल पाया था. इस कारण विद्यार्थियों ने विरोध प्रदर्शन भी किया था. बता दें कि न्यू एजुकेशन पॉलिसी 2020 के अंतर्गत फोर ईयर यूजी प्रोग्राम के अनुसार सेमेस्टर-1 और सेमेस्टर 2 के 12 विषयों में से कम से कम नौ विषयों में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को ही सेमेस्टर-3 में प्रोमोट किया जाता है. बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के फेल होने की वजह से विश्वविद्यालय ने आपातकालीन बैठक बुलाकर फिलहाल 12 विषयों में से सात विषयों में पास परीक्षार्थियों को सेमेस्टर-3 में प्रोमोशन करने का निर्णय लिया. हालांकि विद्यार्थियों को सेमेस्टर-4 तक 24 विषयों में से 18 विषय में पास होना अनिवार्य होगा. वरना उन्हें सेमेस्टर-5 में प्रमोशन नहीं दिया जाएगा. हालांकि फिलहाल विद्यार्थियों को राहत मिल गई है, लेकिन आगे का रास्ता कठिन है. बैठक में कुलपति के अलावा डीएसडब्ल्यू डॉ पुष्पा कुमारी, रजिस्ट्रार डॉ कौशल कुमार, एनईपी कोऑर्डिनेटर डॉ हिमांशु शेखर चौधरी और परीक्षा नियंत्रक डॉ सुमन कुमार वर्णवाल उपस्थित थे.

### धनबाद में पूर्व विधायक के रिश्तेदार के घर पड़ा ईडी का छापा

**रांची/धनबाद ।** धनबाद में पूर्व विधायक के रिश्तेदार के घर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम छापेमारी कर रही है. मंगलवार को ईडी की धनबाद के बैंकमोड़ सुपर मार्केट बिल्डिंग हरियाणा में पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के रिश्तेदार बिन्नू सरदार के घर छापेमारी हो रही है. यह अभियान पिछले कई घंटों से जारी है. बता दें कि अवैध खनन व मनी लॉड्रिंग मामले में इनेलो नेता अभय चौटाला के समधी और पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के ठिकानों पर ईडी की कार्रवाई सोमवार को पांचवें दिन पूरी हुई थी. जिसके बाद ईडी की टीम ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया. लेसर स्थित उनके फार्म हाउस से विदेशी हथियार मिले थे. ईडी की टीम ने उनकी प्रॉपर्टी और बैंक संबंधी डिटेल गहनता से खंगाला था.

## महिला की मौत पर हंगामा



**संवाददाता । निरसा**

निरसा थाना क्षेत्र के तेतुलिया मोड़ के पास स्थित सेवा क्लिनिक नर्सिंग होम में मंगलवार सुबह प्रसव के दौरान एक महिला की मौत हो गयी. इसके बाद ग्रामीण व परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया. परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया. यह भी आरोप लगाया कि अस्पताल में स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन नहीं किया जाता है. परिजनों के अनुसार, निरसा प्रखंड अंतर्गत बड़ाईगड़ा निवासी लुगुमनी मरांडी (22 वर्षीय) को प्रसव पीड़ा के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया. बीती देर रात करीब दो बजे उसका ऑपरेशन से बच्चा हुआ. इसके एक घंटे बाद अचानक महिला तबीयत बिगड़ी और मौत हो गयी. मौत की खबर के बाद ग्रामीण व परिजन अस्पताल पहुंचे और डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर हंगामा करने लगे.

www.lagatar.in



# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



पेज 14

बुधवार, 10 जनवरी 2024 ● पौष कृष्ण पक्ष 14, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 263

आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

# धनबाद, रांची सहित आधा दर्जन जेलों में खूनी गैंगवार की आशंका

## विशेष शाखा के आईजी ने डीजीपी व जेल आईजी को लिखा पत्र

▪ हर जेल में कई गिरोह सक्रिय, वर्चस्व व कमाई गैंगवार की बनेगी वजह

**रिजवान शम्स। धनबाद**

झारखंड के आधा दर्जन जेलों में खूनी गैंगवार की आशंका है. इनमें बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार रांची, धनबाद मंडल कारा, जय प्रकाश नारायण केंद्रीय कारा हजारीबाग, केंद्रीय कारा घाघीडीह जमशेदपुर, केंद्रीय कारा मेदिनीपुर पलामू और केंद्रीय कारा दुमका शामिल है. इन जेलों में गैंगवार होने की प्रबल आशंका को देखते हुए स्पेशल ब्रांच के आईजी ने झारखंड के डीजीपी व जेल आईजी को पत्र लिखकर आगाह किया है. साथ ही उपायुक्त व एसएसपी को सतर्क करते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया है. विशेष शाखा के आईजी के पत्र में हर जेल में बंद शातिर अपराधियों के गिरोह और उनके बीच टकराव के कारणों का भी जिक्र है.


पत्र में रांची के होटवार जेल के बारे में बताया गया है कि वहां कालू लामा गिरोह सक्रिय है. इस गिरोह में रोहित मंडा उर्फ बीडी मुंडा, अभिषेक मल्लिक, मो आरिफ, अमित कुमार सिंह, दीपक कुमार सिंह, अंकुश कुमार सिंह जैसे शातिर अपराधी शामिल हैं. ये लोग जेल में वर्चस्व को लेकर खूनी संघर्ष कर सकते हैं. वहीं, जमशेदपुर के घाघीडीह जेल में अखिलेश सिंह, गणेश सिंह और अमरनाथ सिंह जैसे खूंखार अपराधी कैद हैं. पिछले मार्च में परमजीत सिंह की हत्या हुई थी, जो गैंगवार का ही शिकार बना था. ऐसे में यहां भी जेल में गैंगवार की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है. केंद्रीय कारा हजारीबाग में अमन साहू, पांडेय गिरोह और श्रीवास्तव गिरोह के शातिर अपराधियों के कई सदस्य बंद हैं. इस जेल में एनटीपीसी समेत कई कोल माइंस से रंगदारी वसूलने और हिस्सेदारी को लेकर गुटीय संघर्ष की आशंका है.

केंद्रीय कारा मेदिनीपुर में अक्सर गुटों में झड़प होती रहती है. यहां एक गुट नक्सली व दूसरा गिरोह अन्य अपराधियों का है. इनमें अमन साहू उर्फ अमन, फैज खान, विकास हैथी, डिक्की अंसारी और सिकंदर खान का है जबकि दूसरे गुट के हार्डकोर नक्सलियों में राजेश, दीपक हरेंद्र कालिका यादव, प्रसाद जी और सुजीत जी शामिल हैं. केंद्रीय कारा दुमका में अखिलेश सिंह, पंकज लाल, साजन अंसारी, शाहरूख हुसैन, नईम अंसारी, करण सिंह, एतवारी राम, राहत शेख, मीठू राय, मुन्ना तिवारी, मुन्ना राय जैसे शातिर अपराधी हैं. यहां पहले भी गोली चली थी. गुटों के बीच संघर्ष की प्रबल आशंका व्यक्त की गई है. धनबाद जेल में यूपी के शूटर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या हो चुकी है. वारदात के ठीक बाद यहां दो गुटों में जमकर मारपीट भी हो चुकी है. कैदी वार्ड में तोड़फोड़ की घटना भी हुई थी. जेलर ने दोनों में मारपीट को लेकर प्राथमिकी भी दर्ज कराई थी. इसके बाद जेल में बंद शातिरों को अलग-अलग जेलों में भेजा गया है. इसके बावजूद जेल प्रबंधन को विशेष नजर रखने का निर्देश दिया गया है.



## पुलिस एसआई को एसीबी ने घूस लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार

**खूंटी।** जिले के सदर थाना के एसआई श्रीकांत को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी), रांची ने 10 हजार घूस लेते गिरफ्तार किया है. एसआई श्रीकांत ने सदर थाना में दर्ज एक मामले को कमजोर करने के लिए घूस की मांग की थी. लेकिन वादी घूस देने को तैयार नहीं था. इसके बाद उसने एसीबी से इसकी शिकायत की थी. मामले का सत्यापन करने के बाद रांची एसीबी की टीम ने एसआई को रंगे हाथ घूस लेते गिरफ्तार कर लिया.



### फांकीबाजों जवानों पर होमगार्ड डीजी की गिरी गाज

# डीजी के निर्देश पर 3 जिलों में हाजिरी रजिस्टर हुए जब्त

## एक दिन में महीने भर की हाजिरी बना लेने का भंडाफोड़

**रंजीत कुमार। धनबाद**

फांकीबाजों जवानों पर होमगार्ड डीजी अनिल पालटा की ओर से गाज गिरने पर धनबाद से रांची तक हड़कंप है. सूत्रों के अनुसार धनबाद, गढ़वा और रांची से कई हाजिरी रजिस्टर जब्त हुए हैं. जांच में पता चला कि दर्जनों होमगार्ड एक ही दिन जाकर में पूरे महीने की हाजिरी बना लेते थे. एडवांस हाजिरी बने हुए रजिस्टर जब्त होने से राज्य भर के लगभग 22,000 होमगार्ड के बीच खलबली मच गई है.

राज्य में तैनात जवानों में कई गुट है, जो पता लगाने में जुटे हैं कि किसकी शिकायत पर डीजी ने मामले को संज्ञान में लिया और रजिस्टर जब्त कराया है. जो होमगार्ड एक दिन ड्यूटी कर महीने भर की हाजिरी बना लेते थे, उन पर विभागीय कार्यवाही शुरू हो गई है. सभी को विभाग की ओर से शोकॉज किया गया है. उनके भीतर भय है कि कहीं सस्पेंड या बर्खास्त न हो जाएं. जिनकी जालसाजी पकड़ी गई है, वे जिला व मुख्यालय स्तर के अफसरों से नौकरी बचाने में लगे हैं. अभी तक राज्य भर के लगभग दो दर्जन होमगार्ड जवानों की जालसाजी पकड़ी गई है, जो ड्यूटी पर नहीं थे और रजिस्टर में उक्त तिथि की हाजिरी बनी हुई थी.




### झारखंड गृह रक्षा वाहिनी से लेते है वेतन और ड्यूटी के दौरान करते हैं निजी काम

सूत्रों के अनुसार धनबाद समेत राज्य के 24 जिलों में लगभग 22 हजार होमगार्ड है, जिसमें कई ऐसे जवान हैं, जो रजिस्टर के हिसाब से सरकारी कार्यालय, अधिकारी के आवास, बैंक, थाना व अन्य संस्थानों में रोजाना अलग-अलग शिफ्ट में 8 घंटे ड्यूटी कर हैं, लेकिन वे ड्यूटी पर नहीं रहते हैं. यह सब पूरी तरह से सेटिंग के आधार पर होता है. कौन जवान कमान के हिसाब से रोजाना संबंधित जगहों पर ड्यूटी कर रहा है या नहीं, इसकी जांच नहीं की जाती है. जवान मुख्यालय के कुछ पदाधिकारियों की मिलीभगत से ऐसा कर रहे हैं. आठ घंटे की ड्यूटी के दौरान वे निजी काम कर अलग से पैसा कमा लेते हैं. कोई दुकान चलाता है तो कोई प्राइवेट काम कर 10 से 20 हजार रुपये कमा लेता है. कई जवान इस दौरान दूसरे जगह वसूली में भी व्यस्त रहते हैं. जिसे देखने व कार्रवाई करनेवाला कोई नहीं हैं.

**खास बातें**

- किसने खोला राज, पता करने में जुटे हैं होमगार्ड
- अभी तक दो दर्जन से अधिक लोगों की पकड़ी गयी गलती

### कई जवान हाजिरी बना लेते हैं, पर ड्यूटी नहीं करते

जानकारी के अनुसार धनबाद समेत कई जिलों में दर्जनों जवान ऐसे हैं, जो एक दिन ड्यूटी कर महीने भर का वेतन विभाग से ले रहे हैं. एक महीने का एक होमगार्ड का वेतन 15 हजार है. बगैर ड्यूटी किए पूरा वेतन लेने वाले जवान को विभाग के एक-दो कतिपय पदाधिकारियों को 2 से 5 हजार रुपये रिश्वत देना पड़ता है, तभी उसके हिस्से में 10 हजार आता है. जो लोग रिश्वत नहीं देते हैं, उसे महीने भर रोजाना 8 घंटे ड्यूटी करना पड़ता है. धनबाद में लगभग 800 जवान है, जिसमें कई जवान ऐसे हैं, जो सिर्फ हाजिरी बनाते हैं, लेकिन ड्यूटी नहीं करते हैं.

## बस्ताकोला में 10वीं के छात्र ने लगाई फांसी



**झरिया।** झरिया थाना क्षेत्र के बस्ताकोला में 10वीं कक्षा के छात्र रोहित ने सोमवार की रात घर मे फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली. वह कपिल पासवान का छोटा बेटा था. घटना के बाद से पूरा परिवार सदमे में है. पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया. आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है. मृतक की बुआ ने बताया कि पिता कपिल एक निजी कंपनी में गार्ड हैं. घटना के समय रोहित अकेला था. पिता ड्यूटी पर थे, जबकि मां बड़े पुत्र को लेकर मायके गई थी. पिता ड्यूटी कर घर लौटे, तो देखा कि दरवाजा अंदर से बंद है.आवाज देने के बाद दरवाजा नहीं खुला, तो छिद्र से कमरे में देखा कि छोटा बेटा रोहित कुमार साड़ी का फंदा बनाकर पंखे से लटका हुआ है. पड़ोसियों की मदद से किसी तरह अंदर घुसे और शव को फंदे से उतरा. पुलिस को कमरे से रोहित का मोबाइल मिला है, जो लॉक है. मौके से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है.

### लाल आतंक : गुमला में नक्सलियों का उत्पात

# 3 कंपनियों के 8 वाहनों को फूंका


▪ उग्रवादियों ने पहले हिंडाल्कों के प्रोजेक्ट पर बमबाजी की, साथ ही मजदूरों को डराया- धमकाया भी

**संवाददाता। गुमला**

प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के नक्सलियों ने सोमवार देर रात करीब एक बजे जिले के घाघरा-सेरेंगदाग पथ पर सतकोनवा गांव में बीकेबी, एमटू एवं डॉल्फिन कंपनी के आवासीय परिसर में खड़े आठ वाहनों को जला दिया. हिंडाल्को की साइट को निशाना बनाने के बाद नक्सलियों ने वहां पर्चा छोड़ कर धमकी भी दी.

सूचना मिलते ही गुमला के एसपी हरविंदर सिंह, अभियान एसपी मनीष कुमार, सीआरपीएफ के कमांडेंट राहुल कुमार, थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पहुंचे और वस्तुस्थिति की जानकारी ली. प्राप्त जानकारी के अनुसार करीब 6-7 नक्सली सतकोनवा पहुंचे और करीब आधे घंटे तक उत्पात मचाया. इन्होंने रह रहे कंपनी के कर्मचारियों को घरों से बाहर निकाला और उन्हें हथियार के बल पर कब्जे में ले लिया.





### मौके पर पर्चा भी छोड़ा

नक्सलियों ने मौके पर कई हस्तलिखित पर्चे भी छोड़े हैं, जिसमें बॉक्साइट उत्खनन करने वाले कंपनियां, ठेकेदार, पेटीदार होश में आओ, मशीनीकरण व मनमानी और जंगल पहाड़ से उत्खनन करना बंद करो, माइंस एरिया में आम जनता की मूलभूत समस्या स्वास्थ्य शिक्षा पेयजल खाद बीज इत्यादि समस्या का हल करो, मशीनीकरण बंद करो, बेरोजगारों को रोजगार दो, बॉक्साइट उत्खनन करने वाले कंपनी एवं पेटीदार ठेकेदार को संगठन से संपर्क किए बिना काम नहीं करने की चेतावनी दी गई है. बहरहाल, लंबे समय तक गुमला जिले में कोई नक्सली घटना नहीं हुई थी. लोगों को लग रहा था कि उन्हें उग्रवाद से मुक्ति मिल गई है, लेकिन इस घटना ने साबित कर दिया है कि जंगल एवं पहाड़ी क्षेत्रों में नक्सलियों की सक्रियता कायम है.

नक्सलियों ने आवासीय परिसर में ही खड़े डाल्फिन कंपनी के एक हाईवा को ब्लॉस्ट कर क्षतिग्रस्त कर दिया. साथ ही बीकेबी कम्पनी की तीन हाईवा, एमटू कंपनी की एक हाईवा, डॉल्फिन कंपनी के एक टैंकर, पिकअप वैन तथा एक अन्य हाईवा को डीजल डाल कर आग के हवाले कर दिया. इस आगजनी की घटना में करोड़ों रुपए के नुकसान का अनुमान है.

## आज से फिर चलेगी धनबाद-चंद्रपुरा ट्रेन

**धनबाद।** धनबाद-चंद्रपुरा रेललाइन को आग से खतरा बताते हुए 15 जून 2017 को बंद हुई धनबाद-चंद्रपुरा सवारीगाड़ी बुधवार से 6 साल 6 महीने 25 दिन बाद फिर से चलेगी, लेकिन अब पैसेंजर के बदले स्पेशल ट्रेन बन कर चलेगी. यात्रियों व जनप्रतिनिधियों की मांग पर धनबाद रेल मंडल से गत दिनों रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव भेजा गया था. बोर्ड से अनुमति मिलते ही ट्रेन चलाने का निर्देश जारी कर दिया, ट्रेन संख्या 03331 / 03 3 32 धनबाद-चन्द्रपुरा-धनबाद स्पेशल के रूप में चलेगी. ट्रेन संख्या 03332, धनबाद-चन्द्रपुरा पैसेंजर स्पेशल, धनबाद से शाम 17.05 बजे प्रस्थान करेगी और 19.45 बजे चन्द्रपुरा पहुंचेगी. ट्रेन संख्या 03331 चन्द्रपुरा-धनबाद पैसेंजर स्पेशल चन्द्रपुरा से सुबह 07.10 बजे प्रस्थान करेगी और 09.40 बजे धनबाद पहुंचेगी. यह ट्रेन रविवार को छोड़ कर सप्ताह में 6 दिन चलेगी, जिसमें साधारण श्रेणी के 5 कोच होंगे.

▪ धनबाद से कुसंडा जाएं या फिर कतरास-चंद्रपुरा, किराया लगेगा 30 रुपये

## गोलमुरी के दंपती ने राज्यपाल से की बिल्डर की शिकायत




**जमशेदपुर।** बागबेड़ा में कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिल कर एक दंपती ने मंगलवार को पीड़ा प्रकट की. उन्हें बताया कि एक बिल्डर ने उनके साथ मारपीट की है, लेकिन मामले में जिला प्रशासन से सहयोग नहीं मिला. दंपती ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा.

राज्यपाल ने डीसी व एसएसपी को मामले में जल्द कार्रवाई करने का आदेश दिया. पीड़ित मनोज अग्रवाल ने बताया कि गोलमुरी के गाढ़ाबासा में उन्होंने काशीराम इक्लेव में फ्लैट खरीदा है. उसके जमीन मालिक भोला राम से पार्किंग को लेकर विवाद चल रहा है. भोला राम व उसके पुत्र 3 जनवरी को उनके फ्लैट में घुस आये और घसीट कर रोड पर ले आये. उन्होंने लाठी-डंडे से पिटाई की. पत्नी अनीता बचाने गई तो उसे भी पीट कर जख्मी कर दिया. गोलमुरी थाने में उन लोगों के खिलाफ शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कोई पहल नहीं की. पीड़ित दंपती ने बताया, इस घटना से वे काफी शर्म महसूस कर रहे, इसलिए खुदकुशी जैसा कदम उठा सकते है. राज्यपाल ने डीसी व एसएसपी को कार्रवाई का आदेश दिया है. कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने पीड़ित दंपती को राजभवन में सूचित करने को कहा है.

# धड़ाम की आवाज के साथ पेड़ से टकराई कार

**संवाददाता। धनबाद**

शहर के लुबि सर्कुलर रोड में मंगलवार शाम को बाइक और कार में जोरदार टक्कर हुई. उसके बाद कार पेड़ से जा टकराई. आवाज इतनी जोर से हुई की आस पास के लोग वहां जमा हो गए. इसी दौरान बाइक सवार जख्मी हो गया. बाइक सवार डीआरएम ऑफिस में कार्यरत है. जख्मी हालत में सदर हॉस्पिटल ले जाया गया. जैसा कि बताया जा रहा है की रणधीर वर्मा चौक के तरफ से आ रही बाइक और एक्सयूवी कार जो की केशरी नंदन प्रसाद की है, बताई जा रही है. गाड़ी बाइक सवार होंडा साइन को टक्कर मारते हुए पेड़ से जा टकराई. बाइक सवार जख्मी रविकांत कुमार जो की ऑफिसर कॉलोनी का रहने वाला है. वही ऑफिस से घर जाने के दौरान यह घटना घटी. कार चालक केसी नंदन प्रसाद जो की कार्मिक नगर का रहने वाला है. कार चालक ने बताया की चप्पल ब्रेक के नीचे आ गया था जिसके कारण ब्रेक नही लग पाया. जिसके बाद हैंड ब्रेक उठाया तो चक्का रगड़ता हुआ बाइक और पेड़ से जा टकराया. उसके बाद घायल को उठा कर सदर हॉस्पिटल लाया जहा उसका इलाज चल रहा है.





▪ बाइक सवार डीआरएम ऑफिस में कार्यरत है. जख्मी हालत में सदर हॉस्पिटल ले जाया गया.

### सूरते हाल राज्य में हेडमास्टरों के 2133 पद स्वीकृत, कार्यरत हैं सिर्फ 29

# झारखंड के 2104 मिडिल स्कूल प्रभारी के भरोसे

**सत्य शरण मिश्रा। रांची**

झारखंड के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है. स्कूलों में सभी विषयों के लिए पर्याप्त टीचर उपलब्ध नहीं हैं. सैकड़ों स्कूल सिर्फ एक सरकारी टीचर और कुछ पारा शिक्षकों के भरोसे चल रहे हैं. इतना ही नहीं इन स्कूलों में कई सालों से हेडमास्टर के पद भी खाली हैं.

राज्य के मिडिल स्कूलों में हेडमास्टर के कुल 2133 पद स्वीकृत हैं. लेकिन इनमें सिर्फ 29 स्कूलों में ही हेडमास्टर हैं, जबकि 2104 स्कूल प्रभारी प्राचार्यों के भरोसे चल रहे हैं. 2021 के पहले ये सभी स्कूल बिना हेडमास्टर के ही चल रहे थे. शिक्षा विभाग ने फरवरी 2021 में बिना प्राचार्य वाले स्कूलों का संचालन प्रभारी प्राचार्यों से कराने का प्रावधान किया था.



**2104 में सिर्फ 1067 पदों को भरने की तैयारी :** बता दें कि मिडिल स्कूलों में हेडमास्टर के 2104 पद खाली हैं. लेकिन नियुक्ति की प्रक्रिया सिर्फ 677 पदों के लिए शुरू की गई, जबकि 390 पदों को गैर योजना मद से प्रोन्नति के जरिये भरने की तैयारी चल रही है. शिक्षकों को प्रोन्नत कर प्राचार्य का पद देने की कार्रवाई अंतिम चरण में है. कुल मिलाकर 1067 स्कूलों में प्राचार्य का पद भरने की कवायद चल रही है, लेकिन अभी भी 1037 स्कूलों के हेडमास्टर के पद भरने की कोई योजना नहीं दिख रही.

### 677 पदों पर नियुक्ति के लिए जेपीएससी को भेजी गई है अधियाचना

शिक्षा विभाग हर साल प्राचार्य के पदों की बहाली की तैयारियां शुरू करता है, लेकिन इन खाली पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया अधर में ही लटक जाती है. जुलाई 2023 में शिक्षा विभाग ने माध्यमिक विद्यालयों में प्राचार्यों के 677 पदों पर सीधी नियुक्ति के लिए कार्मिक विभाग के पास अधियाचना भेजी थी. फिर वह वहां से जेपीएससी को भेजी गई, लेकिन अबतक न परीक्षा हुई और नियुक्तियां हो पाई है. मामला लगातार लटकता ही रहा है.

### आक्रोश : बीआरपीएल के खिलाफ दिरीबुरू के ग्रामीणों का आंदोलन जारी

# दूसरे दिन भी ठप रही आयरन ओर की ढुलाई

**शैलेश सिंह। किरीबुरू**

सीमावर्ती ओडिशा स्थित बीआरपीएल कंपनी से झारखंड से होते हुए होने वाली लौह अयस्क की ढुलाई कार्य को बोकना में ग्रामीणों ने दूसरे दिन भी बाधित रखा. माल ढुलाई कार्य को 8 जनवरी की सुबह लगभग 9 बजे से पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा, दिरीबुरु पंचायत के मुखिया गंगाधर चातोम्बा, वार्ड सदस्य अनीता पुरती, सामाजिक कार्यकर्ता पवन सिंह, विजय बोदरा, सोमा चाम्पिया, दुनिया पुरती, दुम्बी चाम्पिया, अर्जुन आदि के नेतृत्व में रोका गया है.

कंपनी प्रबंधन की तरफ से अभी तक इन आंदोलनकारी ग्रामीणों से वार्ता के लिए कोई अधिकारी नहीं आया है. इससे ग्रामीणों का आक्रोश निरंतर बढ़ता जा रहा है. पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा ने कहा कि हमारा आरोप और मांग यह है कि बीआरपीएल कंपनी ओडिशा में प्लांट लगाकर खनिज सम्पदा को बोकना गांव क्षेत्र के रास्ते ढुलाई कर रही है. यह कंपनी पूरे क्षेत्र में प्रदूषण फैला कर झारखंड के जंगलों, प्राकृतिक जल स्रोतों, नदी-नाला को प्रदूषित कर ग्रामीणों को विभिन्न बीमारियों से ग्रसित कर रही है. इस मामले में झारखंड प्रशासन व वन विभाग उक्त कंपनी को इस गलत कार्य हेतु अंदर हीं अंदर पूरा सहयोग कर रही है. कंपनी ग्रामीणों को नौकरी, रोजगार या किसी प्रकार की कोई सुविधा नहीं दे रही है. बीआरपीएल कंपनी से ग्रामीणों की मुख्य मांग है कि वह जहां डैम बनाई है, वहां के 3-4 परिवारों को पक्का मकान दे, बोकना के 20 लोगों को स्थायी नौकरी, अन्य बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ना, लोगों के लिए एक एम्बुलेंस व चिकित्सा शिविर, पर्व-त्योहार व कार्यक्रम आयोजन के लिए भवन, शिक्षा, शुद्ध पेयजल, प्रदूषण नियंत्रण आदि की सुविधा उपलब्ध करायी जाए. कंपनी ऐसा नहीं करती है तो आंदोलन जारी रहेगा.



बीआरपीएल कंपनी की लौह अयस्क ढुलाई कार्य को रोके ग्रामीण.

**खास बातें**

- आरोप- कंपनी इलाके में फैला रही भारी प्रदूषण
- ग्रामीणों को हो रही असाध्य बीमारियां, जवाबदेह कौन

▼ ब्रीफ खबरें

### ब्राउन शुगर व चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

**रांची।** ब्राउन शुगर और मोबाइल चोरी के आरोप में दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं. अरगोड़ा थाना क्षेत्र के पिपरटोली में बीते आठ जनवरी को एक महिला का मोबाइल छिनतई कर लिया गया था. इस मामले में पुलिस ने इरशाद अंसारी नाम के युवक को गिरफ्तार किया है. अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू चौक के आसपास ब्राउन शुगर बेचने वाला वसीमुद्दीन नाम के युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया. उसके पास से पुलिस ने 25 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद किया है. दोनों अभियुक्तों को पुलिस ने मंगलवार को जेल भेज दिया.

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत, शव बरामद

**बोकारो।** चास मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिंहडीह पुल के निकट अलुवारा गांव के पास से होकर गुजरने वाली रेलवे लाइन से पुलिस ने युवक का अर्धनग्न शव बरामद किया गया है. जिसका एक हाथ कटकर शरीर से अलग था. शव की पहचान कोडरमा के मरकोच्चो निवासी बालेश्वर साव के 24 वर्षीय पुत्र उपेंद्र साव के रूप में की गई है. बताया जाता है कि मृत युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी. उसके पिता उसे इलाज के लिए ट्रेन से सफर कर रहे थे. आठ जनवरी को धनबाद रेलवे स्टेशन में उतरने के बाद बाजार में दोनों नाश्ता कर रहे थे. नाश्ता करने के बाद बाजार के भीड़ में युवक खो गया. उसके पिता उसकी तलाश में इधर-उधर भटकते रहे.

### एक टन अवैध कोयला व स्कूटर किया जब्त

**मैथन।** चिरकुंडा पुलिस ने मंगलवार को कादिर मोहल्ला स्थित बराकर नदी के समीप छापेमारी कर एक टन अवैध कोयला एवं एक स्कूटर जब्त किया है. जानकारी के अनुसार ईसीएल के कुमारधुबी एवं बड़मुरी कोलियरी से कोयला चोरी कर कोयला चोरों द्वारा नदी किनारे जमा किया जाता है. फिर साइकिल व स्कूटर के माध्यम से आसपास के भट्ठों में खपा दिया जाता है. नदी किनारे कई स्थानों पर कोयला जमा किया हुआ था. पुलिस के पहुंचते ही वहां भगदड़ मच गई, सभी भाग खड़े हुए. छापेमारी का नेतृत्व थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने किया.

### लक्ष्मी ज्वेलर्स से 9 लाख रुपये की चोरी

**पड़वा/पलामू।** पड़वा बाजार स्थित लक्ष्मी ज्वेलर्स का शटर तोड़कर दुकान से 9 लाख के सोना और चांदी समेत नगदी की चोरी कर ली गई है. दुकानदार सुबोध प्रसाद ने इस संबंध में पंडवा थाना प्रभारी को लिखित आवेदन दिया है. मुक्त होगी ने बताया कि वह सोमवार शाम सात बजे दुकान अच्छी तरह से बंद कर घर चले गए थे. सुबह में जब दुकान खोलने के लिए पहुंचे तो शटर का ताला टूटा हुआ पाया. इधर, घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी आए और उनकी उपस्थिति में दुकान खोलकर देखा तो दुकान में रखा 70 ग्राम सोना व 7.6 किग्रा चांदी के साथ ग्राहकों का मरम्मत कार्य के लिए रखे हुए थे.

### मारपीट के अभियुक्त को 7 साल की सजा

**चाईबासा।** न्यायालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पश्चिम सिंहभूम, चाईबासा के अदालत ने मंगलवार को एक सुनवाई की. जिसमें धारा 304 (ii) भादवि में अभियुक्त रूसीकांत कुम्हार को 07 वर्ष कारावास तथा 50,000/- (पचास हजार) रूपये जुर्माना की सजा दी गई है. मालूम हो कि कुमारडुगी थाना के अन्तर्गत अभियुक्त रूसीकान्त कुम्हार गांव लखिमपोसी, थाना कुमारडुंगी, जिला चाईबासा के विरूद्ध निरंजन कुम्हार गांव लखिमपोसी, थाना कुमारडुंगी चाईबासा को जूवाठी से सिर पर मार कर गंभीर रूप से जख्मी करने के आरोप में दर्ज किया गया था. मामला 30 सितंबर 2022 की है.

### दो आईपीएस को मिला अतिरिक्त पद का प्रभार

**रांची।** दो आईपीएस को मिला अतिरिक्त पद का प्रभार दिया गया है. इससे संबंधित अधिसूचना झारखंड पुलिस मुख्यालय के द्वारा मंगलवार को जारी कर दी गई है. आईजी मुख्यालय मनोज कौशिक आईजी मानवाधिकार और डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम डीआईजी बजट पद से संबंधित कार्य को देखेंगे.

# टेंपो को मारी टक्कर, स्कूल वैन दुर्घटनाग्रस्त, बचे 12 बच्चे

## बेंगाबाद के पास हुई घटना, टेंपो पर सवार दो लोग हुए घायल, अस्पताल में किया गया भर्ती

संवाददाता। बेंगाबाद (गिरिडीह)



बेंगाबाद-गिरिडीह मार्ग पर डोमापहाड़ी के समीप मंगलवार की सुबह घने कोहरे की वजह से एक स्कूल वैन और टेंपो में टक्कर हो गई. टेम्पो को टक्कर को मारने के बाद स्कूल वैन सड़क किनारे गड्ढे में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई. इस हादसे में स्कूल वैन पर सवार करीब एक दर्जन बच्चे बाल-बाल बच गए. जबकि टेंपो चालक और उस पर सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए. स्कूल वैन बनहत्ती स्थित सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल से बच्चों को लेकर बेंगाबाद की ओर से जा रही थी. हादसे की खबर मिलते ही घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई. लोगों ने बच्चों को वैन से सुरक्षित निकाला. बताया गया कि कुछ बच्चों को मामूली चोट पहुंची है.

**खास बातें**
- लोगों ने बच्चों को वैन से सुरक्षित निकाला
- स्कूल वैन में बैठे बच्चों को उनके घर भेज दिया गया

घटना के बाद वैन का चालक फरार हो गया. ग्रामीणों के सहयोग से टेम्पो सवार दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया. वहीं, स्कूल वैन में बैठे बच्चों को उनके घर भेज दिया गया.

घायलों में कर्णपुरा पंचायत के हड़वाडीह निवासी मनोज रजक और ऑटो चालक बनहत्ती निवासी मो अयूब शामिल हैं. बेंगाबाद थाना पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, स्कूल वैन तेज रफ्तार से जा रही थी. धुंध के कारण चालक को सामने से आ रहा टेम्पो दिखाई नहीं पड़ा और टक्कर मार दी.

### आओ जानें
### ट्रायल कैदियों की संख्या

| | | | |
|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 5001 | केरल | 3569 |
| अरुणाचल प्रदेश | 127 | मध्यप्रदेश | 31712 |
| असम | 6495 | महाराष्ट्र | 26171 |
| बिहार | 44187 | मणिपुर | 506 |
| छत्तीसगढ़ | 11963 | मेघालय | 821 |
| गोवा | 419 | मिजोरम | 609 |
| गुजरात | 10195 | नागालैंड | 261 |
| हरियाणा | 14951 | ओडिशा | 15619 |
| हिमाचल प्रदेश | 1574 | पंजाब | 15643 |
| झारखंड | 17103 | राजस्थान | 16930 |
| कर्नाटक | 10577 | सिक्किम | 328 |



चार घंटे रही सड़क जाम, जांच में जुटी पुलिस

# कोयला लदी बाइक ने मारी टक्कर, एक की मौत

संवाददाता। बोकारो थर्मल

बोकारो थर्मल-नारायणपुर मुख्य सड़क के पिलपिलो मोड़ के समीप सोमवर की देर रात अवैध कोयला बाइक सवार ने एक विपरीत दिशा से आ रही बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दिया. जिससे बोकारो थर्मल के जरवाबस्ती निवासी 47 वर्षीय रामेश्वर मुंडा उर्फ छेदी मुंडा की मौत हो गयी. परमेश्वर मुंडा बोकारो स्थित एक कपड़ा दुकान में सेल्समैन का काम करता था. घटना के संबंध में बताया जाता है कि जरवाबस्ती निवासी सेल्समैन रामेश्वर मुंडा कंजकिरो पंचायत के कुंभियाबेड़ा गांव से अपने समधी के घर से छठियारी उत्सव से वापस घर लौट रहा था.

उसी क्रम में पिलपिलो मोड़ के समीप अवैध कोयला लदा बाइक ने पीछे से टक्कर मार दिया. घटना में उसका सिर फट गया. सिर फट जाने से अधिक खून बहने के कारण उसकी मौत हो गयी. सूचना के तीन घंटा के बाद घटनास्थल पर पहुंचे और शव की पहचान की. शव की पहचान होने के बाद बोकारो थर्मल के जरवाबस्ती के मुखिया चंद्रदेव घांसी, किंग कोगरा के सुप्रीमो श्याम सुंदर महतो, झामुमो के अध्यक्ष कमल प्रसाद महतो सहित कई लोग पहुंचे. घटनास्थल पर शव देखने को आसपास के सैकड़ों ग्रामीण पहुंचे जिससे सड़क जाम हो गया. पुलिस के पहुंचने के बाद ही इस सड़क से आवागमन शुरू हुआ. घटनास्थल पर मृत के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल गया. महिलाएं बार-बार मुक्षित हो जा रही थी.



**खास बातें**
- परमेश्वर एक कपड़ा दुकान में सेल्समैन का काम करता था
- पुलिस के पहुंचने के बाद ही सड़क से आवागमन शुरू हुआ

### पलामू में युवक को वाहन ने रौंदा, मौत



**पलामू।** मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के चियांकी गणके में अज्ञात वाहन के रौंदने से एक युवक की मौत हो गयी. युवक की पहचान लातेहार जिले के गारू निवासी धन कुमार उरांव (45) के रूप में हुई है. युवक राज मिस्त्री का काम करता था और उसके चार बच्चे हैं. वह अपने घर गारू से ससुराल चियांकी के गणके आ रहा था. वह जैसे ही ससुराल के दरवाजे पर पहुंचा एक अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया. शहर थाना की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच भेज दिया है

### आईपीएस मनोज कौशिक नरेंद्र सिंह और अश्विनी समेत 40 को मिले पदक

**रांची।** राज्य स्थापना दिवस के मौके पर झारखंड पुलिस की ओर से बेहतर काम करने वाले आईपीएस मनोज कौशिक, नरेंद्र सिंह, अश्विनी सिन्हा और डीएसपी नीरज कुमार समेत 40 पुलिसकर्मी और अधिकारी को सम्मानित किया गया.

**आईपीएस अश्विनी सिन्हा समेत चार को मिला राज्यपाल पदक:**
- आइपीएस अश्विनी सिन्हा
- इंस्पेक्टर असित कुमार मोदी
- आरक्षी सचिन सुब्बा
- आरक्षी राजू सिंह क्षेत्री

**पांच को मिला मुख्यमंत्री पदक:**
- डीएसपी नीरज कुमार
- एसआई सनोज कुमार चौधरी
- आरक्षी प्रकाश कुमार यादव
- एसआई सुभाष चंद्र लकड़ा
- एसआई सोनू कुमार साहू.

**आईपीएस मनोज कौशिक समेत 31 को मिला सराहनीय सेवा के लिए झारखंड पुलिस पदक:**
- आईपीएस मनोज कौशिक
- आइपीएस नरेंद्र कुमार सिंह
- डीएसपी ओम प्रकाश तिवारी
- डीएसपी रोशन गुड़िया
- डीएसपी नीरज कुमार सिंह
- डीएसपी श्री अमरनाथ
- इंस्पेक्टर विजय रंजन कुमार
- इंस्पेक्टर मुन्ना प्रसाद गुप्ता
- एसआई राम उरांव
- एसआई पंकज उरांव
- एसआई धनंजय कुमार सिंह
- एएसआई सुखेंद्र यादव
- एएसआई शिव नाथ सिंह
- एएसआई संतोष कुमार
- एएसआई महेंद्र लकड़ा
- एएसआई रब्बुल अंसारी
- हवलदार अवधेश राय
- हवलदार दीनानाथ सिंह
- हवलदार रामरूप प्रसाद
- हवलदार राजेंद्र राम
- हवलदार सुनाराम मुर्मू
- आरक्षी मनोज कुमार
- आरक्षी निर्मल तेरेजिता बेक
- आरक्षी संजुरानी कुजुर
- आरक्षी पंकज कुमार राय
- आरक्षी उमाशंकर सिंह
- आरक्षी किशोर लकड़ा
- आरक्षी सुधीर कुमार शुक्ल
- आरक्षी मुन्ना कुमार
- आरक्षी सुनील गुप्ता

# आठ जिलों के 24 थाना क्षेत्रों में सबसे अधिक नशे का कारोबार

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड में बड़े पैमाने पर अफीम समेत अन्य नशीले पदार्थों का कारोबार हो रहा है. इसकी खरीद-बिक्री भी धड़ल्ले से हो रही है. लेकिन राज्य के आठ जिलों के 24 थाना क्षेत्रों में सबसे अधिक नशा का कारोबार हो रहा है. झारखंड में साल 2019 से 2023 तक नशा कारोबार के खिलाफ 2386 मामले दर्ज हुए हैं. इनमें से 1002 मामले सिर्फ इन जिलों के 24 थानों के हैं. 2386 में से 1720 मामलों में झारखंड पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर ली है. इसके अलावा 44 मामलों में फाइनल रिपोर्ट सब्मिट कर दी है. जबकि 622 मामले अभी भी पेंडिंग हैं.

**जानें किन थाना क्षेत्रों में कितने मामले हैं दर्ज**
- हजारीबाग जिला : सदर (21), कटकमसांडी (41), चौपारण (36)
- रांची जिला : नामकुम (24), लोअर बाजार (29), सुखदेवनगर (42)
- खूंटी जिला : खूंटी (35), सायको (36), अड़की (47), मुरहू (42), मारंगदाहा (62)
- चतरा जिला : सदर (118), कुंदा (84), लावालौंग (73), वशिष्ठनगर (61), राजपुर (34), प्रतापपुर (41), हंटरगंज (25), गिद्धौर (23)
- लातेहार जिला : बालूमाथ (28)
- जमशेदपुर जिला : मानगो (47), सीतारामडेरा (46)
- सरायकेला जिला : आदित्यपुर (61)
- गुमला जिला : गुमला (71)

**जानें किस जिले में कितने मामले हैं दर्ज**
- एटीएस : 02
- जामताड़ा : 06
- लोहरदगा : 09
- रेल धनबाद : 15
- पाकुड़ : 15
- दुमका : 16
- कोडरमा : 16
- गिरिडीह : 26
- रामगढ़ : 27
- चतरा : 506
- रांची : 278
- जमशेदपुर : 255
- खूंटी : 249
- हजारीबाग : 179
- सरायकेला : 128
- गुमला : 126
- पलामू : 90
- लातेहार : 66
- चाईबासा : 62
- देवघर : 49
- रेल जमशेदपुर : 46
- गोड्डा : 43
- सिमडेगा : 39
- साहिबगंज : 37
- धनबाद : 35
- बोकारो : 35
- गढ़वा : 31

कुल : 2386

### नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के टीएसडीपीएल में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले अशोक कुमार को सिदगोड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया है. अशोक के खिलाफ साल 2018 में सोनारी निवासी संतोश कुमार ने प्राथमिकी दर्ज करवाई थी. प्राथमिकी में बताया गया था कि अशोक कुमार ने नौकरी दिलवाने के नाम पर ठगी की है. प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से ही अशोक फरार चल रहा था. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वह क्षेत्र में घूम रहा है जिसके बाद पुलिस उसे गिरफ्तार कर लिया. फिलहाल पुलिस उसे जेल भेजने की तैयारी कर रही है.

### घर का ताला तोड़ सिलेंडर व चूल्हे की चोरी

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के मानजोरी पंचायत स्थित खिजुरडीहा में अज्ञात चोरों ने एक मकान का टाला तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है. चोरों ने खिजुरडीहा निवासी टिंकू साह के घर से गैस चूल्हा, सिलेंडर एवं घर में रखे बर्तन की चोरी कर ली है. घटना सोमवार रात की है. बताया गया कि जिस घर में चोरों ने चोरी की है वह खाली पड़ा था. बताया गया कि चोरों ने पहले घर का ताला तोड़ने का प्रयास किया. ताला नहीं टूटने पर चोरों ने दीवार में सेंधमारी करने का प्रयास किया गया. उसमें भी सफलता नहीं मिलने पर दरवाजे के सिकड़ को काट दिया और चोरी की घटना को अंजाम दिया है. जानकारी के अनुसार टिंकू साह ने अपने घर से थोड़ी दूर आम बागबानी लगाई है. उसी के बीच एक कमरा भी बना हुआ है. जहां चोरों ने अपना हाथ साफ किया है.

**रोहित हत्याकांड : एक गिरफ्तार**

### सुनसान जगह देख कनपटी पर पत्थर से किए थे कई वार


संवाददाता। धनबाद

धनबाद थाना क्षेत्र के दामोदरपुर में हुए रोहित रवानी की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. पुलिस ने नामजद आरोपी बबलू को वारदात के बाद ही गिरफ्तार किया था, पूछताछ में बबलू टूट गया और उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है. वारदात के पीछे बबलू की पत्नी के साथ रोहित के प्रेम प्रसंग की बात सामने आई है. बबलू द्वारा बार-बार मना करने के बावजूद बात नहीं मानने पर उसने रोहित को मौका पाकर मौत के घाट उतार दिया.

पूछताछ में बबलू ने बताया कि वह टुंडी का रहने वाला है और उसने प्रेम विवाह किया था. इसके बाद काम के सिलसिले से नुतनडीह आकर रहने लगा है. इसी क्रम में पड़ोस के रहने वाले रोहित रवानी के साथ उसकी बातचीत होने लगी. रोहित उसकी पत्नी से भी बातचीत करने लगा. जो उसे नागवार लगता था. दोनों के बीच बातचीत में रोक लगाने की उसने कई बार कोशिश की, लेकिन बातचीत बंद नहीं हुई. इसको लेकर दोनों परिवारों में मारपीट भी हो गई. तब उसने नुतनडीह छोड़ दिया और दो महीने पूर्व तेलीपाड़ा में आकर रहने लगा. लेकिन रोहित तेलीपाड़ा भी आने लगा था, दारू पीने के बहाने यहां आता था. वारदात वाले दिन भी वह शराब पीने आया था, पीकर रोहित उसके घर की तरफ भी आया था. इसी क्रम में रोहित पर उसकी नजर पड़ गई और वह गुस्से में आ गसा. इसके बाद उसने रोहित का पीछा करना शुरू कर दिया. फिर जब वह सोमनगर नाले के पास जहां अंधेरा था, मौका पाकर उसने जमीन से पत्थर उखाड़ कर उसकी कनपटी पर जोर से प्रहार कर दिया.

### नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**आदित्यपुर।** पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिला की गंगाजल घाटी थाना पुलिस ने मंगलवार को गम्हरिया स्टेशन के पास से छुप कर रह रहे प्रेमी जोड़ों को गिरफ्तार किया है. प्रेमी जोड़ों में लड़की नाबालिग है. जिसको भगाने का आरोपी सोमनाथ दास गम्हरिया से गिरफ्तार हुआ है. दोनों प्रेमी जोड़ों को साथ लेकर बांकुड़ा पुलिस यहां से पश्चिम बंगाल चली गई है. घटना की जानकारी देते हुए एएसआई विवेकानंद चटर्जी ने बताया कि घटना 19 सितंबर 2023 की है. आरोपी निरसा धनबाद का रहनेवाला है. नाबालिग को आरोपी सोमनाथ दास गंगाजल घाट से लेकर फरार हुआ था. एएसआई विवेकानंद चटर्जी गंगाजल घाटी पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों को मोबाइल ट्रेकिंग के जरिये आदित्यपुर पुलिस की मदद से पकड़ा गया है.



# हार्ट अटैक से सीआरपीएफ के अवर निरीक्षक की मौत, मातम

## जवानों ने अवर निरीक्षक संतोष राय को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता। चक्रधरपुर

हृदय गति रुकने से सीआरपीएफ 60 बटालियन के अवर निरीक्षक की मौत हो गई. बताया जाता है कि मंगलवार को चक्रधरपुर आसनतलिया स्थित सीआरपीएफ 60 बटालियन कैंप में तैनात अवर निरीक्षक संतोष कुमार राय को कैंप परिसर में ही हृदय गति रुकने से तबीयत बिगड़ने लगी. इसके बाद उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

संतोष कुमार राय उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के रहने वाले थे. अवर निरीक्षक संतोष कुमार राय के निधन की सूचना उनके परिजनों को दी गई. इसके बाद चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल परिसर में ही जवानों ने अवर निरीक्षक संतोष कुमार राय को सलामी देते हुए श्रद्धांजलि दी. इस मौके पर सीआरपीएफ 60वीं बटालियन के अधिकारियों के अलावा अन्य जवान मौजूद थे.



**खास बातें**
- अवर निरीक्षक के निधन की सूचना उनके परिजनों को दी
- संतोष कुमार राय उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के रहने वाले थे

**सनसनी** कतरास मोड़ के समीप सुलभ शौचालय परिसर से शव बरामद किया गया

# झरिया में पेड़ पर फंदे से झूलता मिला युवक का शव

- पुलिस हत्या या आत्महत्या दोनों बिंदुओं पर जांच कर रही है

संवाददाता। झरिया

झरिया थाना क्षेत्र के कतरास मोड़ के समीप सुलभ शौचालय परिसर स्थित नीम पेड़ पर मंगलवार की सुबह फंदे के सहारे युवक का झूलता शव मिला. युवक की पहचान स्थानीय निवासी ओम यादव (22 वर्ष) के रूप में हुई. उधर से गुजर रहे कुछ लोगों पेड़ पर लटकते शव को देखकर इसकी जानकारी आसपास के लोगों को दी. इसके बाद वहां भीड़ जुट गई.

सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे और शव देखते ही दहाड़ मारकर रोने लगे. झरिया थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया. पुलिस हत्या या आत्महत्या दोनों बिंदुओं पर जांच कर रही है.



**घटना की जांच-पड़ताल की जा रही है**

### डालटनगंज में रेलवे ट्रैक पर मिला महिला का शव

**पलामू।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन के समीप से मंगलवार को एक महिला का शव खून से लथपथ हालत में मिला. आशंका है कि उसकी मौत किसी ट्रेन की चपेट में आने से हुई होगा.

महिला की पहचान 30 वर्षीय किरण देवी के रूप में हुई है. वह मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के कुम्हार टोली की रहने वाले बतायी गयी है. सूचना मिलने पर टीओपी टू थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया. टीओपी टू के प्रभारी नबी अंसारी ने बताया कि महिला रेलवे ट्रैक और उससे सटे इलाके में कोयला चुनती थी. कोयला चुनने के दौरान किसी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो जाने की आशंका है. घटना की जांच-पड़ताल की जा रही है. पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया है.

# सारंडा जंगल से चोरी की स्क्रैप लदी पिकअप वैन जब्त

संवाददाता। किरीबुरु

किरीबुरु पुलिस ने सारंडा जंगल स्थित सैडल गेट क्षेत्र से भारी मात्रा में अवैध स्क्रैप लदे एक पिकअप वैन को बरामद करने में सफलता पाई है. बताया जा रहा है कि उक्त पिकअप वैन में जो लोहे का स्क्रैप लदा है वह सेल की चिड़ियां खदान की क्रशर का स्ट्रेक्चर है. जिसे गैस कटर से स्क्रैप माफियाओं ने काटकर उक्त वाहन से सारंडा के मारंगपोंगा रास्ते बड़ाजामदा की ओर ले जा रहे थे. इसी दौरान पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ लिया. मौके से वाहन का चालक भागने में सफल रहा. जिस वाहन में स्क्रैप लदा है वह मारंगपोंगा गांव निवासी सुखराम बहंदा का बताया जा रहा है. उल्लेखनीय है कि सेल की चिड़ियां खदान से बडे.पैमाने पर स्क्रैप की चोरी निरंतर जारी है. बीते वर्ष भी स्क्रैप, गैस कटर तथा गैस सिलेंडर लदे वाहन को पुलिस ने पकड़ा था. चिड़ियां खदान में खनन, क्रसिंग, स्क्रिनिंग व माल ढुलाई का कार्य एक ठेका कंपनी को दिया गया है. उसी ठेका कंपनी की क्रशरों को चोर निरंतर गैस कटर से काटकर अन्यत्र बेच रहे हैं. इन स्क्रैप माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्यवाही नहीं होने से माफियाओं का मनोबल काफी बढ़ा हुआ है.



▼ ब्रीफ खबरें

### केंद्रीय टीम ने विद्यालयों का किया निरीक्षण

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड के विद्यालयों का केंद्रीय टीम के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया. टीम में डिप्टी सेक्रेटरी चरनजीत तनेजा, अंडर सेक्रेटरी जीवन कुमार, डीएसई विनय कुमार, एवं एपीओ राज सिन्हा उपस्थित थे. टीम के द्वारा उउवि जमडार, प्रावि अमझर, प्लस टू उवि बिश्नीटीकर एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय माल्डा का निरीक्षण किया. टीम ने उवि बिश्नीटीकर में स्वेटर वितरण नही होने व मध्यान्ह भोजन में सुधार का निर्देश दिया. वहीं एमडीएम का एसएमएस का रिपोर्ट प्रतिदिन नही भेजे जाने पर फटकार लगाई.

### भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन

**पीरटांड़ (गिरिडीह)।** पीरटांड़ प्रखंड के बिशनपुर पंचायत में मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया. बिशनपुर पंचायत के बाद चिलगा पंचायत में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया. विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का स्टॉल भी लगाया गया था. मौके पर पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार की योजनाओं द्वारा आम लोगों को मिले लाभ के बारे में जानकारी ली साथ ही अपनी समस्याओं को लिखित रूप में उनके समक्ष रखने की भी बात कही.

### ग्रामीणों की बैठक में भूमि पूजन पर चर्चा

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड स्थित पिहरा हाट परिसर हनुमान मंदिर में मंगलवार को ग्रामीणों की एक बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में 22 जनवरी को राम जन्म भूमि पूजन कार्यक्रम के उपलक्ष्य में सुंदर कांड व हनुमान चालीसा का पाठ एवं मंदिर परिसर में रात में एक हजार दीपक जलाने का निर्णय लिया गया. बैठक में पप्पू यादव, अनंत कुमार आर्य, सूदन भगत, सुरेश प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद, रंजीत प्रसाद यादव, गोपाल सिंह, जानकी सिंह आदि उपस्थित थे. मौके पर धीरज सिंह, चंदन कुमार, राजू कुमार, रवि कुमार समेत कई लोग मौजूद थे.

### गरीब बच्चों के बीच बांटे गए गर्म कपड़े

**बेरमो।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह के द्वारा दिये गए गर्म वस्त्र को असंगठित कांग्रेस बेरमो के अध्यक्ष संतोष सिंह ने ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े बांटे. फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत न्यू ढांको, पुराना ढांको, कारो कॉलोनी,पानी टंकी न्यू ढांको के बच्चों को सामुदायिक भवन में गरीब बच्चों के बीच गर्म कपड़े, स्वेटर का वितरण कर मानव सेवा का कार्य किया. मौके पर टार्जन मुंडा, राजेश मुंडा, टिंकू कुमार, सोनिया देवी, महावीर मुंडा, खातून जी, बिरजू यादव, मनोज कुमार, कपिल पासवान, रामदीप राम, गोंदा आदि मौजूद थे.

### पूजित अक्षत लोगों के बीच बांटे, दिया गया निमंत्रण

**गांडेय (गिरिडीह)।** मंगलवार को गांडेय प्रखंड के अहिल्यापुर ग्राम में अयोध्या जी द्वारा भेजा गया अक्षत आमंत्रण पत्र घर-घर दिया गया. साथ ही कलश का दर्शन कराया गया. साथ ही कहा कि लंबे समय से भारतवासी आशा लगाए हुए थे कि अयोध्या में रामलला मंदिर कब बनेगा और भगवान रामचंद्र सीता जी और अन्य देवी देवता के साथ भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है. जिसे लेकर ग्रामीणों में काफी उत्सव देखा गया. रामलला मंदिर का प्राणप्रतिष्ठा हो रहा है आपलोग इस दिन मंदिरों में कीर्तन भजन करे.

## आदिवासी समुदाय देता है लोगों को एकता का संदेश

**संवाददाता। गावां (गिरिडीह)**

सोहराय पर्व



प्रकृति के पुजारी आदिवासी समाज आज भी अपनी प्राचीन परंपरा और संस्कृति के प्रति सजग है. यही वजह है कि आदिवासी समाज की आदि काल से चली आ रही परंपरा व संस्कृति की अलग पहचान अब भी बनी हुई है. पर्व-त्योहारों के दिनों में उनकी संस्कृति की झलक देखने को मिलती है. जो समाज की खूबसूरती के साथ एक संदेश भी देती है. यह संदेश स्वच्छता और प्रेम का होता है. इसी का एक रूप बंदना पर्व या सोहराय के रूप में जाना जाता है. आदिवासी बहुल ग्रामीण इलाकों में इन दिनों सोहराय की झलक देखने को मिल रही है. इसकी तैयारियों को लेकर आदिवासी समाज के लोगों ने अपने घरों को सजाना शुरू कर दिया है. ग्रामीण मिट्टी की दीवारों को मिट्टी से बने अलग-अलग रंगों से मनमोहक कलाकृतियां बनाते हैं. जिसे देखकर ऐसा लगता है कि किसी बड़े कलाकार ने इन्हें सजाना शुरू कर दिया है. संथाल समाज सोहराय पर्व को प्रमुखता से मनाते हैं. पांच दिनों तक मनाया जाने वाला यह पर्व कृषि से जुड़ा हुआ है. घरों का रंग-रोगन करना व सजाना उनकी परंपरा है. इस पर्व में पशु की पूजा की जाती है. पशुओं को सजा कर उन्हें गांव-गांव घुमाया जाता है तथा उनकी पूजा-अर्चना भी की जाती है. वंदना पर्व में अब मात्र पांच दिन ही शेष रह गए हैं. ऐसे में आदिवासी समाज प्रत्येक गांव में पर्व की तैयारी में जुट गए हैं. गावां प्रखंड क्षेत्र के रेहा, कुबरी, अमझर, लौरिया, जमडार, तिलैया, खनियापहरी, बल्थरवा, कुरहा, अहराय, बरमसिया, लोरियाटांड़, ढिलुआ आदि गांवों में सोहराय को ले उत्सवी माहौल देखने को मिल रहा है. इधर, गावां प्रखंड के रेहा व हरदिया गांव में सोमवार की रात्रि में सोहराय पर्व धूमधाम से मनाया गया.

### आओ जानें
## सामान्य ज्ञान

- सत्यमेव जयते किस ग्रंथ उपनिषद से लिया गया है – **मुंडक उपनिषद**
- पहली बार परमाणु बम कहां फेंका गया था – **हिरोशिमा**
- किस क्षेत्र में पुलित्जर पुरस्कार दिया जाता है – **पत्रकारिता**
- होम रूल आंदोलन किसके द्वारा शुरू किया गया था – **एनी बेसेंट**
- राज्य सभा के सदस्य का कार्यकाल होता है – **6 वर्ष**
- भारत में सबसे लंबा रेलवे जोन कोनसा है – **उ. रेलवे**
- किसे भारत का बिस्मार्क कहा जाता है – **वल्लभ भाई पटेल**
- गांधार का कला स्कूल किस वंश से संबंधित है – **कुषाण**
- भारत की सबसे ऊंची पर्वत चोटी का नाम – **के–2**
- क्वीन ऑफ डेकन किसे कहा जाता है – **पुणे**

### 75वें गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर हुई बैठक
## स्कूली बच्चे प्रभात फेरी में होंगे शामिल : उपायुक्त

**संवाददाता। बोकारो**



बोकारो में मंगलवार को उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक हुई. उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने कहा कि योजनाबद्ध तरीके से राष्ट्रीय पर्व 75वें गणतंत्र दिवस को मनाया जाएगा. स्कूली बच्चों द्वारा शहर के विभिन्न हिस्सों में प्रभात फेरी निकाली जाएगी. इसके लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं बीएसएल के उप निदेशक को समन्वय स्थापित कर तैयारी करने को कहा. उपायुक्त ने सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों को गणतंत्र दिवस से संबंधित तैयारियों को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिया. सभी विभागों को झांकी में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को पारदर्शिता करने को कहा. गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन को लेकर बोकारो क्लब को आरक्षित करने एवं अन्य तैयारियों को लेकर जरूरी निर्देश दिया. कहा कि जिन्हें जो दायित्व दिया गया है, उसका ससमय अनुपालन करेंगे. वहीं, सुरक्षा के मद्देनजर मुख्य समारोह स्थल पुलिस लाइन मैदान, सेक्टर 12 में मेडिकल टीम को रखने को चिकित्सा पदाधिकारी को कहा. इस दौरान गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न विभागों की उपलब्धियों को केंद्रित करते हुए झांकियां निकालने की तैयारी का निर्णय लिया गया.

### ये लोग रहे उपस्थित

मौके पर नगर निगम चास के अपर नगर आयुक्त सौरव भुवानिया, अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, जिला कल्याण पदाधिकारी मनीषा वत्स, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल भारती, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. शफीक आलम, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खान, पुलिस उपाधीक्षक ट्रैफिक पूनम मिंज, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार, सहायक जन संपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, सीआरपीएफ के प्रतिनिधि, सर्जेंट मेजर, विभिन्न विद्यालयों के प्रतिनिधि उपस्थित थे.

### 10 जनवरी से चलेगा ईवीएम जागरूकता अभियान : डीसी

**बोकारो।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आज से आगामी 28 फरवरी तक बोकारो जिले में ईवीएम एवं वीवीपैट को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा. इसकी जानकारी मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने दी. वह समाहरणालय सभागार में संवाददाताओं को जानकारी दे रहे थे. जिला निर्वाचन पदाधिकारी कुलदीप चौधरी ने जिले के मतदाताओं के साथ-साथ जन प्रतिनिधियों एवं राजनीतिक पार्टियों के सदस्यों से भी अपील की है कि वह ईवीएम जागरूकता अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करें. साथ ही,अपनी सक्रिय सहभागिता भी दिखाएं. उन्होंने बताया कि ईवीएम जागरूकता कार्यक्रम, अभियान के तहत जिला मुख्यालय (जिला उद्योग केंद्र परिसर) एवं दोनों अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय (चास/बेरमो) में ईवीएम वीवीपैट जागरूकता केंद्र स्थापित किया जाएगा. वहीं, जिले के सभी मतदान केंद्रों पर मोबाइल डेमोंसट्रेशन वैन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा. इसके अलावा बीएलओ को भी थ्री डी ईवीएम-वीवीपैट की तस्वीर उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके माध्यम से बीएलओ मतदाताओं को ईवीएम के प्रति जागरूक करेंगे. कार्यक्रम के तहत लोगों को ईवीएम मशीन, मतदान प्रक्रिया, वीवीपैट आदि के बारे में विस्तार से व्यवहारात्मक जानकारी दी जाएगी. उधर, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार ने पीपीटी के माध्यम से अभियान की रूप रेखा, रूट चार्ट, कार्यक्रम स्थल के संबंध में जानकारी दी.

### धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव बोले-
## भाजपा लोगों को गुमराह कर रही है

**संवाददाता। गावां (गिरिडीह)**



गावां प्रखंड अंतर्गत बिश्नीटीकर गांव में मंगलवार को भाकपा माले द्वारा बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में नवीकरण, सदस्यता, 16 जनवरी शहादत दिवस की तैयारी को लेकर चर्चा की गई. बैठक में मुख्य रूप से धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव उपस्थित थे. बैठक की अध्यक्षता मों मुस्लिम अंसारी एवं संचालन दिनेश पांडे ने किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि 16 जनवरी 2024 को झारखंड के जननायक शहीद कॉमरेड महेंद्र सिंह की शहादत दिवस पर अधिक से अधिक संख्या में लोगों को चलना है. आज हमारे देश में संविधान, लोकतंत्र और हमारी आजादी खतरे में हैं और भाजपा लगातार धर्म के नाम पर लोगों को गुमराह करके रोजगार से भटका रही है. महगांई पर मोदी सरकार चर्चा नहीं करती हैं. इन तमाम मुद्दो को लेकर भाकपा माले के कार्यकर्ताओं गांव गांव जाकर पुरी तैयारी करें और 16 जनवरी की जनसंकल्प सभा को ऐतिहासिक बनाए. इस बार कोडरमा लोकसभा में भाकपा माले मजबूती के साथ मैदान में उतरेंगी और भाजपा को हरायगी. मौके पर केशो प्रसाद यादव, दिनेश्वर यादव, इंद्रेव यादव, रामस्वरुप यादव, गांधी यादव, सुधीर भुइयां, जितेंद्र यादव, तिलक यादव, नंदलाल स्वर्णकार, विजय यादव, बिनोद यादव, मनोज सिंह, दिनेश यादव, मालती देवी, जासो देवी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे.

## बेरमो में सेमेस्टर फाइव का परीक्षा शुरू, प्रबंधन मुस्तैद

**संवाददता। बेरमो**

विनोद बिहारी महतो, कोयलांचल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्नातक सेमेस्टर 5 सत्र 2021-24 एवं सत्र 2020-23 की परीक्षा तेनुघाट महाविद्यालय तेनुघाट में शान्ति और कदाचार मुक्त चल रही है. यह परीक्षा 3 जनवरी से प्रारंभ हुई है जो 16 जनवरी 2024 तक चलेगी. तेनुघाट महाविद्यालय में परीक्षा केंद्र बनाया गया है जहां केबी कॉलेज बेरमो के विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं. तेनुघाट कॉलेज के केंद्राधीक्षक प्रो सुदामा तिवारी एवं परीक्षा नियंत्रक प्रो धनंजय रविदास ने बताया कि 9 जनवरी 2024 को प्रथम पाली में राजनीति विज्ञान, उर्दू एवं बीसीए की परीक्षा हुई. जिसमें राजनीति विज्ञान के 88, उर्दू में 6 एवं बीसीए में 18 परीक्षार्थी उपस्थित रहे. द्वितीय पाली में वाणिज्य, एंथ्रोपोलॉजी, साइकोलॉजी, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, एवं गणित की परीक्षा में सभी परीक्षार्थी उपस्थित रहे. विवि के निर्देशानुसार महाविद्यालय में परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त संचालन हो रहा है. महाविद्यालय परीक्षा कड़ाई पूर्ण रूप से संचालित करने में प्रो श्रीकांत प्रसाद, प्रो महावीर यादव, प्रो संजीव कुमार महाराज, दिनेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, प्रो रावण मांझी, प्रो कालीचरण महतो, प्रमोद कुमार, शंकर सिंह, विनय यादव एवं प्रेम कुमार सक्रिय रहे.

### संकल्प यात्रा के तहत हुआ कार्यक्रम

**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी प्रखंड के खटपोंक और सिंघो पंचायत में प्रभारी बीडीओ बिनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता अजय रंजन सिंह, जिप सदस्य रामकुमार राउत, सिंघो मुखिया मो. हासिमुद्दीन, सुनील शर्मा, नरेश यादव मौजूद थे. मुख्य अतिथियों का पंचायत भवन मोड़ पर माला पहनाकर व तिलक लगाकर ढ़ोल-बाजे के साथ स्वागत किया गया. जिसके बाद मुख्य अतिथियों के साथ जुलूस के रूप में ग्रामीण भी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे. जहां पुष्प गुच्छ और स्वागत गीतों से अतिथियों का अभिवादन किया गया.

## आंगनबाड़ी केंद्र सहित दर्जनों मामलों पर हुआ विचार मंथन

**संवाददाता। गांडेय (गिरिडीह)**

गांडेय प्रखंड के सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति की मासिक बैठक संपन्न हुई . बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख राजकुमार पाठक ने किया. मौके पर प्रमुख राजकुमार पाठक ने कहा कि विगत सात वर्षो से प्रखंड में अधूरे पड़े 86 आंगनबाड़ी केंद्र के संवेदक के खिलाफ स्पष्टीकरण देने का निर्णय लिया गया. प्रखंड परिसर में ग्रामीण विकास विभाग से बने भवन को अधूरे कार्य रहने के बाद भी पूर्ण राशि की निकासी पर प्रभारी बीडीओ दीपेश कुमारी ने विभाग के जेई के विरुद्ध कड़ी करवाई करने की आदेश जारी किया गया है. बैठक में प्रखंड परिसर में पार्क निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया पंचायत समिति की बैठक में प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्य ने भाग लिया. गांडेय पंचायत समिति सदस्य मधुमाला देवी ने पंचायत के अंतर्गत ढकोड़ीह में आजाद से अभी तक लोगों को गवां तक पहुंच पथ नही बना है. जिसको लेकर आवाज उठाई और मांग किया की जल्द से जल्द उस गवां के लिए रोड निर्माण किया जाए.

बैठक को संबोधित करते हुआ प्रभारी बीडीओ दीपेश कुमारी ने कहा कि विभाग के सभी पदाधिकारी से सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आए हुआ आवेदन को जल्द से जल्द निष्पादन किया जाए, साथ ही आबुआ आवास को लेकर अहर्ता रखने वाले लाभुकों को चयन कर आगे की करवाई के लिए किया जाए ताकि सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजना का लाभ लाभुकों को मिल सके. मौके पर उपस्थित बीडीओ निशांत अंजुम सी ओ मनोज कुमार, बीपीओ मनीषा सोरेन, मनोज मुर्मू,सांसद प्रतिनिधि रघुनाथ यादव, भैरो वर्मा, शंकर सिंह कुतुबुद्दीन अंसारी, भोला मंडल, गुलाब मंडल,सहित सभी विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे.

### सामाजिक और सांस्कृतिक विषयों पर हुई चर्चा

**कथारा (बेरमो)।** बेरमो प्रखंड के जारंगडीह स्थित कोनार नदी के तट पर सिस्टा परिवार का बैठक सह वनभोज कार्यक्रम संपन्न हुई. वनभोज सह बैठक कार्यक्रम की अध्यक्षता जारंगडीह शाखा अध्यक्ष मुकेश कुमार महली तथा संचालन शाखा सचिव जितेंद्र पासवान के द्वारा किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामनारायण राम मांझी, कथारा क्षेत्र के संरक्षक डॉ एसएन राम, उप महामंत्री अशोक रविदास, सीआईएल उपाध्यक्ष जीतेन्द्र भारती, एबीएसआई के उपाध्यक्ष छोटन राम, क्षेत्रीय अध्यक्ष डीबी मांझी, उपसचिव कन्हाय राम, सुभाष चंद्र पासवान शामिल थे. बैठक में सिस्टा परिवार की प्रगति एवं सामाजिक गतिविधियों तथा मजबूती के मामलों पर चर्चा किया गया. मुख्य अतिथि ने कहा कि सिस्टा परिवार बाबा साहब अंबेडकर के विचारों के साथ बहुजन समाज के उत्थान के लिए हमेशा आगे रही है. सीसीएल क्षेत्र में सिस्टा परिवार हर कर्मचारियों के सुख दुख के हमेशा खड़ी रहती है.

## हड़ताल के दौरान जबरन होम डिलीवरी का होगा विरोध



**संवाददाता। जरीडीह (बोकारो)**

जरीडीह प्रखंड के पीडीएस गोदाम में मंगलवार को प्रखंड के पीडीएस डीलरों ने बोकारो जिला फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के प्रखंड अध्यक्ष गोपाल नायक के नेतृत्व बैठक एवं प्रदर्शन किया. इस दौरान बताया कि अगर हड़ताल के दौरान जबरन अनाज का होम डिलीवरी देने की कोशिश की गई, तो इसका जोरदार तरीके से विरोध किया जाएगा. पीडीएस डीलरों ने कहा कि 1 जनवरी से संगठन के दिशा निर्देश पर सभी पीडीएस डीलर हड़ताल पर है. पीडीएस डीलरों का बीते 13 महीने से अनाज वितरण के कमिशन का भुगतान राज्य सरकार के द्वारा नहीं किया गया है. जिससे डीलरों की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है. मौके पर अध्यक्ष गोपाल नायक, अमित कुमार मंडल, मुकेश कुमार नायक, रामेश्वर सिंह, पन्नालाल जायसवाल, दीपक मिश्रा, पिंटू अग्रवाल, पासपत मंडल, संरक्षक शिवनाथ साह, जानी बाबू अंसारी, कलावती देवी, पार्वती देवी, मधुबाला देवी, रीना देवी, मंगुति देवी, सतीश चंद्र रजवार, सरिता देवी, सोनिया देवी, इसराइल अंसारी, तारिणी, इजहार अंसारी, जफर आलम आदि मौजूद थे.

## बीडीओ-बीएओ ने हरी झंडी दिखाकर रथ को किया रवाना

**गावां (गिरिडीह)।** गावां बीडीओ महेंद्र रविदास और बीएओ प्रदीप राम ने मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय से हरी झंडी दिखाकर कृषि जागरूकता रथ को रवाना किया. यह रथ प्रखंड के मंझने, बिरने, पटना, माल्डा, पिहरा, खरसान एवं बादीडीह पंचायत के किसानों को सरकार की ओर से उन्नत कृषि के लिए चलाये जा रहे योजनाओं को लेकर प्रेरित करेगा. बीएओ प्रदीप राम ने बताया कि प्रखंड के 9 पंचायतों में उन्नत कृषि को लेकर जागरूकता रथ के माध्यम से किसानों को प्रोत्साहित किया जायेगा. कहा कि खेती के लिए सरकार किसानों को सभी तरह के संसाधन को उपलब्ध करा रही है. मौके पर बीटीएम इंद्रजीत शेखर, मुखिया कन्हाई राम, पूर्व पंसस संतोष मरांडी, दीपक कुमार समेत कई उपस्थित थे.

F9 होटल्स एंड इंडिया ट्रेवल
में आपका स्वागत और अभिनंदन।

आपके यात्रा को सुखद और सुविधाओं के आकांक्षा के लिए अयोध्या धाम श्रीराम नगरी, दिल्ली, पहाड़गंज नोएडा, गुड़गांव, देहरादून मसूरी, मुक्तेश्वर, हरिद्वार, ऋषिकेश, केदारनाथ,




बद्रीनाथ, नैनीताल, अमृतसर, जम्मू , कटरा, वैष्णो देवी, जयपुर, उदयपुर, पुष्कर, अजमेर, आगरा, मथुरा, वृंदावन समेत पूरे भारत मे होटल और रूम मे ठहरने की उचित सुविधा और बस, ट्रेन और हवाई जहाज की टिकट की सुविधा निरंतर उपलब्ध है।

- FLIGHT TICKETS
- CRUISE BOOKING
- HOTEL BOOKING
- TRAIN TICKET
- TAXI SERVICE
- CURRENCY EXCHANGE
- HOLIDAY PACKAGES
- GROUP BOOKINGS
- E VISA SERVICE
- INTERNATIONAL TOUR PACKAGES



BOOKING
Call 8527271652-ved

**प्रतियोगिता** विधायक डॉ लंबोदर महतो हुए शामिल, कहा-सभी गतिविधियों में अव्वल रहा है विद्यालय

## कसमार में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

**संवाददता। कसमार (बोकारो)**



कसमार प्रखंड मुख्यालय स्थित गांधी मैदान में मंगलवार को प्लस टू उच्च विद्यालय कसमार के दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की शुरुआत हुई. इस खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, विशिष्ट अतिथि कसमार उत्तरी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य अमरदीप महाराज एवं विद्यालय के प्राचार्य फारूक अंसारी ने फीता काटकर किया. इस अवसर पर विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि कसमार हाई स्कूल शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद व अन्य सभी गतिविधियों में हमेशा अग्रणी रहा है. यह निरंतरता बरकरार रहे इसके लिए बच्चों को सतत प्रयासरत रहने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि विद्यालय विकास से लेकर विद्यालय के प्रतिभावान खिलाड़ियों को उचित मंच एवं अवसर प्रदान करने के लिए उन्हें जिस तरह की मदद की जरूरत हो, वे हर समय तैयार हैं. उन्होंने विद्यालय की चहारदीवारी एवं शौचालय का शीघ्र निर्माण कराने का आश्वासन दिया.

जिला परिषद सदस्य अमरदीप महाराज ने भी विद्यालय के विकास के लिए हरसंभव मदद का भरोसा दिया. मौके पर विद्यालय के प्राचार्य फारूक अंसारी ने बताया कि इस दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में फुटबॉल, क्रिकेट, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो खो, दौड़, हाई जंप, लांग जंप, गोला फेंक समेत अन्य कई प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा. इस दौरान चार सदनों में बांटकर प्रयास कार्यक्रम को ध्यान में रखकर कार्यक्रम का पहला खेल बालकों के बीच फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हुआ, जिसमें स्वर्णरेखा हाउस ने कोयल हाउस को 3-0 के अंतर से पराजित किया. इस अवसर पर विज्ञान संकाय के छात्र अनुज कुमार महतो के नेतृत्व में छात्रों ने गोमिया विधायक को उनकी खूबसूरत कलाकृति भेंट की. बुधवार को पहला मैच शंख हाउस एवं दामोदर हाउस के बीच बालकों का फुटबॉल मैच खेला जाएगा. इसके बाद बालिकाओं का फुटबॉल मैच खेला जाएगा.

मौके पर क्षेत्रनाथ हाई स्कूल हरनाद के प्राचार्य मनोज कुमार दत्ता, डॉ.रणजीत कुमार झा, राम बाबू शुक्ल, डॉ. अवनीश कुमार झा, अशोक रजवार, करमचंद महतो, अजय दूबे, प्रशांत ओझा, धनलाल कपरदार, सत्येन्द्र कुमार, महाकांत झा, धनंजय कुमार, अनिल कुमार रजवार, सुजाता कुमारी, परमेश्वर बेसरा, सुभय चक्रवर्ती, अमित कुमार, जितेन्द्र सिंह, खुर्शीद रजा, सुशीला कुमारी, सुभाष चंद्र ठाकुर, रितेश महथा, नितेश प्रजापति व अन्य लोग उपस्थित थे.

### मामला लंबित, कैसे पास हो गया एलपीसी

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** बेंगाबाद अंचल कार्यालय से नियमों को ताक पर रख कर एक विवादित भूखंड का एलपीसी निर्गत करने का मामला प्रकाश में आया है. जिस जमीन का एलपीसी निर्गत किया गया उसको लेकर न्यायालय में मामला लंबित है. न्यायालय में मामला लंबित होने के बावजूद भी उक्त जमीन का एलपीसी निर्गत करने में राजस्व कर्मचारी समेत कई अंचल कर्मियों के मिलीभगत की बात कही जा रही है. मामला भण्डारीडीह पंचायत के दिघरियकला मौजा से जुड़ा हुआ है. मामले को लेकर हल्का कर्मचारी रविन्द्र कुमार चक्रम ने कहा कि दोनों पक्षों द्वारा मामला सुलह कर लिया गया है. अपर समाहर्ता कार्यालय से समझौता पत्र मिलने के बाद एलपीसी निर्गत किया गया है.

# बजट बनाने में जुट गई राज्य सरकार

# जनता को कीमत घटने का इंतजार

- बजट में जनकल्याण और सर्वांगीण विकास पर जोर रहना चाहिए
- ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना सरकार की है प्राथमिकता
- बजट में दूरदर्शिता के साथ प्रावधानों को समाहित किया जाएगा




किसी भी सरकार के लिए बजट काफी महत्वपूर्ण होता है. इस पर सरकार की दिशा और जनता का भविष्य निर्भर करता है. सरकार एक तरफ बजट के जरिए आगे विकास और जनहित पर खर्च करने के लिए नीति बनाती है तो जनता इसके जरिये अपने घर की बजट तय करती है. जाहिर है ऐसे में प्रदेश की जनता की नजर बजट पर रहती है. इसलिए झारखंड सरकार बजट (2024-25) तैयार करने में जुट गई है. विकासवादी सोच वाली हेमंत सरकार की नजर युवाओं को लेकर चलने की है. इसलिए झारखंड सरकार 2024-25 के बजट में गांव, कृषि, किसान और नौजवानों पर रहने की उम्मीद है. रोजगार और स्वरोजगार के प्रावधानों में वृद्धि पर भी बजट में जोर रह सकता है. इसके साथ ही आधारभूत संरचना, शिक्षा, खेल, उद्योग, स्वास्थ्य, कृषि, बिजली, पानी, सड़क, आवास योजना व सामाजिक सुरक्षा का मामला है, जिसे समाहित किया जा सकता है. दूरगामी सोच वाले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को 2024-25 के बजट में इनका प्रावधान करने का निर्देश दिया है. वहीं बजट की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक दौर भी शुरू हो चुका है. मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान अधिकारियों को पूरे झारखंडवासियों की प्राथमिकताओं और आकांक्षाओं को देखते हुए एक बेहतर बजट तैयार करने का निर्देश दिया है. मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में जनकल्याण और सर्वांगीण विकास पर जोर रहना चाहिए. राज्य में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है. इसके लिए लगातार काम किए जा रहे हैं. झारखंड कई क्षेत्रों में तेज गति से प्रगति भी कर रहा है. गांव, कृषि, किसान और नौजवान पर फोकस करते हुए जन कल्याणकारी योजनाओं को उन तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है. कहा कि बजट में दूरदर्शिता के साथ प्रावधानों को समाहित करें. योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को मिले इस सोच के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं. वहीं सरकार की बजट से कितनी उम्मीदें हैं इसे जानने शुभम संदेश की टीम लोगों के बीच पहुंची और तैयार की रिपोर्ट...

## आदित्यपुर

### किसानों को अब बैंकों से जीरो बैलेंस का क्रेडिट कार्ड मुहैया कराई जाए: सोखेन हेम्ब्रम

झारखंड सरकार से राज्य के किसानों को काफी उम्मीद है. सर्वप्रथम तो आंधी पानी में क्षति हुई फसल का मुआवजा के साथ बजट में ऐसा प्रावधान करे. वहीं सरकार किसानों के लिए हर सीजन के फसल लगाने में उत्तम किस्म का बीज और खाद मुफ्त उपलब्ध कराए ताकि हर किसान खेतों में फसल लगा सके. उन्हें बैंकों से जीरो बैलेंस का क्रेडिट कार्ड मुहैया कराई जाए. साथ ही किसानों के उपज का उचित मूल्य निर्धारण के लिए आयोग का गठन किया जाय, जिसमें धान गेहूं के साथ नगदी फसल जैसे सब्जियों के फसल का उचित मूल्य निर्धारण जरूरी है, क्योंकि इसके बिना सरकार को अपने उपज को दलालों के हाथों औने पौने दामों पर बेचना पड़ता है. जिससे उन्हें क्षति पहुंचती है. यह ठीक नहीं है.

### किसानों को जमीन के मुताबिक क्रेडिट कार्ड मिले तो सभी के लिए अच्छा रहेगा: राजू सरदार

नए बजट में झारखंड सरकार किसानों के लिए फसल का उचित मूल्य गारंटी स्कीम का प्रावधान करे. चूंकि किसानों को अपने फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है. जिससे वे टमाटर, गोभी जैसे फसलों को खेतों में ही सड़ने छोड़ देते हैं. चूंकि उन्हें बाजार तक ले जाने का किराया तक नहीं मिल पाता है. सरकार हर प्रखंड में कच्चे फसलों के लिए एक एक कोल्ड स्टोरेज का निर्माण कराए. ताकि किसान सीजन के फसलों को स्टॉक कर उसे बेमौसम बेचकर ज्यादा मुनाफा कमा सके. साथ ही किसानों को जमीन के मुताबिक क्रेडिट कार्ड मुहैया कराई जानी चाहिए. जिससे कि वे ऋण लेकर समय पर खेती कर सकें.

### हर प्रखंड में स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए कॉलेज खोले जाना चाहिए : बृजमोहन सिंह

इस बार के बजट में झारखंड सरकार ऐसी राज्य शिक्षा नीति बनाए जिसमें यह प्रावधान हो कि हर प्रखंड में प्राथमिक विद्यालय से लेकर एक स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए स्कूल कॉलेज खोले जाएं, ताकि छात्रों को शहरों के स्कूल कॉलेजों में एडमिशन के लिए दौड़ नहीं लगानी पड़े. खासकर बालिकाओं के लिए यह जरूरी है. साथ ही उच्च शिक्षा के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों के लिए विशेष आर्थिक मदद का प्रावधान सभी वर्गों के लिए किए जाएं. तभी झारखंड की शैक्षणिक क्षमता में वृद्धि संभव होगी. तभी शिक्षा के क्षेत्र में सुधार होगा. जब शैक्षिक स्तर बेहतर होगा तो समृद्धि होगी.

### अब सरकार को ग्रामीण शिक्षा पर जोर देने की जरूरत है, इसे देखने की जरूरत है: बाबू तांती

झारखंड सरकार को ग्रामीण शिक्षा पर जोर देने की जरूरत है. ग्रामीण क्षेत्र के छात्र संसाधनों की वजह से उच्च शिक्षा ग्रहण नहीं कर पा रहे हैं. इसलिए प्रखंडों में उच्च शिक्षा के साथ तकनीकी शिक्षा का भी संस्थान खुलने चाहिए. इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली से बेरोजगारी दूर होगी और गांव के युवक युवतियां कौशल सम्पन्न होकर खुद का भी व्यवसाय कर सकेंगे. मेरे विचार से झारखंड सरकार को कौशल विकास पर जोर देते हुए शैक्षणिक नीति बनानी चाहिए. आज इसकी काफी जरूरत है. यही समय की मांग है.

## लातेहार

### प्रदेश में बंद कॉलेजों को चालू करे झारखंड सरकार, यही हमारी मांग है : रमेश उरांव

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश उरांव ने कहा कि झारखंड सरकार को चाहिए कि प्रदेश में बंद पड़े कॉलेजों को खोले. ताकि विद्यार्थियों का भविष्य सुधर सके. मुख्यमंत्री ने लातेहार में पिछले साल 14 फरवरी को एक डिग्री कॉलेज एवं एक महिला डिग्री कॉलेज के भवन का उद्घाटन किया था. लेकिन आज तक उसमें पढ़ाई शुरू नहीं किया गया. सरकार को बजट में शिक्षा के लिए अतिरिक्त राशि का प्रावधान करे ताकि बंद पड़े कालेजों को खोल कर उसमें संसाधन उपलब्ध कराया जा सके ताकि शिक्षण कार्य शुरू हो सके. इससे छात्रों को पढ़ने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा.

### राज्य सरकार को टैक्स कम करना चाहिए, ताकि लोगों की समस्या घटे : कमलेश उरांव

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमलेश उरांव ने कहा कि डीजल व पेट्रोल में राज्य सरकार को अपना टैक्स कम करना चाहिए. इससे पेट्रोल व डीजल के मूल्य कम होंगे. पेट्रोल व डीजल के दाम कम होने से आवागमन व परिवहन के किराया में कटौती होगी. इससे महंगाई घटेगी. सामान की कीमतें गिरेंगी. देश के दूसरे सरकारों ने अपने-अपने राज्यों में पेट्रोलियम में लगने वाले वैट को कम किया है. इससे वहां के लोगों को काफी राहत मिली है. इसलिए इसे झारखंड में भी करने की जरूरत है.

### विधवा, वृद्ध और दिव्यांग पेंशन की राशि को अब बढ़ाये सरकार, यह जरूरी है : नागमणी

छात्र नेता नागमणी ने कहा कि सरकार को विधवा, वृद्ध और दिव्यांग की पेंशन राशि से बढ़ाना चाहिए. असमय विधवा हो जाने वाली महिलाओं को पेंशन राशि में वृद्धि की जानी चाहिए. ऐसी महिलाओं को घर व समाज से तिरस्कार का सामना करना पड़ता है. आगामी बजट में ऐसी महिलाओं को बजट में अलग से पेंशन की राशि देने का प्रावधान किया जाना चाहिए. अभी सरकार जो पेंशन राशि दे रही है वह कम है. आज के महंगाई के दौर में उस राशि से कुछ नहीं होता है. सबकुछ तो घर का खर्च जुटाने में ही चला जाता है.

### किसानों खेतों में पानी की व्यवस्था हो, उन्हें सिंचाई के साधन सब्सिडी पर मिले: वीरेंद्र प्रसाद

किसान वीरेंद्र प्रसाद ने कहा कि सरकार से यही अपेक्षा है कि किसानों के खेतों में पानी की व्यवस्था हो. पटवन के लिए अनुदानित मूल्य पर सोलर आधारित पंप किसानों को मिलना चाहिए. जब खेती ठीक से होगी तो खुशहाली आएगी. इसके अलावा सरकार को बिजली के दरों में कटौती करनी चाहिए. बिजली आज लोगों की सबसे बड़ी जरूरत है. लेकिन बिजली के दरों में हो रही लगातार वृद्धि से आम बिजली उपभोक्ता परेशान हैं. जबकि अधिकतर कार्य के लिए बिजली पर निर्भर रहना पड़ता है. जब इसकी कीमत बढ़ेगी तो सभी इसमें आएंगे. इससे किसानों पर भी बोझ बढ़ेगा. सरकार को इस पर विचार करना चाहिए. कहा जा रहा है कि सरकार फिर से बिजली के दरों में बढ़ोतरी करने वाली है. इसलिए इस पर विचार जरुरी है.

## चाईबासा

### राज्य सरकार को अब छात्र हित में बजट पास करना चाहिए, इससे खुशी होगी: सुबोध महाकुड़

कोल्हान विश्वविद्यालय के छात्र प्रतिनिधि सुबोध महाकुड़ ने कहा कि झारखंड सरकार को इस बार छात्र हित में बजट पास करना चाहिए. शिक्षा के क्षेत्र में सबसे अधिक बजट की व्यवस्था सरकार को करनी चाहिए. ताकि भविष्य का निर्माण सही हो सके. स्वास्थ्य में अधिक से अधिक बजट पारित होने से लोगों को परेशानी नहीं होगी. स्वास्थ्य में सबसे अधिक लोगों का पैसा डूब जाता है. सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करनी चाहिए. खान-पान पर बजट कटौती कर शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए बजट को बढ़ाने की जरूरत है. जब तक शिक्षा और स्वास्थ्य कमजोर रहेगा तब तक राज्य के लोग कमजोर होते जाएंगे.

### लोगों का स्वास्थ्य लगातार खराब हो रहा है, इस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए: सनातन

कोल्हान विश्वविद्यालय के छात्र प्रतिनिधि सनातन पिंगुवा ने कहा कि राज्य के लोग गरीब होते जा रहे हैं. झारखंड राज्य अमीर है. लेकिन यहां के जनता पूरी तरह से गरीब हो चुकी हैं. लोगों का लगातार स्वास्थ्य खराब हो रहा है. स्वास्थ्य क्षेत्र में लोग निजी खर्च अधिक कर देते हैं. बचत कुछ नहीं होता है. साथ ही शिक्षा का स्तर पूरी तरह से गिरा हुआ है. शिक्षा के स्तर को भी बढ़ाने की जरूरत है. जब तक लोग शिक्षित नहीं होंगे तब तक जीवन सही नहीं जी पाएंगे. जीवन को सही से जीने के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है. इस पर सरकार को बजट पास करने की जरूरत है. इसका फायदा सभी छात्रों को होगा.

### कृषि क्षेत्र में अधिक बजट पास हो, प्रदेश में बड़ी संख्या में किसान खेती करते हैं : अशोक तांती

जन रक्षा संघर्ष समिति के अध्यक्ष अशोक तांती ने कहा कि सरकार को किसानों के हित में निर्णय लेने चाहिए. यादि किसान खेती में उपजाऊ करता है तो इसका लाभ हर किसी को मिलता है. इसलिए किसान का सम्मान करने की जरूरत है. जब तक इसमें अतिरिक्त बजट नहीं होगा तब तक यहां के लोगों को परेशानी होगी. सरकार को कृषि क्षेत्र में विकास करने की जरूरत है, जब तक कृषि क्षेत्र को मजबूत नहीं किया जाएगा तब तक यहां के जनता गरीब होते रहेंगे. कृषि को एक उद्योग क्षेत्र का दर्जा देना चाहिए, ताकि जनहित में विकास हो सके. कृषि क्षेत्र में अधिक बजट पास किया जाए.

### लगातार शिक्षा का स्तर झारखंड में गिरता जा रहा. इस पर बजट में ध्यान रखा जाय: पीपुन

टाटा कॉलेज के छात्र पीपुन बारिक ने कहा कि लगातार शिक्षा का स्तर झारखंड में गिरता जा रहा है. इसको सुधार करने की जरूरत है. जब तक सुधार नहीं होगा तब तक गरीब गरीब होते जाएंगे और अमीर अमीर होते रहेगा. गरीब लोगों का शिक्षा का स्तर पूरी तरह से गिर गया है. उसको शिक्षा हासिल करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है. लेकिन सरकार इस पर किसी तरह का सहयोग नहीं कर रहा है. जिसके कारण लोगों को उचित शिक्षा नहीं मिल पा रही है. सरकार को शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे भ्रष्टाचार को खत्म करने की जरूरत है. इसको लगाम लगाया जाए. ताकि यहां का शिक्षा स्तर बढ़ाया जा सके.

## चक्रधरपुर

### बजट में ऐसा प्रावधान हो कि किसानों को फसल बिक्री के लिए बाजार मिल जाय: मनोज

चक्रधरपुर निवासी किसान मनोज महतो ने कहा कि बजट में किसानों पर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जाता है. किसान अपने खेतों में मेहनत कर फसल लगाते हैं, लेकिन इन फसलों की बिक्री के लिए किसानों को बेहतर बाजार नहीं मिल पाता है. सरकार को किसानों तक डोर स्टेप पहुंचकर फसलों की खरीदारी की व्यवस्था की जानी चाहिए, ताकि किसान कम दामों पर उत्पादित फसलों को ना बेच सके. इसके साथ ही प्रत्येक प्रखंड में किसानों को कम दामों में बीज,खाद इत्यादि मिलने की व्यवस्था होनी चाहिए.

### खेती के लिए सिंचाई की हो उत्तम व्यवस्था बजट में इस पर बात होनी चाहिए: रानी कुई

चक्रधरपुर निवासी महिला किसान रानी कुई ने कहा कि खेती के लिए सिंचाई की उत्तम व्यवस्था होनी चाहिए. सिंचाई का बेहतर साधन नहीं होने के कारण क्षेत्र के किसान अच्छी खेती नहीं कर पाते हैं. राज्य सरकार को बजट में नहर निर्माण, पाइपलाइन के जरिए सिंचाई की व्यवस्था इत्यादि पर ध्यान देने की आवश्यकता है. किसान खेतों में तरह-तरह के फसल लगाकर ही अपनी आर्थिक स्थिति ठीक कर सकते हैं. इससे सभी को फायदा होगा.

### बजट में ऐसा प्रावधान हो कि किसानों को कम दाम पर मिले खेती संबंधित सामान: राजू प्रधान

चक्रधरपुर निवासी किसान राजू प्रधान ने कहा कि बजट में किसानों पर ध्यान दिया जाना चाहिए. किसानों को कम दाम पर खेती संबंधित सामान मिल सके. इसके लिए प्रखंड स्तर पर दुकान होनी चाहिए, ताकि किसानों को खेती में किसी प्रकार की परेशानी ना हो. साथ ही कोल्ड स्टोरेज की व्यवस्था नहीं होने के कारण किसानों को परेशानी होती है. इसे देखते हुए राज्य सरकार को प्रखंड स्तर पर कोल्ड स्टोरेज खोलने की आवश्यकता है.

### इंटर के बाद विद्यार्थियों को कराई जानी चाहिए वोकेशनल ट्रेनिंग, ऐसी व्यवस्था हो: मनीष कुमार

चक्रधरपुर के छात्र मनीष कुमार ने कहा कि राज्य सरकार को विद्यार्थियों के लिए बजट में विशेष ध्यान देने की जरूरत है. हेमंत सोरेन ने चुनाव से पूर्व जिस तरह की घोषणा है युवाओं को लेकर की थी वैसा नहीं हो पाया है. इंटर की पढ़ाई के बाद विद्यार्थियों के लिए वोकेशनल ट्रेनिंग कराई जानी चाहिए. साथ ही राज्य में विभिन्न के विभिन्न सरकारी विभागों में बड़ी संख्या में पद खाली पड़े हैं, इन खाली पड़े पदों पर बहाली प्रक्रिया के तहत युवाओं को नौकरी देनी चाहिए. आज जो हालात हैं उसमें हर तरफ रोजगार की चर्चा होती है. यह सरकार भी इस पर कई बार बोल चुकी है. इसके लिए वैकेंसी भी निकाली जा चुकी है. लेकिन इस पर कोई बात नहीं हो रही है. जबकि यह सबसे अधिक जरूरी है. यह सिर्फ प्रदेश की ही नहीं, बल्कि पूरे देश की समस्या है. रोजगार उपलब्ध होंगे तो युवाओं का मनोबल बढ़ेगा. इससे उनमें सरकार और व्यवस्था के प्रति भरोसा बढ़ेगा. यह प्रदेश के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए फायदेमंद होगा. यह सरकार की जिम्मेदारी है.

## साहिबगंज

### इस बार के बजट में किसानों के लिए कुछ खास जरूर होना चाहिए: मेसा पहाड़िया

बोरियो प्रखंड के दुल्ले पहाड़ गांव निवासी किसान मेसा पहाड़िया ने कहा सरकार से अपेक्षा है कि इस बार बजट में किसानों के लिए कुछ खास होना चाहिए. हमलोगों काफी हद तक सरकार पर निर्भर हैं. अगर सरकार से कुछ रियायत मिलेगी तो आगे फायदा होगा. हमलोगों के जीवनस्तर में भी सुधार होगा. सरकार ऐसी स्कीम लाये जिससे हमलोगों को लाभ होगा. बताया कि सरकार को चाहिए कि हम सभी पहाड़िया गांवों में सिंचाई के लिए हर खेत में पानी एवं बिजली की सुविधा उपलब्ध कराए. क्योंकि की बहुत से पहाड़िया गांवों में देश आजाद होने के बाद भी अभी तक बिजली का व्यवस्था नहीं हो पायी है. हर मौसम में खेतों में सिंचाई की मुकम्मल व्यवस्था किया जाए, ताकि बोरियो प्रखंड में किसानों को उत्पादों को रखने में परेशानी नहीं हो. पहाड़िया जनजाति के लिए एक कोल्ड स्टोरेज बनाने पर विचार किया जाना चाहिए. ताकि हमलोग अपना अनाज किसी दलाल के हाथों में कम दामों में बेचने से बच सकें.

### हालात यह है कि वर्षा के मौसम में ही अपने खेतों में हम खेती कर पाते हैं: सुरेश पहाड़िया

मंडरो प्रखंड के आमजोड़ी पहाड़गांव निवासी किसान सुरेश पहाड़िया ने बताया कि हमलोग न तो खेतो में पानी से सिंचाई कर पाते हैं और न ही ढंग से खेती कर पाते हैं. केवल वर्षा के मौसम में ही अपने खेतों में खेती कर पाते हैं. हमलोग सरकार से मांग करते हैं कि हम सभी पहाड़िया समाज के लोगों के लिए सरकार के द्वारा विशेष पैकेज की घोषणा की जाय ताकि हमलोगों को राहत मिल सके. वहीं खेती में किसानों को बढ़ावा देने के लिए किसानों के हित में नई योजनाएं शुरू की जाय. कहा कि पहाड़िया जनजाति किसानों के लिए बैंक से मिलनेवाली ऋण या सरकारी अनुदान में विशेष छूट का प्रावधान किया जाए. उन्होंने यह भी कहा कि हम सभी पहाड़िया जनजाति को बैंक के द्वारा ऋण की सुविधा मिले तो अच्छा होगा.




## बोकारो

### इस बजट में किसानों के लिए अब हो नई योजनाओं की शुरुआत : सोनाराम मांझी

बोकारो जिले के कसमार प्रखंड के पोंडा निवासी किसान सोनाराम मांझी ने कहा कि सरकार से अपेक्षा है कि इस बार बजट में किसानों के लिए कुछ खास हो. खेती किसानी को बढ़ावा देने के लिए किसानों के हित में नई योजनाओं की शुरुआत हो. साथ हीं किसानों के लिए बैंक से मिलनेवाली ऋण या सरकारी अनुदान में विशेष छूट का प्रावधान हो. उन्होंने कहा कि हर साल खेत में सूखे से किसान परेशान हैं, इसलिए पिछले दो साल से सूखा राहत के नाम पर मुआवजा का भुगतान का सरकार निर्णय ले. यह सभी के लिए अच्छा होगा.

### अनुदानित मूल्य पर अब किसानों को खाद और बीज मिलना चाहिए : जगेश्वर गोसाई

कसमार प्रखंड के बगियारी निवासी किसान जगेश्वर गोसाई ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के मध्यम एवं छोटे वर्ग के किसान, जो हर साल सूखे की मार झेल रहे हैं, उनके लिए सरकार विशेष पैकेज की घोषणा करे. क्षेत्र में सिंचाई की नई योजनाओं का विकास हो, इसके लिए नदी नाले को बांधकर चेकडैम निर्माण की दिशा में योजना बने. किसानों को हर मौसम में खेती किसानी के लिए सरकार की ओर से अनुदानित मूल्य पर बीज एवं उर्वरक के लिए हर प्रखंड में सरकारी दुकान खुले, ताकि किसान आसानी से इन चीजों की खरीदारी कर सके.

### हर प्रखंड में सरकार बनाए कोल्ड स्टोरेज बनाना चाहिए, जरूरी है : प्रसेनजीत कुमार

कसमार प्रखंड के दांतू निवासी किसान प्रसेनजीत कुमार ने बताया कि खेती किसानी लगातार घाटे का सौदा बनता जा रहा है. सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाकर सूखे की मार झेल रहे किसानों को मुआवजा दे. कसमार प्रखंड के दांतू में कई साल से फसल राहत मुआवजा अभी तक किसानों को नहीं मिल पाया है. उन्होंने बताया कि सरकार को चाहिए कि सिंचाई के लिए हर खेत में पानी एवं बिजली की सुविधा दे, ताकि हर मौसम में खेतों में सिंचाई की मुकम्मल व्यवस्था हो. उन्होंने कहा कि हर प्रखंड में किसानों को उत्पादों को रखने के लिए कोल्ड स्टोरेज बनाने की दिशा में पहल करना चाहिए.




## रांची

### शिक्षा के लिए हेमंत सरकार को बजट में कुछ अलग करना चाहिए, अच्छा रहेगा : अभिनाश

छात्र अभिनाश कुमार ने कहा कि छात्र के लिए पढ़ाई बहुत जरुरी है. सालोंभर छात्र पढ़ते हैं तब किसी प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता हासिल कर पाते हैं. इसलिए बजट ऐसा हो कि उन्हें फायदा हो. इसलिए इस बार के बजट में शिक्षा के लिए कुछ अलग करने की जरुरत है. झारखंड में पढ़ने वाले छात्र-छात्रों के लिए शिक्षा में कुछ और सुविधा देनी चाहिए. नौकरी के बारे में भी विचार करने कि जरुरत है. हर वर्ग के विद्यार्थी के लिए बजट निर्धारित किया जाना चाहिए. जब उन्हें इसका फायदा होगा तो इससे उनका उत्साह बढ़ेगा. इससे रोजगार मिलेगा. इससे आखिर में राज्य को लाभ होगा.

### इस बजट से काफी उम्मीदे हैं, छात्रों का भविष्य सरकार की नीति पर ही निर्भर है: अभय राय

छात्र अभय राय ने कहा कि इस बजट में सरकार से हमारा काफी उम्मीदें हैं. इस बजट में हम आशा करते है कि छात्र वर्ग के लिए कुछ अच्छा करेगी. शिक्षा के गुणवत्ता के लिए काम करना चाहिए. इसके लिए प्रदेश में ऐसे शिक्षण संस्थान खोले जाने चाहिए जहां से पढ़ाई करने के बाद छात्रों को कहीं जाने की जरुरत नहीं पड़े. बल्कि उन्हें यहीं पर रोजगार मिले. ऐसे में ब्रेन ड्रेन भी नहीं होगा और छात्रों का उत्साह भी बढ़ेगा. जब शिक्षा अच्छा रहेगा तब सब कुछ अच्छा रहेगा. राज्य का माहौल बेहतर होगा. शिक्षा के प्रति छात्रों मं गंभीरता बढ़ेगी.

### इस बजट में सब का ध्यान रखना चाहिए यही सरकार से उम्मीद है: आदित्य कुमार

छात्र आदित्य कुमार ने कहा कि इस बार बजट में शिक्षा के क्षेत्र में कुछ नया करना चाहिए. इस बार एक ऐसा बजट लाना चाहिए जिससे शैक्षणिक संस्थानों में होने वाली सभी समस्याओं को भी दूर किया जा सके. बजट में लाइब्रेरी, लेबोरेट्री व अन्य प्रकार के जरुरत के सामानों को खरीदने और बनवाने के लिए बजट निर्धारित किया जाना चाहिए. शिक्षा के क्षेत्र में कॉलेजों में पढ़ाई के साथ ही शोध पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. यह समय की मांग है. जब छात्र शोधार्थी बनेंगे तो कुछ नया कर सकेंगे. आज कई ऐसे कॉलेज हैं जो अन्य तकनीकी संस्थानों से भी बेहतर हैं. इसके पीछे बड़ी वजह वहां के संसाधन और शैक्षिक माहौल है.

## जामताड़ा

### अगर छात्रों को लाइब्रेरी में कोचिंग की सुविधा मिले तो अच्छा होगा: अनूप मंडल

युवा चेतना मंच के अनूप मंडल ने कहा कि वह वर्द्धमान युनिवर्सिटी से एमएससी की पढ़ाई कर रहे हैं. उन्होंने बीएड की पढ़ाई भी की है. कहा कि जामताड़ा जिलान्तर्गत अधिकांश पंचायतों में सामुदायिक लाइब्रेरी बनी है. जिसमें स्मार्ट क्लास के लिए एलईडी व अन्य उपकरण भी स्थापित किया गया है. अगर लाइब्रेरी में कोचिंग की सुविधा मिल जाती है तो यहां के गरीब छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए अन्यत्र पलायन नहीं करना पड़ेगा. इसके लिए सरकार के स्तर से रांची व दिल्ली के किसी कोचिंग संस्थान से वार्ता कर क्लास की सुविधा मुहैया कराने की दिशा में पहल करनी चाहिए. इससे सभी छात्रों का भला होगा.

### बजट में शिक्षा पर जोर देना चाहिए, इससे छात्रों को काफी लाभ होगा : ताहा अंसारी

झारखंड छात्र मोर्चा के जिला सचिव ताहा अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों के साथ बैठक कर छात्र, किसान और युवा को ध्यान रखकर 2024-25 के लिए बजट तैयार करने का निर्देश दिया है. यह अच्छी बात है. कहा कि जामताड़ा जिला में बीएड की पढ़ाई नहीं हो रही है. जबकि चाकरी में बीएड के लिए भवन भी बना था. लेकिन एनसीटीई भुवनेश्वर से आयी टीम ने बीएड की मान्यता नहीं दी. जबकि यह आदिवासी बहुल जिला है. जहां ग्रामीण क्षेत्र के युवा बीएड की पढ़ाई के लिए निजी संस्थानों की मोटी फी जमा नहीं कर पाते हैं. जिस कारण वह बाहर जाकर बीएड की पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं. इसलिए बजट में ऐसा होना चाहिए की यह समस्या दूर हो. इसलिए बजट में शिक्षा पर जोर देना चाहिए.

### इस बार के बजट में छात्रों के हितों का पूरा ख्याल रखना चाहिए, यही मांग है: संजय

छात्र नेता संजय मंडल ने कहा कि जामताड़ा जिलान्तर्गत दो अंगीभूत महाविद्यालय व चार स्थायी संबद्धता प्राप्त महाविद्यालय हैं. जहां मास्टर डिग्री व पोस्ट ग्रेजुएट की पढ़ाई नहीं होती है. लिहाजा जामताड़ा के छात्रों को स्नातक के बाद आगे की पढ़ाई के लिए बंगाल व दूसरे जिला पर निर्भर रहना पड़ता है. वे बाहर जाकर पढ़ाई करते हैं. ऐसा नहीं होना चाहिए. सरकार को बजट में छात्रों के हितों का ख्याल रखना चाहिए. ऐसी योजनाएं लानी चाहिए ताकि छात्रों को फायदा हो.

## गोड्डा

### प्रदेश के छात्रों को उम्मीद है कि आनेवाले बजट में छात्र हित पर ध्यान रखा जाएगा: मुन्ना राजा

परसा कॉलेज के एनएसयूआई छात्र नेता मुन्ना राजा कहते हैं कि यह चुनावी वर्ष है तो बजट को भी उसी अनुरुप लाया जाना चाहिए. ताकि आमलोगो को लगे कि यह बजट उनके लिए ही बनाया गया है. हाल के दिनों में राज्य सरकार ने छात्र हित पर कई काम किए हैं. खासकर रोजगार के लिए तो उम्मीद किया ही जा सकता है. इससे यह बजट छात्र हित में होगा. इससे छात्रों को काफी फायदा होगा.

### इतना समय बीतने के बाद कुछ नहीं हुआ तो अब हमें भी कोई उम्मीद नहीं है: मिलन कुमार

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े छात्र नेता मिलन कुमार कहते हैं कि राज्य सरकार ने अब तक तो कुछ विशेष हम छात्रों के लिए किया तो नहीं है. अब आगे कुछ होगी इसका उम्मीद भी नहीं है. चुनावी वर्ष है तो हो सकता है कुछ घोषणाएं हो जाए. मगर वह सिर्फ घोषणा ही बनकर रह जाएगी. फिर भी सरकार से उम्मीद है कि कुछ ऐसा किया जाय कि हमलोगों को फायदा हो. इसमें सबसे बड़ी बात रोजगार की है. इसकी उम्मीद हर छात्र को रहती है. सरकार इस बजट में इस पर कुछ करे तो लाभ होगा.

### रोजगार नियोजन पर बजट में प्रावधान किया जाना चाहिए, जो जरूरी भी है : सुमित कुमार

छात्र नेता सुमित कुमार जो एबीवीपी के जिला संयोजक हैं कहते हैं कि सरकार की अगर सही मंशा होती तो छात्र हित में कई कदम उठा सकती थी. अभी भी काम करने के बहुत सारे गुंजाइश हैं. रोजगार नियोजन पर बजट में प्रावधान किया जाना चाहिए. ताकि रोजगार पर अधिक से अधिक ध्यान दिया जा सके. बेरोजगारों की संख्या भी घटेगी तो सरकार को भी सहूलियत होगी. यही आज के छात्रों की मांग है. इसे लेकर कई बार छात्र सड़क पर भी उतर चुके हैं. इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए. नहीं तो छात्रों के लिए और मुश्किलें बढ़ेंगी.

### किसानों का बजट अलग होना चाहिए, इससे सरकार ठीक से काम कर सकेगी: कलीमुद्दीन

ग्राम राहा के किसान मो कलीमुद्दीन कहते हैं कि बजट में अलग से प्रावधान होना चाहिए. किसानों का बजट ही अलग होना चाहिए. ऐसा होने पर सरकार खुलकर किसानों के लिए काम कर सकेगी. जिस देश के अस्सी प्रतिशत से अधिक आबादी खेती पर निर्भर हो ऐसे में खेती को विशेष ध्यान दिए जाने की जरुरत है. इससे प्रदेश के सभी किसानों को लाभ होगा.

### कोई भी सरकार हो किसानों पर ध्यान नहीं देती है, ध्यान दे तो ठीक रहेगा: सुरेश यादव

ग्राम राहा के किसान नेता सुरेश यादव कहते हैं कि किसी भी दल की सरकार हो किसी ने भी किसानों पर उचित ध्यान नहीं दिया. जब-जब चुनाव आता है तो बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं. मगर धरातल पर ऐसा कोई काम नहीं होता है. जो किसानों के लिए फायदेमंद साबित हो. किसानों के लिए बाजार में आकस्मिक फंड की व्यवस्था होनी चाहिए. तभी किसानों को लाभ होगा. यही किसानों के लिए हितकारी कदम होगा.




## बेरमो

### आज के समय को देखते हुए शिक्षा के लिए बजट में बढ़ोतरी होनी चाहिए: रानी

रानी कुमारी केबी कॉलेज बेरमो बीकॉम की छात्रा हैं. बजट पर उनकी अपनी राय है. उनका कहना है कि शिक्षा के लिए बजट में बढ़ोतरी होनी चाहिए. इसके साथ ही स्कूलों में सुविधाएं बढ़ायी जानी चाहिए. जैसे कि पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, स्पोर्ट्स सुविधाएं हो. सरकार समय पर छात्रवृत्ति प्रदान करे ताकि उनकी पढ़ाई बाधित नहीं हो. सरकार को विद्यार्थियों के लिए कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बजट आवंटित करना चाहिए. इससे काफी फायदा हो रहा है. छात्रों में आत्मनिर्भरता आती है. उनके पास रोजगार के कई रास्ते मिल जाते हैं. इससे प्रदेश की सरकार को ही फायदा होगा.

### शिक्षा से राज्य का विकास हो सकता है इसका बजट बढ़ाना चाहिए: इंदु कुमारी

इंदु कुमारी बीएड उतीर्ण की छात्रा हैं. शिक्षा के बजट में विशेष प्रावधान चाहती हैं. उनका कहना है शिक्षा से ही राज्य का विकास हो सकता है. यह सबसे अधिक जरूरी है. जब शिक्षा का स्तर बेहतर होगा तो युवाओं को लाभ होगा. बीते सालों में शिक्षा के बजट में लगातार गिरावट देखी गई है. देश के शिक्षा बजट में भी कमी आई है. इसलिए देश और राज्य के बजट में बढ़ोतरी कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए. यही समय की मांग है. इसका फायदा सिर्फ छात्र को नहीं बल्कि प्रदेश को भी होगा.

## गिरिडीह

### किसानों के लिए अच्छी योजना लाए राज्य सरकार : बुधन टुडू

गावां प्रखंड के किसान बुधन टुडू ने कहा कि राज्य सरकार आम बजट में किसानों के लिए अच्छी योजना लाए. हम तो यही उम्मीद करते हैं. लोक लुभावन बजट आने से किसानों को कोई लाभ नहीं मिल पाता है. राज्य की हेमंत सोरेन की सरकार से किसानों को काफी उम्मीद है. राज्य के अधिकांश किसान आर्थिक परेशानी के कारण समय पर फसल नहीं लगा पा रहे हैं. कभी पानी की समस्या तो कभी आंधी से नुकसान होता है. इससे किसान हतोत्साहित हो जाते हैं. इसलिए बेहतर बजट आने से ही किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है.

### अब सब्सिडी आधारित बजट लाए राज्य सरकार: खुर्शीद अनवर

बेंगाबाद के युवा किसान खुर्शीद अनवर हादी ने कहा कि राज्य सरकार अपने आगामी बजट में सब्सिडी आधारित योजनाओं को शामिल करे. तो अच्छा रहेगा. तभी किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिल सकेगा. झारखंड के किसानों को सब्सिडी का लाभ देकर ही आर्थिक रूप से मजबूत किया जा सकता है. उन्होंने कहा कि किसान अपनी पीड़ा को व्यक्त नहीं कर पा रहे हैं. राज्य सरकार को किसानों के दर्द को समझना पड़ेगा. जब किसान खुश रहेंगे तो समृद्धि बढ़ेगी. पैदावार अच्छा रहेगा.

### राज्य सरकार के बजट से किसानों को काफी उम्मीद बंधी है: राजेंद्र पंडित

जमुआ प्रखंड के मनकडीहा के किसान राजेंद्र पंडित ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए आम बजट लाने की तैयारी है. उससे किसानों को काफी उम्मीद है. राज्य के किसान सिंचाई की असुविधा से जूझ रहे हैं. बजट में सिंचाई की समुचित व्यवस्था का प्रावधान होना चाहिए. साथ ही किसानों को समय पर बीज और खाद मिले इसकी व्यवस्था होनी चाहिए. जब समय पर खाद मिलेगा तो खेती अच्छी होगी. साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड में ब्याज दर को और कम करने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि बजट में किसानों के बच्चों को शिक्षा में बढ़ावा देने की कोशिश होनी चाहिए.

### प्रदेश के छात्रों को इस बजट से है काफी उम्मीद: विशाल विश्वकर्मा

धनवार आदर्श महाविद्यालय के छात्र नेता विशाल विश्वकर्मा ने कहा कि राज्य सरकार के इस बजट से छात्रों को काफी उम्मीद है. राज्य सरकार को आम बजट में नौकरी और रोजगार का विषय ख्याल रखना होगा. वैसे भी सरकार इस मामले में पीछे चल रही है. राज्य में लाखों युवा पढ़ाई पूरी करने के बाद बेरोजगार घूम रहे हैं. वे आंदोलन कर रहे हैं. सरकार परीक्षा प्रणाली में भी सुधार करना चाहिए. इन्हें रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कारगर कदम उठाना पड़ेगा. राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को बजट में युवाओं का विशेष रूप से ख्याल रखना होगा.

### रोजगार को बढ़ावा देने वाला बजट लाए यह सरकार: विकास पाठक

छात्र नेता विकास कुमार पाठक ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार को बजट में रोजगार को बढ़ावा देना होगा. राज्य में दिनों दिन बेरोजगारों की संख्या बढ़ती जा रही है. रोजगार का कोई अवसर नहीं मिल रहा है. जबकि सरकार हमेशा युवाओं को आगे बढ़ाने की बात कहती रही है. ऐसे में बेरोजगार युवाओं को आने वाले बजट से काफी उम्मीदें हैं. हेमंत सोरेन की सरकार युवाओं के हित वाला बजट पेश करे. युवाओं को रोजगार देकर ही झारखंड को विकसित राज्य बनाया जा सकता है.

### अब तो युवाओं के विकास वाला बजट लाए सरकार: अमन सिन्हा

डुमरी के छात्र नेता अमन सिन्हा ने कहा कि झारखंड सरकार ने वर्ष 2024-25 का आम बजट पेश करने तैयारी शुरू कर दी है. सरकार युवाओं के हित का बजट लाए. राज्य के युवा रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं. इस पलायन को रोकने के लिए रोजगार को बढ़ावा देने वाला बजट लाने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि बजट में बिजली व्यवस्था, सड़क, पेयजल, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा को बढ़ावा देने पर भी ध्यान देने की जरूरत है. जब आधारभूत संरचना बेहतर होगी तो विकास के मार्ग खुलेंगे. सभी को काम का अवसर मिलेगा.

## धनबाद

### बजट में शिक्षकों की बहाली को लेकर नीति बने : विशाल महतो

बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में बीते 16 सालों से शिक्षक नहीं मिले हैं. जिसकी वजह से विश्वविद्यालय नए खुले तीन डिग्री कॉलेजों को शिक्षक उपलब्ध नहीं करा पा रहा है. इस बार के बजट में शिक्षा पर खर्च को बढ़ाया जाए. साथ ही शिक्षकों की बहाली से संबंधित विषय पर भी चर्चा हो. बीएड और लॉ जैसे प्रोफेशनल कोर्स की फीस कम किया जाए. आवागमन के लिए सरकारी बस संचालन शुरू की जाए. जिससे कि छात्र व राहगीर कम किराए पर अधिक से अधिक दूरी तय कर सकें. सरकार इसी को आधार बनाकर बजट बनाना चाहिए.

### हायर एजुकेशन सिस्टम दुरुस्त करने की आवश्यकता : गोपाल कृष्ण चौधरी

एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष गोपाल कृष्ण चौधरी ने कहा कि झारखंड के सभी विश्वविद्यालय एवं बीबीएमकेयू में हायर एजुकेशन सिस्टम दुरुस्त करने की आवश्यकता है. जिसके कारण यहां के विद्यार्थियों को दिल्ली, मुंबई व बनारस जैसे बड़े विश्वविद्यालय की ओर पलायन नहीं करना पड़े. लगभग सभी कॉलेजों में शिक्षकों की भारी कमी है. कई विषय बिना शिक्षक के संचालित हो रहे हैं. बिना शिक्षक के पढ़ाई हो रही है और डिग्री भी दी जा रही है. विश्वविद्यालय में सुविधाओं का अभाव है. छात्राओं के लिए बस सेवा की जरूरत है. विश्वविद्यालय कैंपस और विश्वविद्यालय के आसपास सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम की आवश्यकता है. बजट में इन विषयों को शामिल किया जाए. इसका काफी फायदा होगा.

### बजट में ऐसा प्रावधान हो कि शिक्षकों की कमी हमेशा के लिए दूर हो जाय: तिवारी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व जिला संयोजक अंशु तिवारी ने बताया कि विश्वविद्यालय में हेल्प डेस्क नहीं होने की वजह से विद्यार्थियों को काउंटर-काउंटर भटकना पड़ता है. विश्वविद्यालय का नोटिस बोर्ड ऐसी जगह पर है जहां विद्यार्थियों की पहुंच नहीं है. विश्वविद्यालय और कॉलेज के प्राचार्य कक्ष में वाटर प्यूरीफायर लगे हैं, लेकिन विद्यार्थियों को पुराने टैंक के दूषित जल पीना पड़ता है. कॉलेज में साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक नहीं है. इस बार के बजट से उम्मीद है कि शिक्षा क्षेत्र में बजट बढ़ाया जाएगा. जिससे कि विश्वविद्यालय व कॉलेजों में शिक्षकों की कमी दूर की जा सकेगी. वहीं जिले को एयरपोर्ट और फ्लाईओवर के साथ जाम जैसी समस्याओं से निजात दिलाने की आवश्यकता है.

### अब जरूरतमंद किसानों के लिए योजनाएं बनाए सरकार : सुरेश

राजगंज के डोमनपुर गांव के किसान सुरेश महतो ने कहा कि किसानों को लेकर सरकारों के द्वारा घोषणाएं अधिक होती है. लेकिन जमीनी स्तर पर इसे लागू होने में वर्षों लग जाते हैं. कई योजनाएं पटरी पर भी नहीं आ पाती हैं. पिछले दो वर्षों में मानसून की बेरुखी की वजह से किसानों को काफी नुकसान हुआ है इसलिए सरकार किसानों के ऋण माफ करें. और जरूरतमंद किसान जिनकी आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो चुकी है उनकी आर्थिक मदद भी करे. ताकि वह अपने परिवार का भरण पोषण कर सके. इसके लिए सरकार बजट में प्रावधान लाये.

### बजट में किसानों की ऋण माफी और आर्थिक सहायता का प्रावधान हो : टीपन महतो

राजगंज के किसान टीपन महतो ने कहा कि बजट का लक्ष्य गरीब कल्याण होना चाहिए. आज राज्य में किसानों की स्थिति अत्यंत दयनीय है. इस वर्ष भी मानसून सीजन ने दगा दिया है. जिसकी वजह से राज्य में धान की खेती काफी खराब हुई है. ऐसे किसानों को पहचान कर उन्हें आर्थिक सहायता देने की आवश्यकता है. ऋण माफी योजना के तहत किसानों का ऋण भी माफ हो ऐसा बजट में प्रावधान लाया जाए. साथ ही किसानों के विकास के लिए सरकार योजनाएं लेकर आए और उन्हें आधुनिक कृषि उपकरण व तकनीक उन्नत बीज, एवं कृषि के आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराई जाए. जिससे कि उनकी आर्थिक स्थिति सुधर सके. इससे किसान के साथ ही प्रदेश को भी फायदा होगा. किसानों की स्थिति और मजबूत होगी. इससे उन के घर में भी खुशहाली आएगी.

# शेख हसीना को चौथी बार कमान

बांग्लादेश में चौथी बार शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग लगातार चौथी बार बांग्लादेश में सत्ता की कमान संभालेगी. मुख्य विपक्षी दलों ने इन चुनावों का बहिष्कार किया था. भारत ने शेख हसीना की जीत पर उन्हें बधाई दी है, जबकि अमेरिका ने इन चुनावों की स्वतंत्रता और निष्पक्षता को ले कर सवाल उठाए हैं. दरअसल इस समय दुनिया के अनेक हिस्सों में जिस तरह लोकंतंत्र के नाम पर प्रहसन हो रहे हैं, उससे कई सवाल पैदा होने लगे हैं. दरअसल चुनावों में जीत और हार केवल आम मतदाता या राजनीतिक दलों के नरेटिव से ही तय नहीं होते हैं, बल्कि इसमें उन देशों के कार्पोरेट समूहों की भूमिका और साथ ही वैश्विक इस्टैब्लिशमेंट की भी भूमिका होती है. खास कर छोटे देशो में जिनका रणनीतिक भू राजनीतिक महत्व है. बांग्लादेश की परिस्थितियां थोड़ी भिन्न हैं. पिछले कुछ समय से वहां जिस तरह मजहबी ताकतों ने सिर उठाया है, उसे देखते हुए शेख हसीना की जीत पर संतोष ही व्यकत किया जाना चाहिए. हालांकि इन चुनावों में सत्ता विरोधी रुझान भी देखने को मिले हैं और शेख हसीना की सरकार के आधे दर्जन से ज्यादा प्रभावी मंत्री चुनाव हार गए हैं और इन चुनावों में पचास से ज्यादा निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत का परचम लहरा दिया है. यदि विपक्षी दलों ने बहिष्कार नहीं किया होता तो नतीजा कुछ और भी हो सकता था. पिछले कुछ सालों में एक ओर जहां बांग्लादेश ने आर्थिक क्षेत्र में जबरदस्त कामयाबी हासिल की है, वहीं आर्थिक असमानता भी बढी है. शेख हसीना वाजेद प्रधानमंत्री बनी रहेंगी और आर्थिक क्षेत्र में प्रगति के साथ भारत से उनके बेहतर संबंधों की भी उम्मीदें बढ गयी हैं. इन चुनावों में पहली बात तो यह कि वोटिंग प्रतिशत बेहद कम रहा. इस बार 42 फीसदी वोट पड़ने की खबर है, जबकि पांच साल पहले यानी 2018 के चुनाव में तकरीबन 80 प्रतिशत मतदान हुआ था. तब विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने शुरुआत से चुनाव का बहिष्कार नहीं किया था, लेकिन बाद में चुनाव आयोजन में बड़े पैमाने पर धांधली का आरोप लगाते हुए उसने अपने उम्मीदवार मैदान से हटा लिए थे. इस बार बीएनपी और उसकी 15 सहयोगी पार्टियों ने आरंभ से बहिष्कार की घोषणा कर दी थी. इन दलों ने मतदान का बहिष्कार का आह्वान किया था. कहा जा सकता है कि इसका व्यापक असर हुआ. अवामी लीग के सामने कोई मजबूत पार्टी मैदान में नहीं थी, इसके बावजूद हसीना सरकार के कई प्रमुख मंत्री चुनाव हार गए हैं. इसके अलावा 300 सदस्यों वाली संसद में 50 से अधिक निर्दलीय उम्मीदवार विजयी हुए. कई छोटी पार्टियों ने चुनाव में हिस्सा लिया था और वे लगभग 15 सीटें जीतने में कामयाब रही हैं. इसे सत्ताधारी पार्टी से मतदाताओं की नाराजगी के इजहार के रूप में देखा जाएगा. चुनावी नतीजों से साफ है कि विपक्ष के बायकॉट के बावजूद चुनाव में अवामी लीग को वैसी एकतरफा जीत नहीं मिली, जिसका अनुमान लगाया गया था.

> शेख हसीना वाजेद प्रधानमंत्री बनी रहेंगी और आर्थिक क्षेत्र में प्रगति के साथ भारत से उनके बेहतर संबंधों की भी उम्मीदें बढ गयी हैं. इन चुनावों में पहली बात तो यह कि वोटिंग प्रतिशत बेहद कम रहा. इस बार 42 फीसदी वोट पड़ने की खबर है.

## सुभाषित

**यस्तु सञ्चरते देशान् सेवते यस्तु पण्डितान्।**
**तस्य विस्तारिता बुद्धिस्तैलबिन्दुरिवाम्भसि ।।**

वह व्यक्ति जो अलग–अलग जगहों या देशों में घूमता है और विद्वानों की सेवा करता है उसकी बुद्धि उसी तरह से बढती है जैसे तेल का बूंद पानी में गिरने के बाद फ़ैल जाता है. ज्ञान के लिए देशाटन करते रहना और विद्वज्जनों की संगति में रहना आवश्यक है.

# अपेक्षा और उपेक्षा के कश्मकश में मतदाता

**वर्तमान दौर में सरकार जब समान नागरिक संहिता की बात करती है तो उसपर अल्पसंख्यक विरोधी का ठप्पा लगता है. अल्पसंख्यकों को उनकी धार्मिक स्वतंत्रता पर अंकुश महसूस होता है. वर्तमान दौर में सरकार देश और संस्कृति के नाम पर लगातार निर्णय ले रही है. इसी कड़ी में समान नागरिक संहिता भी है, जिसके कारण समाज का एक तबका उपेक्षित महसूस कर रहा है. आने वाला चुनाव इसी अपेक्षा एवं उपेक्षा के बीच के कश्मकश में होना है.**

• देश-काल



डॉ. कौशलेन्द्र बटोही

नववर्ष में भारतीय समाज एवं समस्त देश लोकतंत्र के महापर्व संसदीय चुनाव के रंगों में रंगने वाला है. इस आने वाले चुनाव की पटकथा बीते वर्ष 2023 में ही समस्त राजनैतिक दलों एवं राजनैतिक विचारधाराओं के प्रतिनिधित्व करने वालो ने पटकथा लिख दी है. 2023 के उत्तरार्द्ध में सबसे ज्यादा चर्चा मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के अपने मंदिर में आने की रही. अयोध्या एक बार फिर देश में चर्चा का विषय बन गया एवं अयोध्या धाम का कायाकल्प, वहां मंदिर के साथ साथ ढांचागत विकास भी समस्त देश को प्रभावित कर रहा है. इसमें कोई दो राय नहीं है कि भगवान राम भारत के अस्तित्व एवं स्मिता के साथ जुडे हैं. भगवान राम सम्पूर्णता के प्रतीक हैं, वे समरसता के द्योतक हैं, फलस्वरूप वर्तमान में संपूर्ण बहुसंख्यक आबादी या मतदाता राम के मोहक एवं मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा के कारण भावविभोर होकर समस्त मुद्दों को पीछे रखकर एकजुट है. यह मुद्दा वर्तमान सरकार के अनुकूल है एवं यह अनुकूलता उनकी सरकार एवं उनकी विचारधारा को और समग्रता के साथ वाहक बनने में सहायक होगी. परन्तु भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में क्या यह बहुसंख्यकवाद के साथ-साथ सरकार की तारतम्यता नहीं मानी जाएगी? क्या यह एक विचार के प्रतिनिधित्वकर्ता की अपेक्षाओं में वृद्धि का द्योतक नहीं होगी? क्या यह एक बड़ी आबादी को उपेक्षा का एहसास भी करा सकती है? क्या हम अल्पसंख्यकों को इस उत्सवी माहौल से जोड़ सकते हैं? अगर नहीं तो क्या उनमें व्यवस्था से एक उपेक्षात्मक विचार प्रतिस्फुटित नहीं होगा? तो फिर इसका हल क्या है? अगर हमारी वर्तमान राजनैतिक नेतृत्व इसे धार्मिक आधार नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति के साथ जोड़ कर समस्त भारतीयों के जुड़ाव का एहसास करा सकें तो एक स्वस्थ लोकतंत्र के रूप में, एक देश के रूप में हम अधिक सफल होंगे. जैसे इंडोनेशिया मुस्लिम बहुल होते हुए भी अपने समस्त सांस्कृतिक मूल्यों एवं परंपराओं के साथ-साथ चलता है. समस्त सांस्कृतिक एवं धार्मिक निर्णय लेते समय यह नहीं भूलना चाहिए कि अल्पसंख्यकों की कुल हिस्सेदारी भारत में 19.3% प्रतिशत है. भगवान राम का अस्तित्व भारत की पहचान है, भारतीय संस्कृति का मूल है, वह आराध्य है, भावना है, पहचान है, मर्यादा है, जीवन पद्धति का सार है, इसलिए उनका मंदिर भी आने वाले समय में भारत की पहचान से जुड़ेगा. हमें समाज,



राजनैतिक व्यवस्था और समस्त भारतीय को अधिक समग्रता के साथ जोड़ना है. अन्यथा लोकतंत्र की सफलता पर ग्रहण लग जाएगा.

एक ऐसा ही मुद्दा समान नागरिक संहिता का है, जिसे उत्तराखंड सरकार लागू करने की तैयारी में है. एक राष्ट्र के रूप में उसके हर नागरिक की सिविल संहिता एक ही होनी चाहिए, न कि उनके, धर्म, जाति एवं जन्मस्थान के आधार पर निर्धारित हो. परन्तु दुर्भाग्य से आजादी के बाद विभिन्न राजनैतिक कारणों से सरकारों ने नागरिक संहिता को अल्पसंख्यक विशेषकर मुसलमानों एवं बहुसंख्यकों के बीच भेद करते हुए विकसित हुए. वर्तमान दौर में सरकार जब समान नागरिक संहिता की बात करती है तो उसपर अल्पसंख्यक विरोधी का ठप्पा लगता है. अल्पसंख्यकों को उनकी धार्मिक स्वतंत्रता पर अंकुश महसूस होता है. वर्तमान दौर में सरकार देश और संस्कृति के नाम पर लगातार निर्णय ले रही है. इसी कड़ी में समान नागरिक संहिता भी है, जिसके कारण समाज का एक तबका उपेक्षित महसूस कर रहा है. आने वाला चुनाव इसी अपेक्षा एवं उपेक्षा के बीच के कश्मकश में होना है. यह अपेक्षा एवं उपेक्षा के बीच का द्वंद्व केवल अल्पसंख्यक एवं बहुसंख्यक के बीच का ही नहीं है, अपितु बहुसंख्यक समाज के बीच भी जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी हिस्सेदारी के नारों से उभरने लगा है. यह जातीय जनगणना के बाद जिन जातियों की संख्या दशमलव में है, किसी क्षेत्रीय जनजाति का बाहुल्य नहीं है, उनका क्या होगा? उनको भी अपने भविष्य एवं राजनैतिक हिस्सेदारी में उपेक्षा का डर सताने लगा है. क्या संख्या बल ही लोकतांत्रिक व्यवस्था में हिस्सेदारी का पैमाना होगा? इससे फिर एक बार जो संख्याबल में मजबूत जातियां हैं, उनकी अपेक्षा जो संख्या बल में बहुत कम हैं, उनमे उपेक्षा का भाव उत्पन्न हो रहा है. ऐसे ही मुद्दों के कारण समाज एक बार फिर अपेक्षा एवं उपेक्षा के कश्मकश के बीच 2024 के आम चुनाव में शामिल होगा. इसी तरह 2023 में भारतीय समाज के लिए, बुद्धिजीवियों के लिए मणिपुर हिंसा भी एक उपेक्षा और अपेक्षा के बीच के द्वन्द का ही परिणाम है. वहां भी समाज का एक हिस्सा अपनी उपेक्षा के एहसास के साथ दूसरे हिस्सा के साथ, जो कि अपेक्षाओं के बोझों तले दबा हुआ था, इस कदर द्वन्द में हिस्सा लिया, जो कि भयानक हिंसा एवं बर्बादी का कारण बना. समाज पूरा सामाजिक एवं आर्थिक रूप से तहस नहस हो गया. 2023 के इस उपेक्षा एवं अपेक्षा का द्वंद्व 2024 के लोकतंत्र के महापर्व में भी मुख्य भूमिका में रहेगा. यह अपेक्षा एवं उपेक्षा का कश्मकश केवल भारतीय जनमानस में ही नहीं है, बल्कि यह बहुत ही दिलचस्प रूप से राजनैतिक दलों के बीच भी है. वर्तमान दौर में सत्तापक्ष विपक्ष से अपेक्षा करता है कि उसके समस्त मुद्दों पर साथ दे और विपक्ष हमेशा अपनी उपेक्षा का मुद्दा उठाता है. इसी कश्मकश में विपक्ष के कुल 146 सांसद वर्तमान सत्र में निलंबित हो गए. एक और प्रमुख राजनैतिक मुद्दा, जो भारतीय समाज के हिस्से की उपेक्षा के भावना के साथ जुड गया, वह है नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019. यह कानून पास होने के बाद से ही विवाद में रहा और बहुत से हिंसक प्रदर्शन का कारण बना.

## • बोधि-वृक्ष

सुज्ञ



### मानस-बन्धन

एक आदमी कहीं से गुजर रहा था, तभी उसने सड़क के किनारे बंधे हाथियों को देखा, और अचानक रुक गया. उसने देखा कि हाथियों के अगले पैर में एक रस्सी बंधी हुई है, उसे इस बात का बड़ा अचरज हुआ की हाथी जैसे विशालकाय जीव लोहे की जंजीरों की जगह बस एक छोटी सी रस्सी से बंधे हुए हैं! ये स्पष्ट था कि हाथी जब चाहते तब अपने बंधन तोड़ कर कहीं भी जा सकते थे, पर किसी वजह से वे ऐसा नहीं कर रहे थे. उसने पास खड़े महावत से पूछा कि भला ये हाथी किस प्रकार इतनी शांति से खड़े हैं और भागने का प्रयास नहीं कर रहे हैं ? तब महावत ने कहा, " इन हाथियों को छोटे पन से ही इन रस्सियों से बांधा जाता है, उस समय इनके पास इतनी शक्ति नहीं होती की इस बंधन को तोड़ सकें. बार-बार प्रयास करने पर भी रस्सी न तोड़ पाने के कारण उन्हें धीरे-धीरे यकीन होता जाता है कि वे इन रस्सियों नहीं तोड़ सकते और बड़े होने पर भी उनका ये यकीन बना रहता है, इसलिए वो कभी इसे तोड़ने का प्रयास ही नहीं करते." आदमी आश्चर्य में पड़ गया कि ये ताकतवर जानवर सिर्फ इसलिए अपना बंधन नहीं तोड़ सकते, क्योंकि वे इस बात में यकीन करते हैं! इन हाथियों की तरह ही हममें से कितने लोग सिर्फ पहले मिली असफलता के कारण ये मान बैठते हैं कि अब हमसे ये काम हो ही नहीं सकता और अपनी ही बनायी हुई मानसिक जंजीरों में जकड़े-जकड़े पूरा जीवन गुजार देते हैं. याद रखिये असफलता जीवन का एक हिस्सा है और निरंतर प्रयास करने से ही सफलता मिलती है. यदि आप भी ऐसे किसी बंधन में बंधे हैं, जो आपको अपने सपने सच करने से रोक रहा है तो उसे तोड़ डालिए...आप हाथी नहीं इंसान हैं और आप जो चाहें, कर सकते हैं. आपको कोई बंधन बांध नहीं सकता... कोई भी कारण आपको सफलता से वंचित नहीं कर सकता. आप हर रण में विजयी हो सकते हैं. बस आवश्यकता इस बात की है कि आप अपनी पूरी क्षमता के साथ खड़े हो जायें और लक्ष्य निर्धारित कर उस दिशा में अपने प्रयास प्रारंभ कर दें. यदि किसी कारणवश आपको उस प्रयास में विफलता मिल जाये तो उससे विचलित हुए बिना फिर नये सिरे से अपना प्रयास प्रारंभ कर दें. आपका निरंतर प्रयास आपको कभी न कभी निश्चित रूप से सफलता दिलायेगी. अपने मानस को बंधन से मुक्त कर दीजिए, विजयश्री आपके गले ही पड़ेगी.

# जनमन को गण के भाव से जोड़ना बड़ी चुनौती

• लोकतंत्र

योगेन्द्र यादव

जन के मन को गण के भाव से जोडना आज भारत की सबसे बड़ी चुनौती है. जाहिर है, देश है तो जन है, चारों तरफ जनता है. जनता का राज भी है. जाहिर है जन का मन भी होगा ही. जन के पास अपने मन की बात कहने का मंच भले ही न हो, जनमत के भोंपुओं की कमी नहीं है. टी.वी., अखबार, सोशल मीडिया सब जनमत के दावेदार हैं. लेकिन जन के मन और जन के मत में सामंजस्य नहीं है. जनमानस और जनमत को जोडने वाला कोई पुख्ता सेतु नहीं है. जन के मन और मत में गण के संस्कार स्थापित करने का कोई तरीका नहीं है. गण के नाम पर भीड़ और तंत्र द्वारा गणतंत्र का अपहरण रोकने की कोई व्यवस्था नहीं है.यही आज हमारी चुनौती है. इस बार दिल्ली में देश का 75वां गणतंत्र दिवस उसके 4 दिन पहले अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन की परछाईं में होगा. 22 जनवरी को संवैधानिक लोकतंत्र के प्रधानमंत्री अयोध्या में राम मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के यजमान होंगे. उनके साथ वहां के मुख्यमंत्री और राज्यपाल भी रहेंगे. नाम मर्यादा पुरुषोत्तम राम का होगा, लेकिन काम वोट बैंक का होगा जिसका मर्यादा, आस्था या धर्म से कोई लेना देना नहीं है. जनमानस की आस्था का दोहन करते हुए मीडिया के जरिए जनमत पर कब्जा होगा, गणतंत्र का अपहरण होगा. विरासत के नाम पर जनमानस को दिग्भ्रमित करने के इस राजनीतिक खेल का प्रभावी जवाब यही हो सकता है कि हम भारत की गहरी विरासत को याद करें, जनमानस में दबे छुपे इस संस्कार को जगाएं और गण के दायित्व को जीवित रखें.इस लिहाज से जनवरी का महीना गणतंत्र के संस्कार को जगाने के लिए सबसे उपयुक्त है. सिर्फ इसलिए नहीं कि इस महीने में हमारा औपचारिक गणतंत्र दिवस मनाया जाता है, बल्कि इसलिए भी कि इस महीने में हमारे गानों के मूल भाव का प्रतिनिधित्व करने वाले अनेक पर्व और दिवस पड़ते हैं. 26 जनवरी का दिन हमारे गणतंत्र के मूल भाव की दोहरी अभिव्यक्ति करता है. यह हमारे संविधान के लागू होने के दिवस होने के नाते संविधान की प्रस्तावना और उसके पाठ में अंतर्निहित मूल्यों को याद करने का दिन है. साथ ही हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर को पारित भारतीय संविधान को 26 जनवरी को लागू करने का निर्णय राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान पूर्ण स्वराज के राष्ट्रीय संकल्प के दिवस को याद रखने के लिए किया गया था. जनवरी का महीना हमें स्वतंत्रता संग्राम के योद्धाओं की याद दिलाता है. 23 जनवरी नेताजी सुभाष बोस की जयंती हमें आजाद हिंद फौज में सभी धर्म संप्रदायों के भारतीय योद्धाओं की भागीदारी की याद दिलाती है. 20 जनवरी सरहदी गांधी यानी खान अब्दुल गफ्फार खान की जयंती है, जो अहिंसक संघर्ष की ताकत की याद दिलाती है. 9 जनवरी को आदिवासी विद्रोह उलगुलान का दिवस है. लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि 11 जनवरी हमें मर्यादा का पाठ पढ़ाती है. जनवरी का महीना सामाजिक न्याय के संवैधानिक मूल्य को याद करने का समय है. 3 जनवरी को सावित्रीबाई फुले और 9 जनवरी को फातिमा शेख की जयंती महिला शिक्षा और स्वतंत्रता के आंदोलन से जोड़ती है. 17 जनवरी को रोहित वेमुला का शहादत दिवस हमें याद दिलाता है कि सामाजिक न्याय का संघर्ष आज भी अधूरा है. इंकलाब जिंदाबाद का नारा देने वाले हसरत मोहानी की जयंती भी इसी माह में 1 जनवरी को पड़ती है. यह महीना हमारे देश में धर्म और संस्कृति के उदार स्वरूप को पहचानने का समय है. देश में 13, 14, 15 जनवरी को संक्रांति के अवसर पर अलग-अलग नाम से त्योहार मनाए जाते हैं, जो किसी धर्म और जाति से बंधे हुए नहीं है. हिंदू धर्म की उदात्त व्याख्या करने वाले स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी को है. गुरु गोबिंद सिंह की जयंती को 17 जनवरी को गुरुपर्व के रूप में मनाया जाता है. महात्मा गांधी का शहादत दिवस 30 जनवरी इस महीने के सभी सूत्रों को हमारे गणतंत्र से जोड़ता है. राम के भक्त की हिंदू उग्रवादी द्वारा हत्या राम के नाम पर चल रही समकालीन राजनीति से हमें आगाह करती है. गांधी जी का जीवन हमारी सभ्यता और संस्कृति के सर्वोच्च मूल्यों को सर्वधर्म समभाव से जोड़ता है. वर्ष 2024 भारतीय गणतंत्र के इतिहास में एक निर्णायक वर्ष होगा, जो हमारे देश की दशा ही नहीं उसकी दीर्घकालिक दिशा भी तय कर देगा. इस वर्ष की शुरुआत जन गण मन के अभियान से करना हमारे गणतंत्र के भविष्य के लिए सच्चा योगदान होगा.

> 22 जनवरी को संवैधानिक लोकतंत्र के प्रधानमंत्री अयोध्या में राम मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के यजमान होंगे. उनके साथ वहां के मुख्यमंत्री और राज्यपाल भी रहेंगे. नाम मर्यादा पुरुषोत्तम राम का होगा, लेकिन काम वोट बैंक का होगा जिसका मर्यादा, आस्था या धर्म से कोई लेना देना नहीं है. जनमानस की आस्था का दोहन करते हुए मीडिया के जरिए जनमत पर कब्जा होगा.

# खाद्य सहायता कार्यक्रम के जोखिम

• सामयिकी

के रवीन्द्रन

यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए चुनावी वर्ष है और मजबूत आर्थिक प्रदर्शन का फुटनोट विकास को प्रभावित करने वाले मुफ्त और सब्सिडी की राजनीति के जोखिमों को इंगित करेगा. साल के मध्य से दबाव बढ़ने की उम्मीद है, क्योंकि विकास के संचालक कम से कम कुछ स्तरों पर गियर बदल देंगे. खाद्य सहायता कार्यक्रमों, रसोई गैस सब्सिडी और ग्रामीण रोजगार योजनाओं के लिए आवंटन में बढ़ोतरी का संकेत पहले ही दिया जा चुका है. फिर भी, इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि भारत दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे ऊंची विकास दर दर्ज करने के लिए तैयार है. गोल्डमैन सैक्स रिसर्च के 2024 के वैश्विक दृष्टिकोण में 13 बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से, भारत की अनुमानित विकास दर 6.2प्रतिशत के साथ सबसे अधिक है, चीन 4.8प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है. दुनिया महामारी के बाद चीनी अर्थव्यवस्था में सुधार पर उत्सुकता से नजर रख रही है, जो हालांकि, उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाया है. इसलिए, भारत की संभावनाएं विश्व अर्थव्यवस्था के प्रबंधकों के लिए जश्न का कारण बननी चाहिए.जबकि सरकारी खाते पर पूंजीगत व्यय निश्चित रूप से धीमा हो जायेगा, गोल्डमैन के अर्थशास्त्रियों ने विश्वास व्यक्त किया है कि निजी निवेश में तेजी लाने के लिए परिस्थितियां परिपच् हैं. वे इसका कारण यह बताते हैं कि भारतीय कंपनियां ऐसा करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं, भले ही बैंक बैलेंस शीट अच्छी तरह से पूंजीकृत हैं और विनिर्माण बैलेंस शीट डि-लीवरेज कर रही हैं. एसोचैम ने पिछले दिनों कहा था कि मजबूत उपभोक्ता मांग के कारण उसे निर्माण, आतिथ्य और रेलवे तथा विमानन सहित बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में निवेश में बढ़ोतरी की उम्मीद है. इसमें कहा गया है कि वित्तीय, निर्माण, होटल, विमानन, ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे अन्य विनिर्माण क्षेत्र आने वाले वर्ष में प्रदर्शन को और बेहतर बनाने के लिए मजबूत पिच पर हैं और प्रक्षेपवक्र को कम कच्चे तेल की कीमतों से मदद मिल रही है, जिससे मुद्रास्फीति पर नियंत्रण रखा जा रहा है. कच्चे माल की लागत पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है. फिर यह और भी अधिक खुशी की बात है, क्योंकि वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के नवीनतम आंकड़ों से पता चला है कि नवंबर में आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों की वृद्धि में गिरावट आयी है, जो एक महीने पहले के 12.1प्रतिशत की तुलना में धीमी होकर 7.8प्रतिशत हो गयी है. आठ प्रमुख उद्योगों में सीमेंट, कोयला, कच्चा तेल, बिजली, उर्वरक, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और इस्पात शामिल हैं. औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में शामिल वस्तुओं का भार भी इन उद्योगों का 40.27प्रतिशत है. आईएमएफ 2023 में भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन और नये साल के दृष्टिकोण दोनों के बारे में अत्यधिक आशावादी रहा है. भारत के साथ फंड के अनुच्छेद - 4 के तरह परामर्श में, इसने पिछले वर्ष की मजबूत वृद्धि की सराहना की, जिसमें हेडलाइन मुद्रास्फीति मध्यम रही, हालांकि यह अस्थिर बनी हुई है. रोज़गार महामारी-पूर्व के स्तर को पार कर गया है और, जबकि अनौपचारिक क्षेत्र का दबदबा कायम है, औपचारिकीकरण में प्रगति हुई है. आईएमएफ के अनुसार, व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता द्वारा समर्थित विकास मजबूत रहने की उम्मीद है. 2023-24 और 24-25 वित्तीय वर्षों में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद 6.3प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है. हेडलाइन मुद्रास्फीति धीरे-धीरे लक्ष्य तक कम होने की उम्मीद है, हालांकि खाद्य कीमतों के झटकों के कारण यह अस्थिर बनी हुई है. इसी प्रकार, लचीली सेवाओं के निर्यात और कुछ हद तक कम तेल आयात लागत के परिणामस्वरूप चालू खाते का घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 1.8प्रतिशत तक सुधरने की उम्मीद है. आगे बढ़ते हुए, यह देश के मूलभूत डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और एक मजबूत सरकारी बुनियादी ढांचे कार्यक्रम के विकास को बनाये रखने पर विचार करता है. इसमें कहा गया है कि यदि व्यापक सुधार लागू किये जाते हैं तो श्रम और मानव पूंजी के अधिक योगदान के साथ भारत में और भी अधिक विकास की संभावना है.आईएमएफ ने नकारात्मक पक्ष पर जोखिमों के बारे में भी बात की है. निकट भविष्य में वैश्विक विकास में तीव्र मंदी व्यापार और वित्तीय चैनलों के माध्यम से भारत को दुष्प्रभावित करेगी. इसी तरह, आगे वैश्विक आपूर्ति में व्यवधान के कारण कमोडिटी की कीमत में बार-बार अस्थिरता हो सकती है, जिससे राजकोषीय दबाव बढ़ सकता है.

> आईएमएफ के अनुसार, व्यापक आर्थिक और वित्तीय स्थिरता द्वारा समर्थित विकास मजबूत रहने की उम्मीद है. 2023–24 और 24–25 वित्तीय वर्षों में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद 6.3% बढ़ने का अनुमान है. हेडलाइन मुद्रास्फीति धीरे–धीरे लक्ष्य तक कम होने की उम्मीद है, खाद्य कीमतों के झटकों के कारण यह अस्थिर बनी हुई है.

## मीडिया में अन्यत्र

# लाल सागर का संकट

लाल सागर में स्वेज नहर के जरिये वाणिज्यिक पोतों के आवागमन पर मंडरा रहे संकट समाप्त होने का कोई संकेत फिलहाल नजर नहीं आ रहा है. यह भूमध्यसागर और हिंद-प्रशांत क्षेत्र को जोड़ने वाला एक अहम मार्ग है और गाजा पट्टी तथा उसके आसपास के इलाके में इजरायल-हमास जंग के कारण इसे लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है.युद्ध के परिणामस्वरूप यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोही गठजोड़ ने यमन और जिबूती के बीच बाब-अल-मांदेब खाड़ी में नौवहन पर हमले शुरू कर दिए. विद्रोही गठबंधन आश्चर्यजनक रूप से हथियारों से अच्छी तरह लैस है. उसने पोतरोधी बैलिस्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया है. इससे पहले किसी लड़ाई में इतनी बड़ी तादाद में इनका इस्तेमाल नहीं किया गया था. इनके साथ ही विद्रोहियों ने क्रूज मिसाइलों, ड्रोन और छोटी नौकाओं का उपयोग करके भी जहाजों पर हमला किया और उन्हें धमकाया. हूती विद्रोहियों का दावा है कि उन्होंने इजरायल की ओर जा रहे पोतों पर हमले किए, लेकिन वास्तव में यह सच नहीं है. यह संभव ही नहीं है कि वे जान सकें कि कौन सा जहाज किस दिशा में जा रहा है. इन हमलों के परिणामस्वरूप कई प्रमुख पोत संचालकों ने स्वेज नहर और लाल सागर का मार्ग छोड़ देने का निर्णय लिया. इन पोत संचालक कंपनियों में मेर्स्क, हपाग-लॉयड और मेडिटेरेनियन शिपिंग कंपनी तथा कुछ प्रमुख तेल कंपनियां शामिल हैं. कुछ दिन पहले मेर्स्क ने इस बात की पुष्टि की थी कि उसके टैंकर निकट भविष्य में इस क्षेत्र से नहीं गुजरेंगे. ऐसी अपेक्षाएं थीं कि मेर्स्क तथा अन्य कंपनियां सामान्य सेवाएं बहाल कर देंगी, क्योंकि अमेरिका ने घोषणा की थी कि एक नौसैनिक कार्य बल इस इलाके में जलपोतों की सुरक्षा करेगा. परंतु यह कार्य बल जमीन पर प्रभावी असर छोड़ने में नाकाम रहा और इसके चलते पोत संचालकों ने किफायत के बजाय सावधानी बरतने को अधिक तरजीह दी.ऐसे निर्णयों के परिणामस्वरूप भूमध्यसागर और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के बीच नौवहन में लगने वाला समय और व्यय बहुत अधिक बढ़ गया है. तमाम पोत अपनी यात्राओं को स्थगित कर रहे हैं और अगर उन्हें यात्रा करनी ही पड़ रही है तो वे दक्षिण अफ्रीका में आशा अंतरीप (केप ऑफ गुड होप) के रास्ते से आवागमन कर रहे हैं. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### मत/मत्त

**फिल्म** जय संतोषी मां में कवि प्रदीप द्वारा लिखा और मन्ना डे की आवाज में एक बहुत ही मर्मिक गाना आया था-मत रो मत रो आज राधिके सुन लो बात हमारी, जो दुःख से घबरा जाये, वो नहीं हिंद की नारी. इसका मर्म वह क्या समझेगा, जो हमेशा मत्त रहता है. इन दोनों वाक्यों में एक जैसे लगनेवाले दो शब्द संज्ञान में आते हैं-पहला मत और दूसरा मत्त. मेयर के चुनाव में मैं सपरिवार वोट देने जा रहा था. रास्ते में एक उम्मीदवार मिले और श्रद्धापूर्वक प्रणाम करते हुए बोले-चाचा, हमको मत दीजिएगा. मैं अकचका गया. सोचने लगा यह कैसा उम्मीदवार है, जो वोट देने से मना कर रहा है. मैंने कहा-बाबू, मैं आपको ही वोट देने जा रहा हूं. तो उसने फिर कहा-आप अपना मत हमको ही दीजिएगा. मतलब यह कि झटके में मैं मत का जो अर्थ समझ रहा था, वह उम्मीदवार द्वारा प्रयुक्त मत का अर्थ नहीं था. मैं मत का मतलब मनाही समझ रहा था, जबकि उम्मीदवार के मत का मतलब वोट था. ये दोनों सुनने में भले ही एक जैसे लगते हों, अर्थ के मामले में इन दोनों के बीच काफी अंतर है. हिंदी शब्दसागर के अनुसार मत और मत दोनों संस्कृत भाषा से आये तत्सम संज्ञा पुल्लिंग शब्द हैं. मत का मतलब है निश्चित सिद्धांत, सम्मति, राय,निवार्चन में किसी के चुनाव या किसी प्रस्ताव आदि के पक्ष या विपक्ष में निर्धारित विधि से प्रकट हुआविचार या सम्मति, धर्म, पंथ, मजजहब, संप्रदाय, भाव, आशय, मतलब, ज्ञान, पूजा, अर्चा, मनाही. विशेषण के रूप में मत का मतलब हैजिसकी पूजा की गई हो, पूजित, अर्चित, माना हुआ, सम्मनित. दूसरा शब्द है मत्त. विशेषण के रूप मे इसका मतलब है मस्त, मतवाला, उन्मत्त, पागल, प्रसन्न, खुश, अभिमानी, घमंडी तथा संज्ञा पुल्लिंग के रूप में मतलब है वह हाथी,जिसके मस्तक से मद बहता हो, मतवाला हाथी, धतूरा, कोयल, महिष, भैंसा. संज्ञा स्त्रलिंग के रूप में इसका अर्थ मात्रा भी है.

# अर्ध समाजवादीकरण का एक नमूना

• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश

मान लीजिए, किसी शहर में समाजवाद आ जाता है, मगर पूरी तरह नहीं आता. तब वहां पर अधिकारी दुकानदार से कहेगा कि अब तुम्हारी दुकान का समाजवादीकरण हो रहा है, इसलिए दुकान पर जितना सामान रखा हुआ है, वह आज से सरकार का है. इसको बेचने पर जो नफा मिलेगा, वह भी सरकार का है. दुकान के सारे कर्मचारी सरकार के कहलाएंगे. दुकानदार प्रश्न करता है-"हजूर तो फिर मैं दुकान से उठकर चला जाऊं ? किसी और काम धंधे में लगूं?" अधिकारी कहता है- "नहीं ! अधकचरे समाजवाद के कारण तुम यहीं पर बैठोगे. सारा हिसाब-किताब तुम्हें ही रखना है. कितना माल आया, कितना बिका और कितना मुनाफा या नुकसान हुआ, इसको रजिस्टर में मेंटेन करना पड़ेगा. सारा कार्य तुम्हारे ही द्वारा होगा, क्योंकि अभी भी दुकान के मालिक तुम ही हो." दुकानदार परेशान हो जाता है. कहता है -"हमें मालिक नहीं बनना है. बिना बात का यह संबोधन हमें ठीक नहीं लगता." अधिकारी डांट कर कहता है -"चुप रहो ! तुम मालिक हो. सारे काम तुम्हारे ही द्वारा होंगे." दुकानदार बेचारा सहम कर मालिक की गद्दी पर बैठ जाता है. अधिकारी उसे एक रजिस्टर देता है और कहता है -"सारा हिसाब-किताब तुम्हें भरना पड़ेगा." बेचारा दुकानदार मरता क्या न करता की स्थिति में आकर सुबह से शाम तक रजिस्टर भरने लगता है. अब अधकचरे समाजवाद की पराकाष्ठा देखिए! अधिकारी अपने दफ्तर में बैठकर आदेश देता है - "नए साल से नए रजिस्टर में सारा कुछ कामकाज का हिसाब भरना शुरू करो. मैं तुमको नया रजिस्टर भेज रहा हूं." दुकानदार बेचारा तथाकथित मालिक की गद्दी पर बैठा हुआ रजिस्टर का इंतजार करने लगता है. अधिकारी एक सप्ताह बाद दुकानदार को फोन करता है- "हेलो ! मैं अधिकारी बोल रहा हूं. क्या बात है, अभी तक रजिस्टर मैं एंट्री शुरू नहीं की?" " हजूर ! आपने लिखा था कि रजिस्टर आप भेजेंगे. उसके बाद मैं एंट्री करूंगा." "हमें गलत बता रहे हो, जबकि जानते हो कि अधकचरा समाजवाद आ चुका है. तुम केवल तथाकथित मालिक हो." "जी हजूर ! हमें मालूम है कि मालिक आप हैं." "तो फिर हम तुम्हारी दुकान पर रजिस्टर देने आएंगे या तुम हमारे दफ्तर में रजिस्टर लेने आओगे?" "हजूर ! वेतन तो आपको मिल रहा है. हम तो दुकान पर बैठकर सिर्फ बेगार के मजदूर हैं." "ज्यादा बातें मत बनाओ वरना अधिनियम की धारा ढूंढ कर तुम्हारे खिलाफ कार्यवाही शुरू कर देंगे और तुम्हें दुकान पर बैठने के लिए जो कुर्सी मिली हुई है, वह भी छिन जाएगी. उल्टे जेल अलग जाओगे."



# Her Story

*स्वेटर, जैकेट, कार्डिगन, जर्सी, पोंचू...विंटर वियर की इन वेरायटी के बावजूद वार्डरोब में नर्म गर्माहट का अहसास दिलाने वाली शॉल की अलग ही ठसक होती है. अलग-अलग रंगों और रेंज की शॉल. भावनात्मक रिश्ते सहेजने में भी शॉल सदियों से कामयाब हैं. महंगी या खास शॉलें पीढ़ियों तक संस्कार की तरह हस्तांरित होती हैं. शादी-ब्याह में साड़ियों की तरह शॉल भी बेटी-बहुओं को देने की परंपरा है. आइए, आज कुछ खास शॉल की करें बात...*

# परंपरा और प्यार के प्रतीक ये नरम-गरम शॉल

## पशमीना शॉल

सॉफ्ट गोल्ड ऑफ एशिया नाम से प्रसिद्ध पशमीना शॉल का नाम ही स्टेटस सिंबल को दर्शाता है. पशमीना नाम दरअसल फारसी का एक शब्द पश्म से लिया गया है. इसका अर्थ है बुनने लायक रेशा. 16 वीं शताब्दी में मुगल और ईरानी सम्राटों द्वारा व्यक्तिगत रूप से और उनके दरबार के सदस्यों को सम्मानित करने के लिए इनका इस्तेमाल किया जाता था. 18 वीं शताब्दी के अंत में, यह ब्रिटेन और फिर फ्रांस में पहुंचा, जहां रानी विक्टोरिया और महारानी जोसेफिन द्वारा इसके उपयोग ने इसे विदेशी विलासिता और स्टेटस के प्रतीक के रूप में लोकप्रिय बनाया.

इसकी बुनाई कश्मीर में होती है और यह कुछ परिवारों की विरासत कला है. हिमालय क्षेत्र की पशमीना बकरी के बालों से ये तैयार होती हैं. ये खास बकरियां केवल लद्दाख, तिब्बत, चीन, नेपाल, म्यांमार आदि क्षेत्र में पाई जाती हैं. एक पशमीना शॉल बनाने में तीन बकरियों के ऊन लग जाते हैं. पहले पशमीना शॉल महज सफेद और ग्रे रंग में बनती थी, अब कई रंगों में उपलब्ध है. एक पशमीना शॉल को बनाने में एक से दो महीने तक का समय लग जाता है. पशमीना का एक धागा सिर्फ14 से 19 माइक्रोन्स का होता है, यानि मनुष्य के बाल से भी छह गुना पतला. इसे बनाने वाले कारीगर इस काम में पारंगत होते हैं क्योंकि जानकारी न होने पर इसके धागे टूटते हैं और बुनाई नहीं हो पाती. ऐसा मान्यता है कि पशमीना का धागा जितना पतला होता है वह उतना ही ज्यादा गर्मी देता है. डिजाइन के अनुसार इसकी कीमत दस हजार रुपए से दो लाख रुपए तक हो सकती है.

असली पशमीना बेहद मुलायम और वजन में हल्की होती है. ये बहुत तेजी से गर्मी उत्पन्न करती है. अब सवाल है कि कैसे पहचाने असली पशमीना को. नानी-दादी के जमाने से एक ही जवाब मिलता है, जो अंगूठी से आर पार हो जाए, वही पशमीना शॉल. वैसे कहा यह भी जाता है कि पशमीना शॉल के कुछ रेशे निकाल कर जलाएं. अगर जलने से बाल जलने सी गंध आए तो समझिए असली पशमीना है.



## कुल्लू शॉल



विभिन्न ज्यामितीय पैटर्न और चमकीले रंगों वाले इस शॉल को मूल रूप से कुल्वी लोग बुनते थे और तब ये बेहद सादे होते थे. लेकिन 1940 के दशक की शुरुआत में बुशहर से शिल्पकारों के आने के बाद अधिक पैटर्न वाले शॉल का चलन बढ़ गया. कुल्लू शॉल पुरुषों और महिलाओं द्वारा पहने जाते हैं, लेकिन पुरुषों के शॉल को आमतौर पर ₹लोई₹ या ₹पट्टू₹ कहा जाता है और अक्सर बिना किसी पैटर्न के सादे होते हैं या दो किनारों पर न्यूनतम पैटर्न वाली धारियां होती हैं. शॉल में फूलों के डिज़ाइन भी हो सकते हैं. अधिकांश पारंपरिक और चमकीले रंग होते हैं.

कुल्लू शॉल याक, भेड़ आदि के ऊन से तैयार किए जाते हैं. ज्यादातर तीन प्रकार के ऊन से बने होते हैं : मेरिनो ऊन, अंगोरा ऊन व स्थानीय भेड़ ऊन. इन शॉल की कीमत इसके डिजाइन और अन्य कारकों के आधार पर काफी भिन्न हो सकती है.

## टिल्ला कढ़ाई



टीला कढ़ाई शॉल भी कश्मीरी शॉल है जिसे काफी पसंद किया जाता है. कश्मीर और आसपास के इलाके में हर दुल्हन के पास कम से कम टीला कढ़ाई शॉल होनी जरूरी है, वैसे ही जैसे अपने झारखंड-बिहार में हर दुल्हन के पास कम से कम एक बनारसी साड़ी होनी जरूरी है. यह कढाई ईरान के जरी नाम के गांव से कश्मीर पहुंची. एक सूफी संत, सैयद अली हमदानी ने कश्मीर में इस कढ़ाई से लोगों को वाकिफ कराया. बाद में, मुगल इसकी शाही झलक से मुतास्सिर हो गए और शाही दरबारों में पोशाक के लिए इस कढ़ाई का इस्तेमाल किया. ये कढ़ाई भेड़ के ऊन से बनी शॉल पर की जाती है और काफी महंगी होती हैं.

## कलमकारी कढ़ाई शॉल



ड्रीम शॉल के नाम से मशहूर इस कलमकारी डिजाइन को बांस से बनाते हैं. कढ़ाई के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले रंग कुदरती होते हैं. कश्मीरी शॉल पर कलमकारी का काम बेहद बारीक होता है और इस तरीके को पूरा करने के लिए 20 स्टेप का इस्तेमाल करना पड़ता है. आंध्र प्रदेश में कलमकारी शॉल स्कार्फ आदि सूती कपड़े से बनाए जाते हैं. इनका आधार श्री कलाहस्ति व मछलीपट्टनम शैली है. शॉल पर डिजाइन धार्मिक विषयों पर बनते हैं.

## जामावार शॉल



छह से सात सौ वर्ष पहले कश्मीरी कारीगर ईरान से यह कला लेकर आए थे. कश्मीर में मुगल इन्हीं शॉल का उपयोग करते थे. लेकिन समय के साथ यह लुप्त होती गई. बाद में गुलाम रसूल सरीखे कुछ कलाकारों ने इस पुर्नजीवित किया.

इस शॉल को सूई से एक ही कारीगर कई दिनों में तैयार करता है. इसमें सिल्क के धागों को इस्तेमाल होता है.

जामावार शिल्प में कन्नी और सोजनी दो डिजाइन होते हैं. सोजनी कलाकार की भावनाएं रेखांरित करती है. इससे कलाकार के पास एक दृश्य की जरूरत होती है, जिसे वह बयां करता है. सूई से इसे तैयार किया जाता है, जिसमें एक दृश्य के साथ कड़ी मेहनत लगती है.

## शहतूश शॉल

शॉल की बात तब तक अधूरी रह जाती है जब तक शहतूश शॉल की चर्चा न हो. एक शहतूश शॉल के लिए लाखो रुपए खर्च करने पड़ सकते हैं, पर अब इस कीमत में भी यह उपलब्ध नहीं हो सकेगी. साल 1975 में आईयूसीएन द्वारा शहतूश शॉल को बैन कर दिया गया और इसके बाद 1990 में भारत ने भी इस शॉल पर प्रतिबंध लगा दिया. अब इसकी बिक्री बैन है.

चिरु नाम के जानवर के बालों से बनाया जाता है. ये जानवर बर्फीले पहाड़ जैसे तिब्बत और लद्दाख रिजन में पाए जाते हैं. चिरु काफी दुर्लभ जानवर हैं और उनके बालों को जमा करना और उससे शॉल बनाना काफी मुश्किल काम है. कहा जाता है कि एक शॉल बनाने के लिए 4-5 चिरू के बालों का इस्तेमाल होता है. हर साल कई चिरु की मौत सिर्फ शॉल बनाने की वजह से हो जाती है. ऐसे में इसे अब दुर्लभ जानवर माना जा रहा है और लगातार हो रही मौत की वजह से इस पर बैन लगा दिया गया है.

ये शॉल काफी गर्म होते है. माना जाता है कि मुगल अकबर बादशाह को शाहतूश शॉल से बेहद लगाव था. अकबर ने इस शॉल को परम नरम नाम दिया था. इंटरनेशनल मार्केट में इस शॉल की कीमत 500 से लेकर 20 हजार डॉलर तक है. यानी एक शॉल के लिए 15 लाख रुपए तक देना पड़ सकते हैं.



### शॉल को स्टोर कैसे करें?

- वुलेन शॉल को हैंगर में टांगने से ये खराब हो सकते हैं. शॉल को अच्छे से फोल्ड करके वार्डरोब में रखें.
- वुलेन शॉल को पेपर या जिप क्लोजर वाले ब्रिदेब्ल कॉटन/ कैनवास स्टोरेज बैग में स्टोर करें.
- जहां इन शॉल को स्टोर करें, वह नमी मुक्त सूखी जगह हो. नमी के कारण कपड़े पर फफूंद लग सकती है.
- शॉल को गर्म पानी या वाशिंग मशीन में धोने से बचें. घर पर अगर धोना है तो सॉफ्ट डिटर्जेंट में शॉल धोकर सीधे निकाल दें, निचोड़ें नहीं. कहीं नल या तार पर थोड़ी देर छोड़ दें और फिर फैला कर सुखा लें. मोटे शॉल को तौलिए में रोल कर हल्के हाथ से घुमाएं.
- वुलेन शॉल को धूप में जरूर सूखाएं ताकि शॉल में नमी न रहे. वरना शॉल पर फफूंद लग सकती है.
- पशमीना जैसी महंगी शॉल को केवल अच्छे ड्राई क्लीनर से ही साफ करवाएं, घर में नहीं धोएं.
- शॉल में कीड़े नहीं लगे, इसके लिए जहां स्टोर करती हैं वहां सूखी नीम की पत्तियां, कपूर व लौंग को बेहद पतले कपड़े में लपेट कर शॉल के बीच में रखें.

# कुछ मीठा हो जाए



रानी प्रसाद
पाक कला विशेषज्ञ

**कुकरी एक्सपर्ट रानी प्रसाद बना रही है घर में झटपट तैयार होने वाली कुछ मिठाइयों की रेसिपी...**

## नारियल के लड्डू



**यह चाहिए**

नारियल का बुरादा एक कप
दूध एक कप
मिल्क पाउडर दो चम्मच
चीनी दो चम्मच या स्वाद अनुसार
पिसी हुई इलायची एक चम्मच

**ऐसे बनाएं**

सबसे पहले नारियल के बुरादे को कड़ाही में सूखा भून लें. इसे ज्यादा नहीं भूनना है, सिर्फ खुशबू आने तक ही भूनना है. अब दूसरी कढ़ाई में दूध डालें दूध को हल्का गाढ़ा करें, और उसमें मिल्क पाउडर मिला दें. अब इसमें चीनी भी मिला दें. तत्पश्चात इसमें नारियल के बुरादे मिलाकर अच्छी तरह चला लें. जब दूध बिल्कुल सूख जाए तब उसे लड्डु का रूप दे दें और इस लड्डू पर नारियल के बुरादे और पिस्ता की कतरन लगा दें.

## शुगर फ्री ड्राई फ्रूट्स लड्डू



**यह चाहिए**

एक कप टुकड़े किए हुए खजूर
एक कप अंजीर
एक कप मिले-जुले ड्राई फ्रूट्स (ड्राई फ्रूट्स में काजू बादाम अखरोट और किशमिश लिए जा सकते हैं)

**ऐसे बनाएं**

सर्वप्रथम अंजीर को आधे घंटे के लिए गर्म पानी में फुला दें. आधे घंटे के बाद गर्म पानी से अंजीर को निकाल कर उसके छोटे-छोटे टुकड़े कर लें और मिक्सी के जार में डालकर पीस लें. इसमें खजूर के टुकड़े भी पीस लें. अब एक कढ़ाई में थोड़ा सा घी डालें और उसमें सारे ड्राई फ्रूट्स को 2 मिनट के लिए भूल लें. अब इस ड्राई फ्रूट्स को कड़ाही में से निकाल कर इसमें अंजीर और खजूर के पेस्ट को भूनें. 5 मिनट में ही है पेस्ट भुन जाएंगे और कड़ाही छोड़ने लगेंगे. तब इसे चूल्हे पर से उतार लें और इसमें सारे ड्राई फ्रूट्स मिला दें. ठंडा होने पर इन्हें लड्डुओं का शेप दे दें.




वीणा श्री

## आसां नहीं था तूफां से साहिल तक का सफर

**अपना ज़माना आप बनाते हैं अहल-ए-दिल/ हम वो नहीं कि जिन को ज़माना बना गया...** सागोरिका सरकार उर्फ वीणा श्री की जिंदगानी इन पंक्तियों का सच बयां करती है. उनकी जिंदगी संघर्ष की आंच में तपी है और आज इसकी स्वर्णिम आभा से जमाना भी लाभान्वित हो रहा.

महज दो साल की उम्र में पिता का साया सिर से उठ गया. उसके बाद कर्मठ मां जो सरकारी नौकरी में थीं, के साथ उनके तबादले के अनुसार झारखंड के विभिन्न इलाकों में पढ़ाई करती इन्होंने डॉक्टर बनने का ख्वाब पलकों में पाला ताकि लोगों की सेवा की जा सके. लेकिन परिस्थितियां कुछ ऐसी बनीं कि पढ़ाई में भरपूर बाधा हुई. बस एक बार मेडिकल प्रवेश के लिए परीक्षा में शामिल हो सकीं और उसमें सफल नहीं हो पाईं. इसीबीच शादी भी हुई और मां भी बनीं. लेकिन जीवनसाथी से अलगाव के बाद वे एकल मां के रूप में बिटिया की परवरिश की महान जिम्मेदारी सामने आई. बेशक जब तक जीवित रहीं, इस पूरे दौर में उनकी मां एक सशक्त सहारे के रूप में साथ खड़ी रहीं.

संगीत से बचपन से जुड़ाव था. बाद में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी से क्लासिकल व लाइट म्यूजिक में दीक्षा लीं. जिंदगी का एक मोड़ ऐसा आया जब संगीत ने ही हाथ थामा. कई उपलब्धियां भी इस राह में मिलीं. टी सीरिज से अल्बम निकले. आस्था चैनल से लाइव शो हुआ. शारदा सिन्हा, कुमार शानू, अनुराधा पौडवाल, तृप्ति शाक्या, छैला बिहारी जैसी हस्तियों के साथ मंच साझा करने का मौका मिला.

एकल मां के रूप में अपनी जिम्मेदारी को पूरा करने का सुकून हासिल है. आज बिटिया गुरुग्राम में सम्मानित पद पर कार्यरत है. इधर कुछ वर्षों से आलम यह है कि एक कॉल पर जरुरतमंद के लिए तत्पर हो जाती हैं. जी हां, अब समाजसेवा से जुड़ी हैं. जरुरतमंद को समय पर रक्त मुहैया कराने की कोशिश करती हैं. भारतीय प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत प्रकोष्ठ. इसकी वे महिला प्रदेश सचिव हैं. कॉस्मस यूथ क्लब से जुड़ कर भी समाज सेवा कर रही हैं.

बहरहाल, वीणा श्री महिलाओं को संदेश देना चाहती हैं कि जीवन में बेशक साथी की अहमियत है लेकिन कई बार एकला चलो रे का राग भी आपके हिस्से बहुत कुछ दिला जाता है जो शायद साथ चलते संभव नहीं है.



advt

# सीरम से होगा चांद सा रौशन चेहरा!



कमलजीत कौर
ब्यूटी एक्सपर्ट

**कभी-कभी त्वचा मुर्झायी सी लगती है तो कहीं-कहीं स्किन टोन बदरंग सा नजर आता. कभी सन टैन का असर दिखता तो कभी उम्र चेहरे पर चुगली कर जाती. दाग-धब्बे, मुहांसे, मौसम के असर आदि से भी हमारी त्वचा परेशां सी रहती है. ऐसे में मार्केट में मिलने वाले फेस सीरम के विज्ञापन जादू सा समस्याएं हर लेने का दावा करते हैं. हालांकि इन दावों की हम पुष्टि नहीं करते. आइए कुछ सीरम के बारे में करें बात**


**सीरम के उपयोग के लिए चेहरा फेशवॉस से धोएं और सूखने पर सीरम लगाएं. सीरम के बाद मॉइश्चराइजर लगा सकते हैं. बेहतर उपयोग के लिए सीरम को रात में सोने से पहले लगाएं.**

## विटामिन सी सीरम




यह सबसे अधिक लोकप्रिय सीरम है और तकरीबन सभी तरह के स्किन टाइप को सूट करता है. इसके नियमित उपयोग से त्वचा कोलेजन बनने, फ्री रेडिकल बनने से रोकने और स्किन टोन को एकसार करने में मदद मिलती है. इसका असर तीन हफ्ते के इस्तेमाल के बाद नजर आने लगता है. मुहांसे आदि के दाग धब्बे दूर होते हैं और त्वचा निखर जाती है. घर से बाहर निकलते समय सनस्क्रीन लगाने से पहले इसका इस्तेमाल किया जा सकता है.

## हाइड्रेटिंग फेस सीरम



जब त्वचा में नमी की कमी होती है तो यह रूखी और उम्रदराज दिखने लगती है. ऐसे में अरगन ऑइल, ग्लिसरीन, हैलोरॉनिक एसिड, एलोवेरा, रोज व्हीप ऑइल, रोज वाटर, जोजोबा और विटामिन ई युक्त हाइड्रेटिंग फेस सीरम बेहद कारगर होते हैं. लेकिन ध्यान रखें, इसे मॉइश्चराइजर का विकल्प नहीं समझिए. बेहतर हो कि मॉइश्चराइजर लगाने से पहले इसका इस्तेमाल करें.

## एंटी एजिंग फेस सीरम



अगर त्वचा पर उम्र अपने निशान छोड़ती नजर आए, उससे पहले ही इस सीरम का उपयोग शुरू कर देना चाहिए. यह त्वचा पर उम्र के संकेतों को कम कर देता है और यह पहले की तरह टाइट और निखरी नजर आती है. दरअसल यह सीरम कोलेजन को बढ़ाते हैं और त्वचा के भीतर तक नमी पहुंचाते हैं. इसके उपयोग से कोशिकाएं रिपेयर होती हैं. इसमें मौजूद रेटिनॉल, प्रिमरोज ऑयल, विटामिन सी त्वचा पर बेहतर नतीजे दिखाता है. यह हमेशा रात में सोने से पहले लगाना चाहिए.

## ब्रीफ खबरें

### पूर्णिया में दादा-पोते की गोली मारकर हत्या

**पूर्णिया।** जिले के धमदाहा प्रखंड के बड़हरा थाना क्षेत्र के कलमबाग गांव में सो रहे दादा-पोते की गोली मारकर हत्या कर दी गई. मृतकों में चतुरी मंडल (65) तथा उनके पोते मनीष कुमार (08) हैं. पुलिस और एफएसएल की टीम घटनास्थल पर जांच-पड़ताल कर रही हैं. बहरा कोठी थाना प्रभारी कुमार आजाद ने बताया कि घटना आपसी दुश्मनी की प्रतीत हो रही है. अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

### चोर गिरोह के दो सदस्य हुए गिरफ्तार

**अररिया।** भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में लगातार मवेशी चोरी की घटना हो रही है. भारतीय क्षेत्र से मवेशी की चोरी कर नेपाल के सीमावर्ती इलाकों में और नेपाल से मवेशी चोरी कर भारतीय सीमावर्ती क्षेत्रों में भेजने के पीछे संगठित गिरोह सक्रिय है. मवेशी चोरी के बाद गिरोह के अन्य सदस्य या तो पशुपालकों से पैसे लेकर मवेशी को वापस कर देते हैं या फिर उसे बेच देते हैं. ऐसे ही भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में सक्रिय मवेशी चोर गिरोह के दो सदस्यों को फुलकाहा थाना पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की. पुलिस ने इनके पास से शराब की भी बरामदगी की.

### 27 बोतल शराब के साथ पत्रकार गिरफ्तार

**नवादा।** नवादा रेलवे स्टेशन से सोमवार की देर रात एक कथित पत्रकार को उत्पाद पुलिस ने 27 बोतल विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया. पत्रकार के पास से उत्पाद पुलिस ने नवबिहार दूत अखबार का आईडी भी बरामद किया है. हालांकि, बरामद आईडी की वैधता समाप्त हो चुकी है. इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक अनिल कुमार आजाद ने बताया कि गिरफ्तार आकाश के पास से रॉयल स्टैग 750 एमएल का 7 बोतल, इम्पेरियल ब्लू 750 एमएल का 10 बोतल तथा आईकोनिंग व्हाईट 750 एमएल का 10 बोतल कुल 27 बोतल शराब बरामद हुआ. जिसकी मात्रा 20.250 लीटर है. उन्होंने बताया कि उत्पाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उक्त कथित पत्रकार को अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया.

### सीपीआई के महासचिव पहुंचे पटना, सीट शेयरिंग पर हुई चर्चा

# सीएम के बाद लालू-तेजस्वी से मिले डी. राजा

**संवाददाता। पटना**



सीपीआई के महासचिव डी राजा मंगलवार को पटना पहुंचे. इस बीच वो लालू यादव और तेजस्वी यादव से मुलाकात करने राबड़ी आवास भी गए. मुलाकात करने के बाद मीडिया से बात करते हुए डी. राजा ने कहा कि यह महज औपचारिक मुलाकात थी, लालू यादव से उनके पुराने संबंध है. इस दौरान डी राजा ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला और कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन पूरी मजबूती के साथ एनडीए को शिकस्त देगी. उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों के खिलाफ केंद्र सरकार ईडी और सीबीआई का गलत इस्तेमाल कर रही है. लोगों का मिजाज अब बदल चुका है, लोग नहीं चाहते हैं कि अब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नहीं रहे क्योंकि उन्होंने संवैधानिक संस्थाओं को धीरे-धीरे खत्म करने का काम किया है. लगातार उनकी मनमानी बढ़ती जा रही है, जो आम जनता पसंद नहीं कर रही है और यही कारण है कि उन लोगों ने विपक्षी दलों को एकजुट किया. सीट शेयरिंग को लेकर उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर सीट शेयरिंग से लेकर सब मुद्दा पर लगातार इंडिया गठबंधन में बातचीत हो रही है. बहुत कुछ बहुत जल्द साफ हो जाएगा.

### शिक्षा मंत्री पर थाने में प्राथमिकी दर्ज

**पटना।** शिक्षा मंत्री प्रो. चंद्रशेखर के खिलाफ केस दर्ज हुआ है. पटना के कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है. सनातन और मंदिर पर विवादित बयान देने का आरोप लगाया गया है. केस करने वाले का आरोप है कि शिक्षा मंत्री प्रो. चंद्रशेखर के बयान से करोड़ों हिन्दुओं की भावना को ठेस पहुंची है. उन्होंने सनातन और मंदिर पर टिप्पणी की है. केस हिन्दू शिवभवानी सेना की ओर से दर्ज कराया गया है. हिन्दू शिवभवानी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष लव कुमार सिंह रुद्र ने कहा है कि शिक्षा मंत्री प्रो. चंद्रशेखर ने मंदिर को गुलामी का रास्ता बताकर देश के करोड़ों हिन्दुओं की भावना को ठेस पहुंचाने का काम किया है.

### आओ जानें

## बिहार : पशुपालन की स्थिति

| पशुधन (पशुगणना 2019) | संख्या |
|---|---|
| गौ जाति | 15397 .980 |
| भैंस जाति | 7719 .794 |
| बकरा-बकरी | 12821 .216 |
| भेड़ | 213 .377 |
| सुअर | 343 .434 |
| घोड़ा | 32 .176 |
| ऊंट जाति | 0 .088 |
| अन्यान्य पशुधन | 12 .755 |
| **कृषि औजार (पशुगणना)** | |
| दूध दूहने की मशीन | 9358 |
| चारा काटने की मशीन | 1132788 |
| गोबर इकट्ठा करने की मशीन | 7795 |

### अपराधियों ने हत्या के बाद लाश को जीवछ नदी किनारे फेंक दिया

# दरभंगा में ग्रामीण डॉक्टर की हत्या, विरोध में हंगामा

**संवाददाता। दरभंगा**

दरभंगा में अपराधियों ने एक ग्रामीण डॉक्टर की हत्या कर दी. अपराधियों ने हत्या के बाद लाश को जीवछ नदी किनारे फेंक दिया. घटना बहेड़ी थाना क्षेत्र के त्रिमुहानी में की है. कोपी मुसहरी में जीवछ नदी के किनारे स्थानीय लोगों ने शौच जाने के क्रम में उसकी लाश देखने के बाद इलाके में शोर मचाया. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. आसपास के लोगों की भीड़ लग गई. इधर, घटना की सूचना स्थानीय लोगों बहेड़ी और बहेड़ा दोनों थाना की पुलिस को दिया. घटना स्थल पर पहुंची पुलिस कुछ देर तक सीमा विवाद में उलझी रही. बाद में बहेड़ी थाना की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेजा और मामले की जांच में जुट गई है. ग्रामीण डॉक्टर कैलाश ठाकुर (33) वर्ष के रूप में हुई. शव को देखने से लगता है उसकी हत्यारों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी है. कैलाश का घर घटनास्थल से करीब दो किलोमीटर दूर बहेड़ी थाना क्षेत्र के दुर्गीचक गांव में था. बड़े भाई राजेंद्र यादव व छोटे चाचा राम पुकार यादव ने बताया कि किसी व्यक्ति ने उसकी अन्यत्र हत्या कर शव को इस सुनसान जगह पर लाकर फेंक दिया है. लाश के ऊपर उसकी बाइक को गिराकर इस प्रकार छोड़ दिया गया था. ताकि इस वारदात को दुर्घटना के रूप में देखा जाए. बगल में ही मृत युवक का मोबाइल भी पड़ा मिला. शव पर गला दबाने तथा पीठ पर लोहे के रॉड से मारने का निशान दिख रहा. जबकि, उसका जीभ बाहर निकला हुआ था.

#### विरोध में लोगों ने की सड़क जाम



बहेड़ी के प्रभारी थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि प्रथमदृष्टया लाश की जीभ बाहर निकले होने के कारण हत्या प्रतीत हो रही है. गला दबाकर हत्या करने की आशंका है. मृतक के मोबाइल के कॉल डिटेल्स के हिसाब से जांच की जा रही है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट और कॉल डिटेल्स के आधार पर हत्यारे तक जल्द ही पहुंचा जा सकता है. घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने बहेड़ी-बहेड़ा मुख्य सड़क जाम कर दिया. गुस्साए लोग हत्यारे की गिरफ्तार की मांग कर रहे लगे. इसके बाद पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत करवाया. मृतक कैलाश तीन भाई व तीन बहनों में पांचवें स्थान पर था. उसे एक 15 वर्ष व दूसरी 12 वर्ष की दो पुत्री और एक नौ वर्ष का पुत्र है. घटना के बाद कैलाश की मां शुभकला देवी, पत्नी जयमाला देवी व बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है.

### कांटी एनटीपीसी के सुरक्षा गार्ड को मारी गोली

**मुजफ्फरपुर।** जिले में बेखौफ अपराधियों ने काटी थाना क्षेत्र के एनटीपीसी की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा गार्ड को अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी. गोली लगने की सूचना के बाद एनटीपीसी के कर्मियों के द्वारा सोमवार की देर रात ही उसे एनटीपीसी के अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने रेफर कर दिया. घायल सुरक्षा गार्ड को परिजनों के द्वारा शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है. घायल की पहचान सुधीर कुमार के रूप में हुई है जो मूल रूप से मीनापुर थाना क्षेत्र के तुर्की खरार गांव का रहने वाला है. पूरे मामले में पूछे जाने पर डीएसपी पश्चिमी अभिषेक आनंद ने कहा की गोली लगी है कांटी एनटीपीसी के सुरक्षा गार्ड को सभी बिंदुओं पर जांच-पड़ताल चल रही है जल्द ही पूरे मामले का खुलासा होगा.

### कैमूर में शराब की बड़ी खेप पकड़ी गयी

# दो ट्रक चालक हुए गिरफ्तार

**संवाददाता। कैमूर**

नीतीश सरकार ने बिहार में 2016 में शराब की बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया था. लेकिन आये दिन तस्कर नये-नये तरीके इजात कर शराब की तस्करी करते हैं. कुछ तस्कर तो पुलिस के हाथ लग जाते हैं, लेकिन कुछ बच-बचाकर भाग निकलते हैं. इसके बावजूद पुलिस और उत्पाद विभाग मिलकर अभियान चला रही है और शराब की बड़ी खेप पकड़ रही है. ताजा मामला कैमूर के मोहनिया थाना क्षेत्र का है. जहां पुलिस ने शराब तस्करों पर शिकंजा कसा है. मोहनिया चेक पोस्ट पर पुलिस ने 15 हजार लीटर शराब के साथ दो ट्रक चालकों को गिरफ्तार किया है. शराब की कीमत मार्केट में सवा करोड़ बतायी जा रही है. शराब तस्कर भूसी के नीचे छिपाकर शराब ले जा रहे थे.

#### हरियाणा के पानीपथ व करनाल से सिल्लीगुड़ी ले जा रहे थे शराब

कैमूर एसपी ललित मोहन शर्मा ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ट्रक से शराब की बड़ी खेप कैमूर की तरफ ले जायी जा रही है. सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मोहनिया थाना की पुलिस और एएलटीएफ टीम ने मोहनिया चेक पोस्ट पर चेकिंग अभियान चलाया. इसी दौरान एक ट्रक को रोका तो चालक उतरकर भागने लगा. लेकिन पुलिस ने उसे खदेड़कर पकड़ लिया. इस ट्रक में 7 हजार लीटर शराब बरामद की गयी. इसी क्रम में एक और ट्रक को रोककर तलाशी ली गयी तो उसमें 8 हजार लीटर अंग्रेजी शराब मिले. पहले ट्रक चालक ने बताया कि शराब को पानीपथ से सिल्लीगुड़ी ले जाया जा रहा था. दूसरे चाल ने बताया कि वह शराब की खेप करनाल से लेकर आ रहा है और सिल्लीगुड़ी ले जाना है.

### जमीन विवाद में दो पक्षों में गोलीबारी, दो घायल

**छपरा।** छपरा के टाउन थाना क्षेत्र स्थित इमामगंज गिरी टोला में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर गोलीबारी हुई है. इस गोलीबारी में दो युवकों के घायल हो गए हैं. दोनों युवकों को आनन-फानन में छपरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया. लेकिन एक युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे पटना रेफर कर दिया है. घायल युवकों की पहचान इमाम गंज गिरी टोला निवासी शशि गिरी और मुबारकपुर गांव निवासी अमन कुमार के रूप में हुई है.

## मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव 18 को आएंगे पटना

**पटना।** लोकसभा चुनाव 2024 में बिहार में यादव मतदाताओं को साधने की तैयारी भाजपा ने कर ली है. इसके लिए भाजपा ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को पटना आमंत्रित किया है. यहां उनका सम्मान कार्यक्रम किया जायेगा. यूं तो मोहन यादव का सम्मान कार्यक्रम श्रीकृष्ण चेतना मंच करेगी लेकिन भाजपा का इसमें बड़ा हाथ माना जा रहा है. भाजपा के यादव समाज के नेताओं की एक बैठक मंगलवार को पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव के आवास पर हुई. बैठक में दल और मंच के कई नेता शामिल हुए. मप्र सीएम के पटना दौरे की तैयारी को लेकर आज मंच के पदाधिकारियों की एक बैठक होगी, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा को फाइनल किया जाएगा. तय कार्यक्रम के अनुसार वह 18 जनवरी को पटना आयेंगे. पटना एयरपोर्ट से वह सीधे श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल जायेंगे, जहां श्रीकृष्ण चेतना मंच उन्हें सम्मानित करेगा.

## कारोबार

### डीजीसीए ने दो और उड़ान को दी मंजूरी

**नयी दिल्ली।** नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने दो और उड़ान प्रशिक्षण संगठनों (एफटीओ) को मंजूरी दे दी है. इससे देश में एफटीओ की कुल संख्या बढ़कर 36 हो गई. नियामक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि गुजरात के भावनगर में ड्यून्स एविएशन अकादमी और मध्य प्रदेश के खजुराहो में भारतीय फ्लाइंग अकादमी को मंजूरी दे दी गई है. अधिकारी ने बताया कि इन मंजूरी के साथ ही देश में एफटीओ की संख्या बढ़कर 36 हो गई.

### आईनॉक्स विंड को मिला ठेका

**नयी दिल्ली।** पवन ऊर्जा समाधान प्रदाता आईनॉक्स विंड को सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनएलसी इंडिया से 50 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना का ठेका मिला है. आईनॉक्स विंड की ओर से जारी बयान के अनुसार, यह परियोजना गुजरात के कच्छ जिले में मेगा दयापार साइट से जुड़ी है. बयान में कहा गया, आईनॉक्स विंड लिमिटेड (आईडब्ल्यूएल) को एनएलसी इंडिया से 50-मेगावाट आईएसटीएस (अंतर-राज्य ट्रांसमिशन सिस्टम) से जुड़ी पवन ऊर्जा परियोजना को निष्पादित करने के लिए एक आशय पत्र (एलओआई) मिला है.

### 2028 तक 1,000 स्टोर खोलने की योजना

**मुंबई।** पेय पदार्थ से जुड़ी कंपनी टाटा स्टारबक्स की 2028 तक 1,000 स्टोर खोलने की योजना है. उसके अभी 390 स्टोर हैं. आधिकारिक बयान के अनुसार, कंपनी की हर तीन दिन में एक नया स्टोर खोलने और दूसरी (टियर-2) और तीसरी (टियर-3) श्रेणी के शहरों में उतरने की योजना है. कंपनी टाटा समूह और वैश्विक कॉफी श्रृंखला स्टारबक्स के बीच एक संयुक्त उद्यम है. दोनों की इसमें समान हिस्सेदारी है. बयान में कहा गया 2028 तक कुल 1,000 स्टोर खोलने के लक्ष्य के साथ टाटा स्टारबक्स के कर्मचारियों की संख्या दोगुना होकर 8,600 हो जाएगी.

### एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट के अनुसार देश में आय से जुड़ी असमानता हाल के वर्षों में घटी है

# मिडिल क्लास की हालत बेहतर हो रही है

**भाषा। नयी दिल्ली**

भारत की बदलती अर्थव्यवस्था का असर लोगों के जीवन स्तर पर पड़ रहा है. यह बात एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट से स्पष्ट हो रही है. देश में आय से जुड़ी असमानता हाल के वर्षों में घटी है. रिपोर्ट के मुताबिक, मिडिल क्लास की हालत बेहतर हो रही है. इकनॉमी के कुछ हिस्सों की बेहतर ग्रोथ होने और बाकियों के पीछे छूट जाने के दावे सही नहीं हैं. एक तिहाई से अधिक टैक्सपेयर ऊंचे इनकम टैक्स दायरे में आ गए हैं. टोटल इनकम में टॉप टैक्सपेयर्स की हिस्सेदारी घट रही है. जोमैटो जैसे ऑनलाइन फूड ऑर्डरिंग प्लैटफॉर्म्स का इस्तेमाल बढ़ने और आईफोन की बिक्री का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया कि इनकम बढ़ने से अफोर्डेबिलिटी बढ़ रही है. रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2014 में देश के 23 लोगों की आमदनी 100 करोड़ रुपये से ज्यादा थी. उनकी कुल इनकम 29290 करोड़ रुपये थी. वित्त वर्ष 2021 में 100 करोड़ रुपये से अधिक आय वालों की संख्या 136 हो गई और उनकी कुल इनकम 34301 करोड़ रुपये थी. 100 करोड़ रुपये से अधिक कमाने वाले 23 लोगों की कंबाइंड इनकम वित्त वर्ष 2014 में टोटल इनकम की 1.6 प्रतिशत थी. वित्त वर्ष 2021 में टोटल इनकम में इस टॉप ग्रुप की हिस्सेदारी घटकर 0.77 प्रतिशत रह गई.

**2014** में देश के 23 लोगों की आमदनी 100 करोड़ से ज्यादा थी

**2021** में 100 करोड़ से अधिक आय वालों की संख्या 136 हो गई



#### कम आमदनी वालों में आय की असमानता घटी है

इसी तरह 10 करोड़ रुपये से अधिक कमाई वाले टॉप 2.5 पर्सेंट टैक्सपेयर्स की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2014 से 2021 के बीच 2.81 प्रतिशत से घटकर 2.28 प्रतिशत पर आ गई. वहीं, 3.5 लाख रुपये से कम आमदनी वालों में आय की असमानता घटी है. वित्त वर्ष 2014 से 2021 के बीच यह 31.8 प्रतिशत से 15.8 प्रतिशत रह गई. इसका मतलब यह है कि टोटल इनकम में इस इनकम ग्रुप की हिस्सेदारी उनकी आबादी की तुलना में 16 प्रतिशत बढ़ गई. 36.3 पर्सेंट टैक्सपेयर लोअर इनकम से हायर इनकम टैक्स दायरे में चले गए. रिपोर्ट में कहा गया कि हर इनकम क्लास में ग्रोथ दिखी है, लेकिन असमानता घट रही है. 5 लाख से 10 लाख रुपये तक की इनकम वाले टैक्सपेयर्स की ओर से दाखिल होने वाले आईटीआर में एवाई 2013-14 और 2021-22 के बीच 295 प्रतिशत का इजाफा हुआ. इससे पता चलता है कि ग्रॉस टोटल इनकम की ऊपरी रेंज की ओर माइग्रेशन हो रहा है. इसी दौरान 10 लाख से 25 लाख रुपये तक की आय वाले करदाताओं की ओर से दाखिल किए गए आईटीआर में 291 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई.

#### बेहतर ग्रोथ

- इनकम बढ़ने से अफोर्डेबिलिटी बढ़ रही
- टॉप टैक्सपेयर्स की हिस्सेदारी घट रही है
- देश में हर इनकम क्लास में ग्रोथ दिखी है

#### रिकवरी होने के दावे गलत

रिपोर्ट में कहा गया कि कोविड महामारी के बाद इकॉनमी में के शेप वाली रिकवरी होने के दावे गलत हैं. जब अर्थव्यवस्था के कुछ हिस्सों की ग्रोथ होने के साथ दूसरे हिस्से मुश्किल में फंसे रहते हैं तो इसे के-शेप यानी असमान रिकवरी कहा जाता है. रिपोर्ट में कहा गया कि महामारी के बाद लोग अपनी बचत रियल एस्टेट सहित फिजिकल असेट्स में लगा रहे हैं और काफी लोग दोपहिया गाड़ियों से यूज्ड या एंट्री लेवल कारों की ओर शिफ्ट हो रहे हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, इंडिविजुअल टैक्स फाइल करने वालों में महिलाओं की तादाद करीब 15 प्रतिशत है. केरल, तमिलनाडु, पंजाब और वेस्ट बंगाल में इनकी हिस्सेदारी अधिक है.

## कोल इंडिया ने ईंधन आपूर्ति समझौते की अवधि बढ़ाई

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी सीआईएल ने गैर-विनियमित क्षेत्र के लिए ईंधन आपूर्ति समझौते की अवधि को पांच साल से बढ़ाकर 10 साल कर दिया है. इस कदम का मकसद गैर-विनियमित क्षेत्र को नीलामी के जरिए कोयले की आपूर्ति का दीर्घकालिक आश्वासन सुनिश्चित करना है. कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने छठे दौर के पूरा होने के कुछ दिन के भीतर ही गैर-विनियमित क्षेत्र के लिए नीलामी के सातवें दौर की शुरुआत की है. कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, सीआईएल ने सातवें दौर की शुरुआत करते हुए सक्रिय रूप से ईंधन आपूर्ति समझौते (एफएसए) की अवधि को 10 साल तक बढ़ा दिया है. स्पॉन्ज आयरन उप-क्षेत्र के ग्राहकों के लिए कोयले की मांग को पूरा करने के वास्ते नीलामी का सातवां दौर दिसंबर के आखिरी सप्ताह में शुरू किया गया. हालांकि छठे दौर में इस क्षेत्र द्वारा एफएसए में सफल बोलियों का अनुपात कम था.

## अडाणी पोर्ट्स ने बॉन्ड जारी कर 500 करोड़ रुपये जुटाए

**नयी दिल्ली।** अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) ने मंगलवार को निजी नियोजन के आधार पर गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) जारी कर 500 करोड़ रुपये जुटाए. अडाणी समूह की कंपनी ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि उसने दो सूचीबद्ध बॉन्ड के लिए कुल मिलाकर 500 करोड़ रुपये की बोलियां स्वीकार की हैं. इनमें से एक बॉन्ड की परिपक्वता अवधि पांच साल जबकि दूसरे की 10 साल है. कंपनी ने कहा कि निजी नियोजन के आधार पर 1,00,000 रुपये के अंकित मूल्य वाले 50,000 गारंटी वाले, सूचीबद्ध, विमोच्य, एनसीडी के आवंटन से नौ जनवरी, 2024 को 500 करोड़ रुपये जुटाए. इस एनसीडी को बीएसई के थोक बॉन्ड बाजार खंड में सूचीबद्ध किया जाएगा. अडाणी पोर्ट्स देश में सबसे बड़ा बंदरगाह डेवलपर और परिचालक है.

### जरूरत | क्रेडाई-लाइसिस फोरास ने एक रिपोर्ट में यह बातें सामने आई हैं

# आबादी बढ़ने से देश में 6.4 करोड़ अतिरिक्त घरों की जरूरत

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



जनसंख्या में वृद्धि के कारण 2036 तक अतिरिक्त 6.4 करोड़ मकानों की जरूरत होगी. क्रेडाई-लाइसिस फोरास ने एक रिपोर्ट में यह बात कही. क्रेडाई ने वाराणसी में आयोजित न्यू इंडिया समिट में डेटा एनालिटिक कंपनी लाइसिस फोरास के साथ मिलकर यह रिपोर्ट पेश की. संयुक्त रिपोर्ट में कहा गया, जनसंख्या वृद्धि के कारण 2036 तक भारत में अतिरिक्त 6.4 करोड़ मकानों की आवश्यकता होगी. रिपोर्ट के अनुसार, 2018 में भारत में 2.9 करोड़ मकानों की कमी थी. क्रेडाई-लाइसिस फोरास ने रिपोर्ट में कहा, इसलिए भारत में 2036 तक कुल अनुमानित आवास मांग 9.3 करोड़ होगी. रिपोर्ट में उल्लेख किया गया कि रियल एस्टेट वृद्धि की अगली तेज मांग मझोले और छोटे शहर (दूसरी और तीसरी श्रेणी) क्षेत्रों में होने की उम्मीद है. क्रेडाई के अध्यक्ष बोमन ईरानी ने कहा, तेजी से बढ़ती भारतीय आबादी और अर्थव्यवस्था के परिणामस्वरूप मकानों की मांग तथा आपूर्ति में तेजी आई है. साथ ही मकान खरीदारों की क्रय क्षमता में भी सुधार हुआ है और वे बड़े मकान खरीदने को इच्छुक हैं. क्रेडाई के चेयरमैन मनोज गौड़ ने कहा, 2023 सभी रियल एस्टेट हितधारकों के लिए एक उल्लेखनीय वर्ष रहा. हमें उम्मीद है कि यह मांग 2024 और उसके बाद भी जारी रहेगी. उन्होंने कहा कि मझोले और छोटे शहरों में आवास निर्माण में तेजी आएगी. लाइसिस फोरास के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक पंकज कपूर ने कहा, भारतीय रियल एस्टेट वर्तमान में एक अत्यंत महत्वपूर्ण मोड़ पर है.

#### खास बातें


- जनसंख्या वृद्धि के कारण 2036 तक पड़ेगी जरूरत
- रियल एस्टेट वृद्धि की अगली तेज मांग मझोले शहरों के लिए

## एलएंडटी को नए एम्स भवन के निर्माण का मिला ठेका

**एजेंसी। नयी दिल्ली**




इंजीनियरिंग एवं निर्माण समूह लार्सन एंड टुब्रो को हरियाणा के रेवाड़ी में नए एम्स भवन के निर्माण के लिए सरकार से एक परियोजना का ठेका मिला है. कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत एक मिनी रत्न निजी क्षेत्र के उद्यम एचआईटीईएस से लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) कंस्ट्रक्शन के भवन तथा कारखाना व्यवसाय को यह ठेका मिला है. एलएंडटी ने कहा, कार्य के दायरे में नागरिक संरचना और भूनिर्माण सहित बाहरी विकास कार्य शामिल हैं. नए एम्स में 720 बिस्तरों वाला शिक्षण अस्पताल, 30 बिस्तरों वाला आयुष अस्पताल, 100 छात्रों का वार्षिक प्रवेश मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, 500 सीट वाला सभागार, छात्रावास तथा आवासीय सुविधाएं शामिल होंगी. इसे एक समयसीमा के भीतर तैयार किया जाएगा. कंपनी ने अनुबंधों का मूल्य नहीं बताया लेकिन कहा कि यह ठेका महत्वपूर्ण श्रेणी का है जो 1,000 करोड़ रुपये से 2,500 करोड़ रुपये के दायरे में आता है.



## राशिफल

**आचार्य प्रणव मिश्रा**

**मेष** नवम भाव में चंद्रमा सूर्य का योग है. धर्म में मन लगेगा. पिता से लाभ होगा. सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी. निवेश शुभ रहेगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. विवाह के लिए किए प्रयास सफल रहेंगे. संतान की चिंता रहेगी. शनि को बल दें.

**वृषभ** कुछ मानसिक उलझन वाला दिन होगा. पहले से किया गया निवेश शुभ रहेगा. शुभ समाचार मिलेंगे. विवाद न करें. किसी की जमानत लेने का जोखिम न लें. भविष्य की चिंता रहेगी. पुरानी पीड़ा से ग्रस्त रहेंगे. धर्म में मन लगेगा.

**मिथुन** जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का योग है. आर्थिक लाभ का भी योग है. किसी से विवाद होगा. मिजाज खुशनुमा रहेगा. बेरोजगारी दूर होगी. विरोधी परास्त होंगे. जीवन आध्यात्म की तरफ मुड सकता है. बोलने से पहले विचार करें.

**कर्क** कर्म और व्यापार से लाभ होगा. समय रहते अपने कार्यों का विभाजन कर लें. जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी. विवाद से बचते हुए फालतू खर्च से बचें. अस्वस्थता के कारण मन खिन्न रहेगा. माता दुर्गा का पूजन करें.

**सिंह** संतान से लाभ का योग है. रुका हुआ धन मिलने की संभावना के बीच यात्रा से लाभ होगा. अपनी आदतों को बदलें और प्रयास करें कि जो भी फैसला लें उस पर कायम रहें. सन्तान से मतभेद होगा. चीनी और सत्तू का दान करें.

**कन्या** व्यवसाय में नई योजना लागू होगी. कार्यस्थल में बदलाव संभव है. अनाज तिलहन के निवेश, नौकरी व यात्रा से लाभ होगा. अपनों से मन की बात कहने का अवसर मिलेगा. गणेश मंदिर में फल का दान करें.

**तुला** भाई से कोई लाभ का योग है. समय पर कार्य होने से मन प्रफुल्लित रहेगा. रचनात्मक कार्यों में रुचि रहेगी. नौकरी में भागदौड़ रहेगी. घर-परिवार में चल रहे विवादों के कारण चिंतित रहेंगे. दूध का दान करें.

**वृश्चिक** कोई पुराना और खोया हुआ धन प्राप्त होगा. पराक्रम से कार्य सिद्ध होगा. नया वाहन, मशीनरी पर धन खर्च होगा. पारिवारिक कार्यक्रमों में भागदौड़ अधिक होगी. जीवनसाथी की चिंता रहेगी.

**धनु** समय बहुत ही उत्तम है. परिणय कार्य की रुकावटें दूर होंगी. संतान सुख मिलेगा. अपने हुनर को दिखाने का अवसर मिलेगा. किसी की सुनी सुनाई बातों से दूर रहें. गुरु गायत्री का जाप करना चाहिए.

**मकर** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल होंगे. छोटा निवेश शुभ रहेगा. कार्य होने से दिनचर्या व्यस्त रहेगी. संपत्ति के कार्य लाभ देंगे. पेट से सम्बंधित रोग सम्भव है. प्रियजन को मन की बात बताने का अवसर मिलेगा. मिठाई और फल का दान करें.

**कुंभ** आय के लिए दिन बहुत ही अच्छा है. गलत लोगों से बचना चाहिए. विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा. पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा. यात्रा मनोनुकूल रहेगी. परिवार में बुजुर्गों का साथ मिलेगा. शनि को बल दें.

**मीन** माता के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखें. निजी जीवन में तनाव रहेगा. नौकरी में परिश्रम अधिक होगा. किसी अपने से कार्यस्थल पर विवाद से बचें. चोरी आदि से हानि हो सकती है सावधानी बरतें. मंदिर में झाड़ू का दान करें.

### पान-स्वांसी समन्वय परिषद का प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन 18 फरवरी को, सभी 24 जिले के प्रतिनिधि होंगे शामिल

# झारखंड के पान तांती स्वांसी समाज को एकजुट करने का लिया संकल्प

**संवाददाता | आदित्यपुर**

झारखंड पान-स्वांसी समन्वय परिषद का प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन 18 फरवरी को जमशेदपुर में सम्पन्न होगा. जिसमें सभी 24 जिले के प्रतिनिधि शामिल होंगे. महासम्मेलन का एजेंडा होगा बिहार के तर्ज पर अनुसूचित जाति में शामिल करना, जिसके लिए पान तांती समाज के लोग एकजुट होकर इस एजेंडे पर लिए जानेवाले निर्णय के तहत राज्यभर में चरणबद्ध आंदोलन करेंगे. यह निर्णय बीती रात एल रोड, विष्टुपुर में "झारखंड पान-स्वांसी समन्वय परिषद्" की विशेष बैठक में लिया गया है. बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी रामभगत तांती ने की. बैठक का संचालन कार्यकारी अध्यक्ष मानिक चंद पातर ने किया. बैठक में निर्णय लिया गया कि सर्व समिति से झारखंड स्तरीय पान महासम्मेलन इस समन्वय परिषद् के तहत 24 जिले के संस्थाओं को एक छत के नीचे किया जाएगा.

इसके लिए आगामी 18 फरवरी 2024 को गंधक रोड, साकची,स्टील हाउस में महासम्मेलन होना सुनिश्चित हुआ है. बैठक में पान तांती समाज के लोगों ने कहा कि झारखंड में वर्षों से पान तांती समाज के लोग उपेक्षित हैं. हमलोग झारखंड सरकार से वर्षों से मांग करते आ रहे हैं कि बिहार के तर्ज पर पान स्वांसी की उप-शाखा तांती तत्वा को विलोपित कर पान स्वांसी को अनूसूचित जाति का दर्जा प्रदान की जाए. आरक्षण के बिना हमारे समाज के विकास के रथ को रोक कर दीन-हीन बना दिया गया है.



बिहार की तर्ज पर अनुसूचित जाति में शामिल करने के एजेंडे पर लिया जाएगा निर्णय

वक्ताओं ने कहा कि वर्षों से उनके समाज के पूर्व विधायक स्व. मुकुंद राम तांती, उनके बाद स्व श्रीधर बाबू और फिर झारखंड पान कल्याण समिति की ओर से सेवानिवृत्ति पदाधिकारी एनसी दास, प्रो. संतोष दास पान, प्रेम शंकर बाबू के नेतृत्व में टीएसी, बैकवर्ड कमीशन आयोग के पदाधिकारी नीलकंठ सिंह मुंडा, जेबी तुबिद एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ मीटिंग कर अपनी मांग रख चुके हैं. उन्हें लगभग 200 पृष्ठों का प्रमाणित आवेदन और 5- 6 जमीन के खतियान के पेपर भी दिये गये हैं, जिनमें पान तांती का पूर्व में अनुसूचित जाति में होना दर्ज है. आयोग की बैठक में उपस्थित होकर सरकार को आश्वस्त भी कर दिया गया कि तांती ही मूल रूप से पान है, परंतु यह बात सरकार के पास अधर में पड़ी हुई है. सरकार यदि पान समाज को बिहार के तर्ज पर पुनः अनुसूचित जाति का दर्जा प्रदान नहीं करती है तो झारखंड के 15 लाख पान समाज के लोग आंदोलन को बाध्य होंगे. समाज के लोग सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे. इसी हक की लड़ाई शक्ति और मजबूती के साथ लड़ने के लिए 24 जिलों की संस्थाओं को एक सूत्र में पिरोने का काम "झारखंड पान-स्वांसी समन्वय परिषद" कर रही है. बैठक में महासचिव दिलीप दास त्यागी, सचिव बनवाली दास, दिलीप दास त्यागी, कोषाध्यक्ष रंजीत दास, राम बहादुर दास, किशन देव प्रसाद, राम प्रकाश प्रसाद, डॉ महेंद्र कुमार, पूर्ण चंद्र दास, छोटेलाल तांती, राम प्रसाद, अशोक दास, डा प्रभु नाथ प्रसाद, राजेश प्रसाद, राजेश दास, राम पात्रो, कृष्ण पात्रो, रमेश प्रसाद, प्रभाकर दास आदि शामिल थे.

### कैबिनेट के महत्वपूर्ण फैसले : एयरपोर्ट रनवे विस्तार के लिए 25.04 एकड़ भूमि का होगा अधिग्रहण

# एनसीसी कैडेटों के भोजन-भत्ते में बढ़ोतरी

**विशेष संवाददाता | रांची**

मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में हेमंत सरकार ने कई महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लगायी है. झारखंड राज्य के राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेटो के शिविरों के दौरान भोजन भत्ता में वृद्धि की स्वीकृति दी गई. गिरिडीह स्थित बोड़ो हवाई अड्डा के रनवे विस्तार के 25.04 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा. उसमें शामिल 17.97 एकड़ रैयती भूमि के अधिग्रहण पर 60.75 करोड़ रुपये खर्च का अनुमान है. इससे संबंधित प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई. इसके अलावा देवघर के पालोजोरी अंचल के चुड़ीकनाली मौजा के विभिन्न दागों में 18.31 एकड़ गैरमजरूआ भूमि ईसीएल को 30 वर्षों के लिए लीज पर दिया जाएगा. इससे 9.38 करोड़ ईसीएल चितरा कोल माईन्स द्वारा सरकार को भुगतान किया जाएगा.

**सेवा से बर्खास्त होंगे डॉ. सीमा साहू और डॉ. इबरार :** निरंजन प्रसाद सिंह, तत्कालीन राज्य-कर सहायक आयुक्त, हजारीबाग को दिये गये दंड के विरुद्ध समर्पित अपील अभ्यावेदन के निस्तारण की स्वीकृति दी गई. स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग डॉ० सीमा साहू, सहायक प्राध्यापक, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू, डॉ० मो० इबरार, विशेषज्ञ रेडियोलॉजिस्ट, सदर अस्पताल, गिरिडीह और डॉ० संजय कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कुच्चु, ओरमांझी को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दी गई. इसके अलावे भरत सिंह, सेवानिवृत्त कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला से प्राप्त अपील आवेदन को निस्तार किये जाने के संबंधित घटनोत्तर स्वीकृति दी गई.

पलामू में भूमिगत पाईपलाईन के माध्यम से विभिन्न जलाशयों/जल निकायों में आवश्यकतानुसार पेयजल एवं सिंचाई जल उपलब्ध कराने के लिए पलामू पाईपलाईन सिंचाई योजना हेतु 456 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई.



झारखंड राज्य के अनुसूचित जाति/पिछड़ा वर्ग बाहुल्य गांवों में धार्मिक स्थल, श्मशान और मसना की घेराबंदी, सौन्दर्याकरण करने की प्रस्तावित योजना की रूप-रेखा व कार्यान्वय की प्रक्रिया की स्वीकृति दी गई.

- मेसर्स एबीसी कंस्ट्रक्शन की भुगतान की स्वीकृति दी गई. इसके अलावा विधायक (तत्कालीन) डुमरी विधान सभा स्व. जगरनाथ महतो एवं अन्य के विरुद्ध दर्ज नावाडीह थाना में धारा-147/148/ 139/188/323/353 की वापसी की स्वीकृति दी गई. राज्य के 08 (आठ) जिलों के लिए साईबर अपराध थाना सृजन की स्वीकृति दी गई.
- कैडर विभाजन के फलस्वरूप झारखंड राज्यान्तर्गत 791 राज्य पथ परिवहन निगम के समायोजित निगम कर्मियों को निगम में कार्यरत/धारित पद के अनुमान्य वेतनमान मे समायोजित होने की तिथि अर्थात् दिनांक 01.07.2004 के प्रभाव से राज्य सरकार में प्रभावी/लागू धारित पद के लिए समतुल्य वेतनमान में बेतनादि एवं अन्य देय पावनाओं के भुगतान की स्वीकृति दी गई.

### सामाजिक अंकेक्षण इकाई का होगा रजिस्ट्रेशन

सामाजिक अंकेक्षण इकाई को एक स्वतंत्र इकाई के रूप में सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट-1860 के अन्तर्गत झारखंड सोशल ऑडिट सोसईटी (जेएसएएस) के रूप में निबंधित कराया जाएगा. राज्य योजनान्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण योजना को स्वीकृति दी गई. वित्तीय वर्ष 2025-26 तक कुल 2500 आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण होगा. जिसपर 277.32 करोड़ रुपए खर्च आएगा. इसके अलावा पंडित रघुनाथ मुर्मू जनजातीय विश्वविद्यालय, जमशेदपुर के संचालन के लिए पदों के सृजन, वित्तीय वर्ष 2023-24 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई. केन्द्र प्रायोजित मिशन शक्ति के तहत् संचालित विभिन्न योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए इनके पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण निमित्त "महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु केन्द्र एचईडल्यू के कार्यान्वयन से संबंधित योजना को स्वीकृति दी गई.

### नीरज हत्याकांड में संजीव सिंह की याचिका स्वीकृत

**धनबाद।** धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या मामले की सुनवाई मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत में हुई. सुनवाई के दौरान आरोपी संजीव सिंह की ओर से दायर आवेदन को स्वीकार करते हुए अदालत ने सूचना अधिकार के तहत प्राप्त दस्तावेज को प्रदर्श के रूप में अंकित करने का आदेश दिया. संजीव सिंह ने आवेदन कहा था कि घटना के समय वह अपने आवास पर सरकारी पांच अंगरक्षकों हवलदार गंसा कच्छप, जवाना राजेश कुमार, सत्येन्द्र सिंह, मुन्ना कुमार सिंह व सतीश कुमार के साथ बैठे थे.उन सरकारी अंगरक्षकों का बयान पुलिस ने अनुसंधान के दौरान दर्ज किया था, लेकिन मुकदमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन ने उन बयानों को अदालत में दर्ज कराने से इनकार कर दिया. सूचना अधिकार अधिनियम के तहत अवधेश राय नामक एक व्यक्ति ने पुलिस से यह जानकारी मांगी थी कि विधायक संजीव सिंह के साथ घटना के समय कितने अंगरक्षक तैनात थे और कौन-कौन थे. इसके जवाब में सूचना पदाधिकारी एसएसपी व प्रचारी प्रवर ने उपरोक्त अंगरक्षकों की जानकारी उपलब्ध कराई थी. जिसे प्रदर्श के रूप मे अंकित किया जाए.

### आरयू स्नातकोत्तर यूथ फेस्टिवल आज से

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर का यूथ फेस्टिवल 10 से 12 जनवरी तक चलेगा. वहीं विश्वविद्यालय स्तर का यूथ फेस्टिवल 29 से 31 जनवरी तक चलेगा. विश्वविद्यालय स्तर पर होने वाले यूथ फेस्टिवल में वही टीम हिस्सा ले सकती है, जिस कॉलेज या पीजी डिपार्टमेंट स्तर के कॉलेज ने क्वालीफाई किया है. वहीं कॉलेज स्तर पर यूथ फेस्टिवल का कार्यक्रम लगभग पूरा कर लिया गया है. यूथ फेस्टिवल में डांस, ड्रामा, स्टैंड अप कॉमेडी, कविता लेखन, मेहंदी, सांस्कृतिक डांस जैसी अन्य प्रतियोगिताएं होती हैं.

### डॉ. अजेय को डॉ अंबेडकर सेवा श्री पुरस्कार

**जमशेदपुर।** भारतीय दलित साहित्य अकादमी की ओर से कोल्हन विश्वविद्यालय के कॉमर्स विभागध्यक्ष डॉ अजेय वर्मा को डॉ अंबेडकर सेवा श्री राष्ट्रीय पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया है. यह पुरस्कार उनके आजीवन शिक्षा तथा सामाजिक क्षेत्र में दबे-कुचले वर्गों के उत्थान के लिए प्रयास करने के फलस्वरूप मिला है. उनके उत्थान में किए गए कार्यों के लिए उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया गया है. वर्ष 2023 में चयन के दौरान डॉ अजेय वर्मा लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल कॉलेज में कॉमर्स विभागध्यक्ष के रूप में योगदान कर रहे थे.

### जैक को भेजी गयी परीक्षा केंद्रों की सूची

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित करने वाली मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों की जानकारी रांची जिला ने भेज दी. परीक्षाओं में रांची जिला से 81216 छात्र शामिल होंगे इसके लिए कुल 157 परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे, जिसमें मैट्रिक में 38041 छात्र शामिल होंगे, जिसके लिए 100 परीक्षा केंद्र बनाए गए है वहीं इंटरमीडिएट में 43175 छात्र शामिल होंगे इसके लिए 57 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं. परीक्षा 6 से 26 फरवरी तक होगी.

### तीन दिवसीय कोच अवेयरनेस प्रोग्राम शुरू

**रांची।** जेएससीए के तत्वावधान में तीन दिवसीय कोच अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में किया गया, जिसमें झारखंड के सभी जिलों के क्लब और जिलों के कोच को नेशनल क्रिकेट अकादमी के कोचिंग पैटर्न के अनुसार, बैटिंग, बॉलिंग और स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच की ओर से क्रिकेट कोचिंग के तरीकों से अवगत कराया जा रहा है.

# खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स सब्जेक्ट से दिलवाएंगे 10वीं बोर्ड : निदेशक

**संवाददाता | रांची**

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) के तत्वावधान में झारखंड की मेजबानी में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल-2023 के तहत छह खेलों के आयोजन की तैयारियों को लेकर झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद में प्रेसवार्ता कर जानकारी दी गई. राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी ने कहा कि रांची के खेलगांव परिसर में 17 से 19 फरवरी तक छह खेलों की अगुवाई झारखंड करेगा. सभी खेल के आयोजन मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स खेलगांव में होना है. इस आयोजन को लेकर झारखंड पूरी तैयार है.

इस दौरान राज्य परियोजना निदेशक ने कहा की सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को जोड़ने की कोशिश शिक्षा विभाग कर रही है. उन्होंने कहा की स्कूल अब केवल पढ़ाई के लिए ही नहीं बल्कि खेलों के लिए जाना जाएगा. निदेशक ने कहा, खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स सब्जेक्ट से 10वीं बोर्ड दिलवाएंगे. स्पोर्ट्स के साथ वो आगे बढ़ें, इसके लिए उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ भी दिलवाएंगे. इस मौके पर शिक्षा परियोजना के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग समेत खेल एसोसिएशन के प्रतिनिधि मौजूद थे.



### जानें किस खेल का कब होगा आयोजन

फुटबॉल अंडर-14 बालक और बालिका का आयोजन 17 से 21 जनवरी तक खेलगांव में किया जाएगा. प्रतियोगिता में ऑनलाइन इंट्री की आखिरी तारीख 11 जनवरी है. वहीं रिपोर्टिंग 16 जनवरी को करना है.

**वुशु अंडर-17,19 बालक व बालिका का आयोजन 24 से 28 जनवरी तक खेलगांव में किया जाएगा. प्रतियोगिता में ऑनलाइन इंट्री की आखिरी तारीख 18 जनवरी है. वहीं रिपोर्टिंग 23 जनवरी को करना है.**

कबड्डी अंडर-14 बालक वर्ग का आयोजन 24 से 28 जनवरी तक खेलगांव में किया जाएगा. प्रतियोगिता में ऑनलाइन इंट्री की आखिरी तारीख 18 जनवरी है. वहीं रिपोर्टिंग 23 जनवरी को करना है.

**खो-खो अंडर-14 बालक व बालिका वर्ग का आयोजन 31 जनवरी से 4 फरवरी तक खेलगांव में किया जाएगा. प्रतियोगिता में ऑनलाइन इंट्री की आखिरी तारीख 25 जनवरी है. वहीं रिपोर्टिंग 30 जनवरी को करना है.**

साइक्लिंग अंडर 14,17,19 बालक व बालिका का आयोजन 8 से 12 फरवरी तक खेलगांव में किया जाएगा. प्रतियोगिता में ऑनलाइन इंट्री की आखिरी तारीख 2 फरवरी है. वहीं रिपोर्टिंग 7 फरवरी को करना है.

**स्केटिंग अंडर 11,14,17,19 बालक व बालिका का आयोजन 15 से 19 फरवरी तक खेलगांव में किया जाएगा. प्रतियोगिता में ऑनलाइन इंट्री की आखिरी तारीख 9 फरवरी है. वहीं रिपोर्टिंग 14 फरवरी को करना है.**

### सोशल मीडिया से जोड़ा जाएगा सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ अभियान

**रांची।** झारखंड में सरकार आए दिन शिक्षा में सुधार करने के लिए कोई न कोई कदम उठा रही है. कई प्रकार की योजनाएं भी चला रही है. इन्हीं योजनाओं में से एक है सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ योजना. इस अभियान को सोशल मीडिया से जोड़ा जाएगा. इस अभियान के तहत स्कूली बच्चों को स्कूल जाते समय सीटी बजा कर अपने दूसरे सहपाठियों को बुलाना है. इसके लिए झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने लेटर जारी किया है. इस लेटर में कहा गया है कि गुरुवार को एक घंटे का कार्यक्रम किया जाएगा, जिसमें सभी बच्चे भाग लेंगे. इस अभियान में जिला शिक्षा पदाधिकारी से लेकर बच्चे और बच्चों के माता पिता को भी भाग लेना आवश्यक है. झारखंड का स्कूली शिक्षा विभाग छात्रों का ड्रॉप आउट रोकने के लिए कई योजनाओं पर काम कर रही है. इससे पहले रुआर योजना चलाई गई है, जिसमें सभी बच्चों का नामांकन करना है. वहीं शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न स्कूलों में औचक निरीक्षण भी किया जा रहा है. इसके अलावे बच्चों में शारीरिक और मानसिक विचार की ओर भी ध्यान दिया जा रहा है. स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव ने सभी जिला पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर पर्याप्त संख्या में सीटी मौजूद रखने का निर्देश दिया है. जिन विद्यालयों ने अबतक सीटी का क्रय नहीं किया है, उन्हें तत्काल इसका क्रय कर लेने का निर्देश दिया गया है.

### प्रदेश अध्यक्ष ने नवनियुक्त प्रवक्ताओं को दिया गुरुमंत्र

# सरकार के विकास कार्यों को आम लोगों के समक्ष रखे : राजेश ठाकुर

**संवाददाता | रांची**

झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने मंगलवार को नवनियुक्त प्रवक्ताओं के साथ बैठक की और गुरुमंत्र दिया. इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने नवनियुक्त प्रवक्ताओं से कहा कि पार्टी की विचारधारा को इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का जिम्मेवारी है. साथ ही झारखंड की महागठबंधन की सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं व किये गये विकास कार्यों को मजबूती के साथ आम लोगों के समक्ष रखना है. आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए आम जनता को मूल मुद्दों, मूल समस्याओं से ध्यान भटका कर पूरे देश में सांप्रदायिक नफरत का माहौल बनाया जा रहा है, हमारे समक्ष ये बहुत बड़ी चुनौती है. बैठक में संगठन महासचिव अमुल्य नीरज खलखो, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी के अलावा निरंजन पासवान, श्यामल किशोर सिंह, आभा सिन्हा, डॉ संजय सिंह, जगदीश साहु, शमशेर आलम, सोनाल शांति, रिंकु तिवारी, कमल ठाकुर, रियाजुल अंसारी, खुर्शीद हसन रूमी, डॉ बिरसा उरांव शामिल थे.



### भारत जोड़ो यात्रा को लेकर बैठक कल, प्रदेश प्रभारी भी रहेंगे मौजूद

**रांची।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी को लेकर 11 जनवरी को प्रदेश कांग्रेस की बैठक रांची के मोरहाबादी स्थित संगम गार्डेन में होगी. बैठक सुबह 10-30 बजे से शुरू होगी. इसमें मुख्य रूप से प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर उपस्थित रहेंगे. बैठक में प्रदेश कांग्रेस के विस्तारित कमेटी के पदाधिकारियों, मंत्री, सांसद, विधायक, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष-कार्यकारी अध्यक्ष की अनिवार्य उपस्थिति होगी. प्रदेश कांग्रेस के मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने बताया कि राहुल गांधी 14 जनवरी को 6700 किमी की न्याय यात्रा की शुरुआत मणिपुर के इम्फाल से करेंगे. यह यात्रा संभवतः फरवरी के प्रारंभ में झारखंड प्रवेश करेगी.

### न्याय यात्रा को लेकर मुगमा में हुई यूथ कांग्रेस की बैठक

**मैथन/धनबाद।** लोकसभा चुनाव व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए मंगलवार को यूथ कांग्रेस की निरसा विधानसभा स्तरीय कार्यकारिणी समिति की बैठक मुगमा में हुई. संगठन के धनबाद जिला अध्यक्ष कुमार गौरव व को-ऑर्डिनेटर विक्की कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव में धनबाद से कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने के लिए बूथ स्तर से लेकर पंचायत व प्रखंड स्तर तक समिति का गठन कर पदाधिकारियों का चयन करें. जिलाध्यक्ष कुमार गौरव ने कहा कि अगले माह प्रस्तावित राहुल गांधी की न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता इसकी तैयारी में जुट जायें.

**स्मृति शेष** झारखंड आंदोलन से मूलवासियों को जोड़ने में निभाई थी प्रखर भूमिका, दिया बौद्धिक नेतृत्व


# जस्टिस शाहदेव हमेशा कहते थे : झारखंडी अपने हक के लिए लड़ें

**शुभम संदेश डेस्क | रांची**

झारखंड प्रांत आंदोलन में जस्टिस एलपीएन शाहदेव की प्रखर भूमिका रही. मूलवासियों के एक बड़े वर्ग को आंदोलन से जोड़ने में जस्टिस शाहदेव ने महती भूमिका निभाई थी. जस्टिस शाहदेव ने इस आंदोलन को बौद्धिक खुराक दी. झारखंड आंदोलन जब अपने अंतिम दौर में था और अलग राज्य लेने के लिए एक सामूहिक व संगठित प्रहार की जरूरत थी, तब जस्टिस शाहदेव ने बौद्धिक नेतृत्व किया. पूरे एक दशक तक सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति ने सड़कों पर उतर कर आंदोलन किया. उनके अंदर झारखंड अलग राज्य के लिए एक छटपटाहट थी. जस्टिस शाहदेव हमेशा कहते थे कि झारखंडी अपने हक-अधिकार के लिए संकोच न करें, पूरी ताकत से लड़ें. एक समय झारखंड आंदोलन पूरी तेवर और आक्रामकता के साथ चल रहा था, तब जस्टिस शाहदेव ने कहा था कि कोई आंदोलन अहिंसक और लोकतांत्रिक रहे, इसके लिए हमेशा अनुशासन में बंध कर संगठित रूप से काम करना होगा. वे यह भी बोलने में नहीं हिचकते थे कि जब कोई आंदोलन अहिंसक और लोकतांत्रिक रहता है, तब तक सत्ता में बैठे लोग आंदोलन की आवाज को सुनने के लिए मजबूर हो जाते हैं.

आंदोलन के इस दौर में जस्टिस शाहदेव ने मूलवासियों के एक बड़े वर्ग को आंदोलन से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी. कतिपय झारखंडी नेताओं के विवादास्पद बयानों के कारण मूलवासियों का एक बड़ा वर्ग आंदोलन को थोड़ा संदेह की दृष्टि से देखाता था, लेकिन जस्टिस शाहदेव के आने के बाद धीरे-धीरे यह वर्ग भी पूरे तरीके से आंदोलन में जुड़ गया.





समाज के बुद्धिजीवियों की गोलबंदी नहीं हो पा रही थी. जस्टिस एलपीएन शाहदेव ने आंदोलन को न सिर्फ ऊर्जावान नेतृत्व दिया, बल्कि बुद्धिजीवियों को लगातार जागरूक भी करते रहे. वे झारखंड आंदोलन में बिखरे ताकतों को एक मंच पर लाने के लिए पूरा जोर लगाते रहे. इसी का परिणाम है कि सर्वदलीय राज्य निर्माण समिति का गठन हुआ.

21 दिसंबर 1998 को झारखंड आंदोलन अपने अंतिम चरण पर था. एक सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति सड़क पर एक जुलूस का नेतृत्व कर रहा था. जस्टिस शाहदेव की गिरफ्तारी भी हुई. इस घटना ने आंदोलन को बड़ी ताकत दी. आदिवासी- मूलवासी, बौद्धिक तबका इस आंदोलन में सहभागी बनने के लिए आगे आया. झारखंड राज्य के अलग निर्माण में जस्टिस शाहदेव ने कई बार आंदोलन को कानूनी उलझन से निकालने का भी काम किया. केंद्र सरकार ने झारखंड मामले के लिए एक उच्चस्तरीय कमेटी बनायी थी, वीएस लाल तब गृह सचिव थे. आंदोलनकारी संवैधानिक प्रावधानों और कानूनी अड़चन को लेकर जस्टिस शाहदेव से लगातार संवाद करते रहते थे. वे हर मोर्चे पर एक सिपाही की तरह डटे रहे. झारखंड आंदोलन के क्रम में आत्मविश्वास जब भी डगमगाता, तब जस्टिस शाह देव आंदोलनकारियों के लिए अभिभावक की तरह खड़े रहे. जस्टिस शाहदेव इस बात के हिमायती थे कि झारखंड सिर्फ अपनी पहचान व अस्मिता को ही हासिल नहीं करे, बल्कि यहां के लोगों की भावना के अनुरूप राज्य को सींचे. जस्टिस शाहदेव का नेतृत्व कौशल सृजनात्मक और रचनात्मक से भरा और अद्वितीय रहा है. आज उनकी पुण्यतिथि पर नमन.

# पत्रकार को धमकी देने के केस में योगेंद्र तिवारी को मिली बेल

**संवाददाता | रांची**

झारखंड शराब घोटाला के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को पत्रकार को धमकी दिए जाने के केस में रिमांड कर दिया गया है. मंगलवार को योगेन्द्र तिवारी को कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट के समक्ष पेश किया गया. इस दौरान न्यायालय ने उसे धमकी के केस में जमानत की सुविधा प्रदान कर दी. वहीं न्यायिक दंडाधिकारी सोनाली सिंह की कोर्ट में योगेन्द्र तिवारी का 164 का बयान भी दर्ज किया गया. हालांकि योगेंद्र के खिलाफ अभी मनी लॉन्ड्रिंग का भी मामला लंबित है, इसलिए उसे वापस न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. सीआईडी ने खेलगांव थाना में दर्ज प्राथमिकी को टेकअप कर जांच शुरू की है.बता दें कि इन्फोर्समेंट



डायरेक्टोरेट (ईडी) ने शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को पिछले वर्ष 19 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था. उन पर शराब घोटाला के जरिए अवैध कमाई करने और मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है. इस मामले में ईडी ने 23 अगस्त को 34 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी.उनपर पिछले दिनों यह आरोप लगा है कि उन्होंने अखबार के पत्रकारों को जेल से फोन कर धमकी दी है. इस मामले में योगेंद्र तिवारी ने भी प्राथमिकी दर्ज करवाई है.





## राष्ट्रपति भवन में आयोजित भव्य समारोह में खेल पुरस्कारों से नवाजे गए सितारे, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिए अवार्ड

# 26 खिलाड़ियों व पैरा स्पोर्ट्समेन को मिला अर्जुन पुरस्कार

भाषा। नयी दिल्ली

भारत के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में भव्य समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों से सम्मानित किया गया, जहां क्रिकेटर मोहम्मद शमी तालियों की गड़गड़ाहट के बीच पहुंचे. बैडमिंटन खिलाड़ियों चिराग शेट्टी और सात्विक साईराज रंकीरेड्डी को 2023 में शानदार प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया. उन्होंने 2023 में एशियाई खेलों में अपना और बैडमिंटन में देश का पहला स्वर्ण पदक जीता. इसके अलावा एशियाई चैंपियनशिप और इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 का खिताब भी जीता. यह पुरुष जोड़ी वर्तमान में मलेशिया ओपन सुपर 1000 में खेल रही है और इसलिए समारोह में शामिल नहीं हुई. हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में आम तौर पर 29 अगस्त को होने वाले खेल पुरस्कार समारोह को पिछले साल 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक हुए हांगझोउ एशियाई खेलों के कारण स्थगित कर दिया गया था.

इस वर्ष अर्जुन पुरस्कार के लिए चुने गए अन्य दिग्गज खिलाड़ियों में पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन और पिछले साल सीनियर चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता पहलवान अंतिम पंघाल, पिछले साल विश्व चैंपियनशिप के कांस्य विजेता मुक्केबाज मोहम्मद हुसामुद्दीन और पैरा तीरंदाज शीतल देवी शामिल थे.

हांगझोउ एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली शीतल के फोकोमेलिया नामक एक दुर्लभ स्थिति के कारण दोनों हाथ नहीं हैं और वह दोनों हाथों के बिना तीरंदाजी करने वाली पहली अंतरराष्ट्रीय पैरा तीरंदाज हैं. इस वर्ष द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेताओं में शतरंज कोच आरबी रमेश भी शामिल हैं, जिन्होंने प्रज्ञानानंदा को तैयार किया है. खेल रत्न विजेताओं को 25 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है जबकि अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कार में 15 लाख रुपये का नकद पुरस्कार शामिल है.

### इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले फिटनेस पर है ध्यान : मो. शमी



*टखने की चोट से उबर रहे भारत के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने कहा है कि इंग्लैंड के खिलाफ आगामी घरेलू टेस्ट श्रृंखला को ध्यान में रखते हुए उनकी नजरें फिटनेस के शीर्ष स्तर को हासिल करने पर टिकी हैं. भारत के एकदिनी विश्व कप के फाइनल तक के सफर के दौरान शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल 33 साल के शमी को मंगलवार को देश के दूसरे सबसे बड़े खेल सम्मान अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया. विश्व कप के सात मैचों में 24 विकेट लेने वाले शमी ने सोमवार रात को खेल मंत्रालय द्वारा इस साल के राष्ट्रीय खेल पुरस्कार विजेताओं के लिए आयोजित समारोह के दौरान कहा, मेरा लक्ष्य जहां तक संभव हो खुद को फिट रखना है क्योंकि अगले दो टूर्नामेंट और श्रृंखलाएं बड़ी हैं. मैं फिटनेस पर ध्यान दूंगा. अगर मैं अपनी फिटनेस बनाए रखता हूं तो कौशल मैदान पर अपने आप दिखेगा. अभी बेंगलोर में एनसीए में रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे शमी बीसीसीआई की चिकित्सा टीम द्वारा मंजूरी नहीं दिए जाने के बाद हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे.*

### इन्हें मिला पुरस्कार





## 2023 के राष्ट्रीय खेल पुरस्कार विजेता इस प्रकार हैं

- **2023 के लिए मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार :** चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी (बैडमिंटन).
- **अर्जुन पुरस्कार :** ओजस प्रवीण देवताले (तीरंदाजी), अदिति गोपीचंद स्वामी (तीरंदाजी), मुरली श्रीशंकर (एथलेटिक्स), पारुल चौधरी (एथलेटिक्स), मोहम्मद हुसामुद्दीन (मुक्केबाजी), आर वैशाली (शतरंज), मोहम्मद शमी (क्रिकेट), अनुश अग्रवाल (घुड़सवारी), दिव्यकृति सिंह (घुड़सवारी ड्रेसेज), दीक्षा डागर (गोल्फ), कृष्ण बहादुर पाठक (हॉकी), सुशीला चानू (हॉकी), पवन कुमार (कबड्डी), रितु नेगी (कबड्डी), नसरीन (खो-खो), पिंकी (लॉन बॉल्स), ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (निशानेबाजी), ईशा सिंह (निशानेबाजी), हरिंदर पाल सिंह संधू (स्क्वाश), अयहिका मुखर्जी (टेबल टेनिस), सुनील कुमार (कुश्ती), अंतिम पंघाल (कुश्ती), नाओरेम रोशिबिना देवी (वुशु), शीतल देवी (पैरा तीरंदाजी), इलूरी अजय कुमार रेड्डी (दृष्टिबाधित क्रिकेट), प्राची यादव (पैरा कैनोइंग). उत्कृष्ट प्रशिक्षकों के लिए द्रोणाचार्य पुरस्कार (नियमित श्रेणी) : ललित कुमार (कुश्ती), आरबी रमेश (शतरंज), महावीर प्रसाद सैनी (पैरा एथलेटिक्स), शिवेंद्र सिंह (हॉकी), गणेश प्रभाकर देवरुखकर (मल्लखंभ).
- **उत्कृष्ट प्रशिक्षकों के लिए द्रोणाचार्य पुरस्कार (जीवन पर्यंत श्रेणी) :** जसकीरत सिंह ग्रेवाल (गोल्फ), भास्करन ई (कबड्डी), जयंत कुमार पुशीलाल (टेबल टेनिस).
- **जीवन पर्यंत उपलब्धि के लिए ध्यानचंद पुरस्कार :** मंजूषा कंवर (बैडमिंटन), विनीत कुमार शर्मा (हॉकी), कविता सेल्वराज (कबड्डी).
- **मौलाना अबुल कलाम आजाद (एमएकेए) ट्रॉफी 2023 :** गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर (समग्र विजेता विश्वविद्यालय), लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पंजाब (प्रथम रनर अप), कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र (द्वितीय रनर अप).

### मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने गेंदबाज शमी को बधाई दी



*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को 'अर्जुन पुरस्कार-2023' मिलने पर बधाई दी. आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखा, 'राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी द्वारा नई दिल्ली में 'राष्ट्रीय खेल पुरस्कार-2023' के तहत 'क्रिकेट विश्वकप 2023' में अपने अद्वितीय प्रदर्शन से विश्व-पटल पर माँ भारती को गौरवभूषित करने वाले, उत्तर प्रदेश निवासी प्रख्यात गेंदबाज श्री मोहम्मद शमी जी को प्रतिष्ठित 'अर्जुन पुरस्कार-2023' से सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई! आपकी यह अविस्मरणीय उपलब्धि युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का कार्य करेगी.*

*भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को मंगलवार को अर्जुन पुरस्कार दिया गया हैं.*

## ब्रीफ खबरें

### मिकी आर्थर और दो अन्य को बाहर किया

**कराची।** पीसीबी ने विश्व कप सहित हाल के दिनों में सीनियर टीम के खराब प्रदर्शन के बाद अपने विदेशी कोच मिकी आर्थर, ग्रांट ब्रैडबर्न और एंड्रयू पुटिक से सौहार्दपूर्ण तरीके से अलग होने का फैसला किया है. पीसीबी अध्यक्ष जका अशरफ और मुख्य परिचालन अधिकारी सलमान नसीर तीनों से अंतिम समझौते पर बातचीत करेंगे.

### क्रूज को हाई परफॉर्मेंस निदेशक नियुक्त किया

**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने मंगलवार को नीदरलैंड के हरमन क्रूज को नया हाई परफोर्मेंस निदेशक नियुक्त करने की घोषणा की. उन्हें सितंबर तक इस पद पर नियुक्त किया गया है. क्रूज हॉकी इंडिया के राष्ट्रीय जूनियर और सीनियर कार्यक्रमों को देखेंगे जिसमें कोच शिक्षा कार्यक्रम के साथ अन्य कार्य भी शामिल हैं.

### मैनचेस्टर यूनाईटेड एफए कप के चौथे दौर में

**विगान (इंग्लैंड)।** मैनचेस्टर यूनाईटेड ने सोमवार को यहां तीसरे टीयर की टीम विगान को 2-0 से हराकर एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के चौथे दौर में जगह बनाई. मैनचेस्टर यूनाईटेड की ओर से पुर्तगाल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों डियोगे डेलोट (22वें मिनट) और ब्रूनो फर्नांडिस (74वें मिनट) ने गोल दागे.

### बतिस्ता, शापोवालोव पहले दौर में हारे

**ऑकलैंड।** दो बार के चैंपियन रॉबर्टो बतिस्ता आगुत को मंगलवार को यहां एएसबी क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में स्पेन के अपने हमवतन रॉबर्टो कारबालेस बेइना के खिलाफ सीधे सेट में शिकस्त का सामना करना पड़ा. कारबालेस ने 2016 और 2018 के चैंपियन बतिस्ता आगुत को 6-4, 6-3 से हराया.

### डब्ल्यूटीसी ने टेस्ट क्रिकेट का नुकसान ही किया

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट बल्लेबाज मार्क बुचर को लगता है कि आईसीसी डब्ल्यूटीसी ने सबसे लंबे प्रारूप को फायदे की बजाय नुकसान ज्यादा पहुंचाया है. दक्षिण अफ्रीका ने हाल ही में न्यूजीलैंड में टेस्ट श्रृंखला के लिए एक कमजोर टीम की घोषणा की है क्योंकि उसके शीर्ष क्रिकेटरों ने 'एसए20' के दूसरे सत्र में खेलने के लिए अनुबंध किया.

## स्टेट बास्केटबॉल जूनियर चैंपियनशिप 13 से

संवाददाता। हजारीबाग



हजारीबाग बास्केटबॉल एसोसिएशन द्वारा में आरोग्यम परिसर में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गयी. इसमें आगामी 13 जनवरी से 15 जनवरी तक होने वाले 23 वें झारखंड स्टेट बास्केटबॉल जूनियर चैंपियनशिप की विस्तृत जानकारी हजारीबाग बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ एहसान उल हक सहित तमाम पदाधिकारियों ने दी गयी. बताया गया कि आगामी 23 वें जूनियर झारखंड स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप हजारीबाग में संत कोलंबा महाविद्यालय के बास्केटबॉल कोर्ट में होगा, जिसे सफल बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण समितियों का गठन बास्केटबॉल एसोसिएशन के अधिकृत सभी पदाधिकारी की सर्वसम्मति से किया जा चुका है. इसके ऑर्गेनाइजिंग प्रेसिडेंट हजारीबाग ओलंपिक संघ के ऑर्गेनाइजिंग सचिव हजारीबाग बास्केटबॉल के अध्यक्ष डॉ एहसान उल हक व संयोजक के रूप में हजारीबाग बास्केटबॉल के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार, सचिव सी दास तथा कोषाध्यक्ष सौरभ कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गयी है.

बताया कि जहां संत कोलंबा महाविद्यालय के बास्केटबॉल कोर्ट ग्राउंड में चैंपियनशिप का भव्य आगाज 13 जनवरी को होगा. वहीं एक दिन पूर्व 12 जनवरी की संध्या बेला में खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों का रोड मार्च हजारीबाग में निकाला जाएगा. चैंपियनशिप के उद्घाटन भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ होगा, जिसमें अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल कोच जे पी सिंह, ओलंपियन हरभजन सिंह सहित कई दिग्गज हस्तियां मौजूद होंगी. चैंपियनशिप के संयोजक सह हजारीबाग बास्केटबॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि पूरा बास्केटबॉल एसोसिएशन अपने टीम वर्क के साथ पूरी लगन और समर्पण के साथ इस आयोजन को ऐतिहासिक एवं यादगार बनाने के लिए कृत संकल्पित है.

ओलंपिक संघ से जुड़े भैया मुरारी ने कहा कि इस आयोजन ने हजारीबाग के खिलाड़ियों को स्वर्णिम अवसर दिया है जिसका लाभ उन्हें मिलेगा.



### क्रिस्टी को हराकर श्रीकांत किदांबी मलेशिया ओपन के दूसरे दौर में

**कुआलालंपुर।** भारत के किदांबी श्रीकांत ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मंगलवार को यहां दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को कड़े मुकाबले में हराकर मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई. आंध्र प्रदेश के गुंटूर के 30 साल के श्रीकांत ने एक घंटा और पांच मिनट चले पहले दौर के मुकाबले में छठे वरीय क्रिस्टी को 12-21 21-18 21-16 से हराया. दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत अगले दौर में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस से भिड़ेंगे.

विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत आम तौर पर तीन गेम के मुकाबले के दबाव को झेलने में नाकाम रहे हैं, लेकिन मंगलवार को पहला गेम गंवाने के बावजूद उन्होंने धैर्य बरकरार रखते हुए जीत दर्ज की.

## ऑस्ट्रेलिया ने 300 अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए पैरी को बधाई दी

भाषा। मेलबर्न

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने स्टार हरफनमौला खिलाड़ी एलिस पैरी को 300 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए बधाई दी है और उन्हें युवा पीढ़ी के लिए आदर्श बताया है. तैंतीस साल की पैरी ने रविवार को मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में भारत के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय के दौरान यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की. पैरी ने इस मैच में नाबाद 34 रन बनाये जिससे ऑस्ट्रेलिया ने छह विकेट से जीत दर्ज करके श्रृंखला 1-1 से बराबर की. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकले ने एक बयान में कहा, एलिस पैरी को 300वां अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलने के लिए बधाई. एलिस खेल में अब तक के सबसे बेहतरीन ऑलराउंडर में से एक है और खेल खेलने के इच्छुक युवाओं के लिए सबसे प्रेरणादायक आदर्श हैं. जुलाई 2007 में 16 साल की उम्र में न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाली पैरी छह टी20 विश्व कप खिताब, दो एकदिवसीय विश्व कप खिताब और राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा रह चुकी हैं. हॉकले ने कहा, वह ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही हैं जो ऑस्ट्रेलियाई खेल इतिहास की सबसे सफल टीमों में से एक है.

## रुद्रांक्ष-मेहुली ने पांचवां गोल्ड जीता

भाषा। जकार्ता

रुद्रांक्ष पाटिल और मेहुली घोष की जोड़ी ने मंगलवार को यहां 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा जीतकर भारत को निशानेबाजी एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में पांचवां स्वर्ण पदक दिलाया. भारतीय जोड़ी ने फाइनल में शेन युफान और झू मिंगशुआई की चीन की जोड़ी को 16-10 से हराया. रुद्रांक्ष और मेहुली की जोड़ी क्वालीफिकेशन में कुल 631.3 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही थी. युफान और मिंगशुआई ने 632.3 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था.



रुद्रांक्ष



मेहुली

रिदम सांगवान और अर्जुन सिंह चीमा की जोड़ी ने भी 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में जगह बना ली है, जहां उनका सामना थू विन्ह ट्रिनह और कुआंग हुइ फाम की वियतनाम की जोड़ी से होगा.

रिदम और अर्जुन की जोड़ी क्वालीफिकेशन में 582 अंक के साथ शीर्ष पर रही थी. वियतनाम की जोड़ी ने 580 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया था. सोमवार को युवा निशानेबाजों वरुण तोमर और ईशा सिंह ने पुरुष और महिला 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतते हुए भारत के लिए दो ओलंपिक कोटा हासिल किए थे. ये दोनों स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की क्रमशः पुरुष और महिला टीम का भी हिस्सा थे.

### बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप

## चोट के बाद वापसी करेंगी सिंधू, प्रणय करेंगे अगुआई

भाषा। नयी दिल्ली

घुटने की चोट से उबर रहीं दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू एशियाई टीम चैंपियनशिप के साथ वापसी करेंगी और मंगलवार को उन्हें इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया. सिंधू को पिछले साल फ्रेंच ओपन के दौरान घुटने में चोट लगी थी और वह तब से प्रतिस्पर्धी बैडमिंटन से दूर हैं. दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी एचएस प्रणय मलेशिया के शाह आलम में 13 से 19 फरवरी तक होने वाली इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय प्रतियोगिता में भारत की मजबूत टीम की अगुआई करेंगे. पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में महत्वपूर्ण अंक जुटाने के इरादे से यह टूर्नामेंट भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए अहम है. सिंधू के अलावा 16 साल की सीनियर राष्ट्रीय चैंपियन अनमोल खर्ब, एशियाई जूनियर चैंपियनशिप की पदक विजेता तन्वी शर्मा और अश्मिता चालिहा को महिला वर्ग में भारतीय टीम में जगह मिली है. विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता प्रणय पुरुष टीम की अगुआई करेंगे जिसमें राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता लक्ष्य सेन और दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत को भी जगह मिली है. गुवाहाटी में पिछले महीने सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतने वाले लक्ष्य के बड़े भाई चिराग को भी टीम में शामिल किया गया है.

दुबई में पिछले साल बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप 2023 में भारतीय टीम को एतिहासिक कांस्य पदक दिलाने में मदद करने वाली त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद को महिला युगल में जगह मिली है.





### कुछ अलग

#### केशव आत्मानंद महाराज स्टेडियम में हमेशा राम भजन बजाने को कहते हैं

## 'राम सिया राम.. बजता है तो आत्मविश्वास बढ़ जाता है'

भाषा। केपटाउन



क्रिकेट मैच के दौरान भक्ति संगीत का बजाना दुर्लभ है लेकिन जब केशव आत्मानंद महाराज मैदान पर आते हैं, तो स्टेडियम में डीजे को 'राम सिया राम जय जय राम' गाना बजाने का विशेष अनुरोध मिलता है. यह अनुरोध कोई और नहीं बल्कि दक्षिण अफ्रीका का यह बाएं हाथ के स्पिनर खुद करता है. हाल ही में दक्षिण अफ्रीका में एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान भारतीय टीम की अगुवाई कर रहे लोकेश राहुल ने भी महाराज से पूछा था, जब भी आप प्रवेश (मैदान में) करते हैं, तो वे यह गाना बजाने लगते हैं. केपटाउन टेस्ट में जब महाराज बल्लेबाजी के लिए मैदान में आये तब एक बार फिर यह गाना बजने लगा और इस दौरान दिग्गज भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली हाथ जोड़ कर खड़े दिखे.

'एसए20 (दक्षिण अफ्रीका की टी20 लीग)' में डरबन सुपरजायंट्स की कप्तानी करने वाले महाराज से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, यह कुछ ऐसा था जिसके लिए मैंने मैदान में गाना बजाने वाली महिला से अनुरोध किया था. डरबन में जन्मे भारतीय मूल के क्रिकेटर महाराज के लिए भगवान राम उनकी सबसे बड़ी ताकत हैं. महाराज ने कहा, भगवान मेरे लिए सबसे बड़ी ताकत है. जब भी मुझे कुछ ऐसा करने का मौका मिलता है, मैं ऐसा करने की कोशिश करता हूं. इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ता है और दूसरे खिलाड़ियों का सम्मान भी मिलता है. धर्म और संस्कृति का सम्मान करना महत्वपूर्ण है लेकिन स्टेडियम में 'राम सिया राम' को बजते हुए सुनना अच्छा लगता है. 'एसए20' के दूसरे सत्र के बारे में पूछे जाने पर महाराज ने अपनी टीम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताई. महाराज ने कहा, हमारे पास एक संतुलित टीम है. खिलाड़ी असरदार प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं. हमने पिछले साल वास्तव में अच्छे विकेट देखे थे.

### खास बातें

- दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर हैं महाराज
- जब स्टेडियम में भजन बजा तो कोहली ने हाथ जोड़ लिये

# यीशु की सदियों पुरानी मूर्ति को चूमने की होड़



फिलीपीन की राजधानी मनीला में हजारों की संख्या में लोग तीन साल के बाद आयोजित किए गए वार्षिक जुलूस में शामिल हुए और कैथोलिक भक्ति के भव्य प्रदर्शन में यीशु मसीह की सदियों पुरानी काली लकड़ी की मूर्ति को चूमने या छूने को आतुर नजर आए. माना जाता है कि मूर्ति में चमत्कारी उपचार शक्तियां हैं. श्रद्धालु नंगे पैर चल रहे थे, भारी क्रॉस को कंधे पर उठाए हुए. 'ब्लैक नाज़रीन' की आदमकद छवि वाली गाड़ी को घेरे हुए थे.

## आओ जानें

### आदिवासियों से जुड़े कुछ रोचक तथ्य

1. 90 देशों में 370 मिलियन से अधिक स्वदेशी लोग फैले हुए हैं.
2. मणिपुर और मिजोरम में पाई जाने वाली बनी मेनाशे जनजाति, इज़राइल की खोई हुई जनजातियों के वंशज हैं .
3. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा, मुंडा जनजाति से थे जो मुख्य रूप से झारखंड में पाई जाती है.
4. जनजातीय लोगों का जानवरों के साथ अनोखा रिश्ता होता है. मध्य अफ्रीका के बाका लोगों के पास जानवर की उम्र, लिंग और स्वभाव के आधार पर "हाथी" के लिए 15 से अधिक अलग-अलग शब्द हैं, और उनका मानना है कि उनके पूर्वज जानवरों के साथ जंगल में चलते हैं.
5. इंडोनेशिया की ओरंग रिम्बा जनजाति में जब किसी बच्चे का जन्म होता है तो उसकी गर्भनाल को सेंटुबुंग पेड़ के नीचे लगाया जाता है. बच्चे का जीवन भर उस पेड़ के साथ एक पवित्र बंधन होता है, और ओरंग रिम्बा के लिए, जन्म वृक्ष को काटना हत्या के बराबर है.
6. विश्व की लगभग 22% भूमि पर स्वदेशी लोग रहते हैं और अनुमान है कि ग्रह की 80% जैव विविधता उनके पास है.

## ब्रीफ खबरें

### गाजा में अभिनेता इदान गंभीर रूप से घायल

**यरुशलम** । इजराइल के अभिनेता और गायक इदान अमेदी गाजा पट्टी के खान यूनिस में इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के 'रिजर्व' सैनिक के रूप में लड़ते समय गंभीर रूप से घायल हो गए. अमेदी को ओटीटी मंच नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज 'फौदा' में अभिनय के लिए जाना जाता है. राजनयिक एविया लेवी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अमेदी के घायल होने की सूचना दी. उन्होंने लिखा कि अमेदी गाजा में लड़ते समय गंभीर रूप से घायल हो गए.

### मधुमक्खियों के हमले में एक व्यक्ति की मौत

**मोरीगांव**। असम के मोरीगांव जिले में मंगलवार को मधुमक्खियों के झुंड के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि तीन अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक यह घटना सुबह करीब नौ बजे मोरीगांव सर्किट हाउस रोड पर हुई. उन्होंने बताया कि इलाके में एक पेड़ पर लगे मधुमक्खियों के तीन छत्ते कथित तौर पर पक्षियों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिए गए, जिससे मधुमक्खियों ने वहां लोगों पर हमला कर दिया.

### दिव्यांगता से जुड़ा पहला टोल-फ्री हेल्पलाइन शुरू

**गोवा**। दिव्यांगता से संबंधित सभी प्रश्नों के लिए पहली बार एक राष्ट्रीय टोल-फ्री हेल्पलाइन सोमवार को शुरू की गई. सामाजिक न्याय राज्य मंत्री रामदास आठवले और दिव्यांग मामलों के सचिव राजेश अग्रवाल द्वारा 'इंटरनेशनल पर्पल फेस्ट गोवा 2024' के दौरान शुरू की गई हेल्पलाइन का उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सहायता सुविधा प्रदान करना है. अग्रवाल ने पुनर्वास प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने, दिव्यांगता और स्थानीय सेवाओं संबंधी जानकारी तक आसान पहुंच प्रदान करने के लिए दिव्यांगता सूचना लाइन की आवश्यकता पर बल दिया.

### कुत्ते का मांस खाना गैरकानूनी घोषित होगा

**सियोल**। दक्षिण कोरिया की संसद ने कुत्ते का मांस खाने की सदियों पुरानी प्रथा को गैरकानूनी घोषित करने वाले ऐतिहासिक कानून का समर्थन किया है. यह विधेयक 2027 से मानव उपभोग के लिए कुत्ते को मारने, प्रजनन, व्यापार और इसके मांस की बिक्री को अवैध बना देगा तथा ऐसे कृत्यों के लिए दो से तीन साल तक की कैद की सजा होगी. कुत्ते के मांस की खपत पर प्रतिबंध लगाने के प्रयासों से देश में मांस उद्योग में काफी कमी आई है हालांकि इस पहल को किसानों तथा अन्य लोगों के तीव्र विरोध का सामना करना पड़ा है.

### स्मृति ईरानी हज व उमरा सम्मेलन में शामिल हुईं

**जेद्दा** . केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री स्मृति ईरानी ने मंगलवार को तीसरे हज एवं उमरा सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में भाग लिया. ईरानी ने सऊदी अरब के हज एवं उमरा मामलों के मंत्री तौफीक बिन फौजान अल राबिया के साथ भारतीय हज यात्रियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर सहयोग के लिए संभावनाओं पर चर्चा की. ईरानी के साथ विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन भी थे. अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सत्र भारतीय हज यात्रियों के लिए इस यात्रा के अनुभव को बेहतर बनाने में उपयोगी साबित होगा.

## मोदी की तिमोर लेस्ते और मोजाम्बिक के राष्ट्रपति के साथ बैठक

# स्वास्थ्य-ऊर्जा और आईटी समेत कई मुद्दों पर की चर्चा

**एजेंसी । गांधीनगर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्ता और मोजाम्बिक के राष्ट्रपति फिलिप न्यूसी के साथ मंगलवार को यहां द्विपक्षीय बैठक की और विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की. विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर किए गए सिलसिलेवार पोस्ट के अनुसार मोदी ने दुनिया भर के शीर्ष उद्योगपतियों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) से भी मुलाकात की और भारत में निवेश बढ़ाने की योजनाओं पर चर्चा की. मोदी सोमवार रात अहमदाबाद पहुंचे थे.

**'वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन' के 10वें संस्करण का करेंगे उद्घाटन :** 'वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन' के 10वें संस्करण के उद्घाटन से एक दिन पहले मंगलवार सुबह वह विश्व के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने के लिए गांधीनगर में महात्मा मंदिर सम्मेलन और प्रदर्शनी केंद्र पहुंचे. मोदी ने डीपी वर्ल्ड के समूह अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुल्तान अहमद बिन सुलायेम, माइक्रोन प्रौद्योगिकी के अध्यक्ष एवं सीईओ संजय मेहरोत्रा, डीकिन विश्वविद्यालय के कुलपति इयान मार्टिन, एपी मोलर-मार्सक के सीईओ कीथ स्वेंडसेन और सुजुकी मोटर कॉर्प के प्रतिनिधि निदेशक एवं अध्यक्ष तोशिहिरो सुजुकी से भी मुलाकात की. बैठक के बाद मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति जोस रामोस होर्ता के साथ शानदार बैठक हुई. यह तथ्य कि हमारी बैठक महात्मा मंदिर, गांधीनगर में हो रही है, राष्ट्रपति होर्ता के जीवन और कार्यों पर गांधी जी के प्रभाव को देखते हुए यह बैठक और भी विशेष है. हमने अपने देशों के बीच द्विपक्षीय और सांस्कृतिक संबंधों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली-दिली संपर्क को आगे बढ़ाते हुए! प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांधीनगर में तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति जोस रामोस होर्ता के साथ सार्थक बैठक की.

उन्होंने कहा कि मोदी ने तिमोर-लेस्ते की आसियान (दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन) की आगामी सदस्यता के लिए राष्ट्रपति होर्ता को बधाई दी. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने तिमोर-लेस्ते को अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन और आपदा रोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया. चर्चा में स्वास्थ्य, पारंपरिक चिकित्सा, ऊर्जा, आईटी, फिनटेक, क्षमता निर्माण सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा हुई.



### यूएई राष्ट्रपति के साथ रोड शो लोगों ने जय श्रीराम के नारे भी लगाए

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने मंगलवार को रोड शो किया. उनके स्वागत के लिए कई शानदार तैयारियां की गई और बड़ी संख्या में अहमदाबादवासी उमड़ पड़े. मंगलवार को सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाहर से रोड शो का नेतृत्व किया गया. पीएम मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल यूएई के राष्ट्रपति की अगवानी के लिए एयरपोर्ट पहुंचे. राष्ट्रपति का स्वागत करने के बाद शाम को हवाई अड्डे से तीन किलोमीटर लंबा रोड शो शुरू हुआ. यह एयरपोर्ट सर्कल से इंदिरा ब्रिज तक चला. इंदिरा ब्रिज अहमदाबाद को गांधीनगर से जोड़ता है. रोड शो मार्ग पर विभिन्न स्वागत बिंदु बनाए गए. स्वागत स्थल पर असम का सांस्कृतिक नृत्य बिहू प्रस्तुत किया. तो वहीं दूसरे रिसेप्शन प्वाइंट पर गुजरात की पारंपरिक भवई पोशाक की झलक देखने को मिली. इस पूरे मार्ग में पांच प्रमुख स्थान शामिल हैं तिरंगा सर्कल, ताज सर्कल, शंभू कॉफी सर्कल, आसरे इन होटल के पास, इंदिराब्रिज सर्कल शामिल हैं.

**खास बातें**

- मोदी ने किया वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो का उद्घाटन
- माइक्रोन टेक्नोलॉजी के सीईओ ने पीएम से की मुलाकात

# शाजापुर के कुछ हिस्सों में धारा 144 लागू

**एजेंसी । शाजापुर**



मध्य प्रदेश के शाजापुर शहर में एक धार्मिक जुलूस में शामिल लोगों के साथ कुछ लोगों द्वारा झगड़ा और पथराव किये जाने के बाद जिला प्रशासन ने तीन इलाकों में सीआरपीसी की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है. एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि सोमवार शाम मगरिया इलाके में हुई इस घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया. उन्होंने बताया कि इलाके में पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किया गया है और इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है.

शाजापुर कलेक्टर रिजु बाफना ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि तीन क्षेत्रों - मगरिया, काछीवाड़ा और लालपुरा में तत्काल प्रभाव से आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 लागू कर दी गई है. उन्होंने बताया कि स्थिति फिलहाल शांतिपूर्ण है और उपद्रवियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है. जुलूस में शामिल मोहित राठौड़ की शिकायत पर दर्ज की गई एफआईआर के अनुसार, जब वे लोग अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले नियमित शाम का जुलूस निकाल रहे थे तब सोमवार रात करीब साढ़े आठ बजे सात-आठ लोगों ने एक मस्जिद के पास नाग-नागिन रोड पर लोगों के एक समूह को रोका. प्राथमिकी में कहा गया है कि व्यक्तियों ने उनसे इलाके से जुलूस नहीं निकालने को कहा और इसके बाद लोगों का एक समूह वहां इकट्ठा हो गया. इसमें कहा गया कि जुलूस में लोगों के साथ मारपीट की गई और उन पर पथराव किया गया.

**खास बातें**

- सोमवार शाम मगरिया इलाके में हुई घटना में एक घायल
- राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के जुलूस पर किया था पथराव

### बस के अंदर परिचालक ने 25 वर्षीय विवाहिता के साथ दुष्कर्म किया

**जयपुर**। राजस्थान में भरतपुर के बयाना थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने लोक परिवहन की एक बस के परिचालक के खिलाफ बस में उसके साथ कथित रूप से दुष्कर्म करने का मामला दर्ज करवाया है. बयाना सर्किल के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश किलानिया ने बताया कि 25 वर्षीय पीड़िता ने मंगलवार सुबह बस परिचालक जितेन्द्र सिंह गुर्जर (32) के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया. उन्होंने बताया कि दर्ज शिकायत के आधार पर बस परिचालक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है और बस को जब्त कर लिया गया है.

# ब्राजील में मिनीबस और ट्रक की टक्कर, 25 की मौत

**एजेंसी । रियो डी जेनेरियो**

ब्राजील के उत्तरपूर्वी राज्य बाहिया में पर्यटकों को ले जा रही एक मिनीबस और एक ट्रक के बीच टक्कर में 25 लोगों की मौत हो गई जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए. राज्य के दमकल विभाग ने सोमवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर यह जानकारी दी.

हादसा रविवार रात स्थानीय समयानुसार रात करीब साढ़े दस बजे साओ जोस डो जैकुइप शहर के पास एक राजमार्ग पर हुआ. समाचार पत्र 'फोल्हा डी एस. पाउलो' की खबर के अनुसार, मिनीबस बाहिया के उत्तरी तट पर पर्यटक स्थल ग्वाराजुबा समुद्र तट की यात्रा के बाद वापस जैकोबिना शहर की ओर जा रही थी. समाचार पत्र ने संघीय राजमार्ग पुलिस के हवाले से बताया कि दोनों वाहनों के बीच टक्कर संभवतः उस वक्त हुई होगी जब वाहन एक दूसरे से आगे निकलने का प्रयास कर रहे होंगे. हालांकि, अब तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है. राजमार्ग पुलिस ने एसोसिएटेड प्रेस द्वारा जानकारी मांगे जाने के अनुरोध का तुरंत कोई जवाब नहीं दिया.

जैकोबिना की नगर पालिका ने हादसे को लेकर तीन दिनों के शोक की घोषणा की और अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर बताया कि वह शहर के जिमखाने में पीड़ितों के लिए एक सामूहिक प्रार्थना का आयोजन कर रही है.

# प्राण प्रतिष्ठा समारोह के जरिए भाजपा कर रही नौटंकी : ममता

**एजेंसी । जयनगर**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भाजपा लोकसभा चुनाव से पहले अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के जरिये ''नौटंकी'' कर रही है. तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि मैं ऐसे उत्सव का समर्थन नहीं करती हूं, जिसमें अन्य समुदायों को अलग रखा जाए. दक्षिण 24 परगना जिले के जयनगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि वह जनता को धार्मिक आधार पर बांटने में विश्वास नहीं रखतीं. उन्होंने कहाकि मैं उन उत्सवों में विश्वास करती हूं जो सभी समुदायों के लोगों को साथ लेकर चलते हैं और एकता की बात करते हैं. भाजपा इसे (राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह) अदालत के निर्देश पर कर रही है, लेकिन नौटंकी के तौर पर यह लोकसभा चुनाव से पहले किया जा रहा है. बनर्जी ने कहा कि मैं लोगों को धार्मिक आधार पर बांटने में विश्वास नहीं रखती. अयोध्या में राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और 6,000 से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है.

### ईडी ने बुलंदशहर के कई स्थानों पर छापेमारी की

**लखनऊ**। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित भू माफिया सुधीर कुमार गोयल और उसके सहयोगियों के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत मंगलवार को उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर शहर में कई स्थानों पर छापे मारे. ईडी ने इस साल जनवरी में गोयल और उसके सहयोगियों के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत तलाशी अभियान चलाया है. सूत्रों ने बताया कि बुलंदशहर और आसपास के इलाकों में करीब 10 परिसरों की तलाशी ली जा रही है. गोयल, उसकी पत्नी और तीन कथित सहयोगी फिलहाल जेल में बंद हैं. बुलंदशहर पुलिस ने उन्हें पिछले साल दिसंबर में उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले से गिरफ्तार किया था. ईडी का मामला उन 18 प्राथमिकी से जुड़ा है.

## आरोपी एक स्टार्ट-अप कंपनी की 39 वर्षीय मुख्य कार्यकारी अधिकारी

# मां ने गोवा में की चार वर्षीय बेटे की हत्या

**एजेंसी । पणजी**



एक स्टार्ट-अप कंपनी की 39 वर्षीय मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ने अपने चार वर्षीय बेटे की कथित तौर पर गोवा में हत्या कर दी और फिर शव को लेकर पड़ोसी राज्य कर्नाटक पहुंच गई. पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि गोवा पुलिस ने आरोपी सूचना सेठ को रविवार रात कर्नाटक के चित्रदुर्ग से गिरफ्तार कर लिया. उन्होंने बताया कि हत्या के मकसद का अभी तक पता नहीं चला है. ऑनलाइन पेशेवर मंच 'लिंक्डइन' पर सेठ के पेज के अनुसार, वह स्टार्ट-अप कंपनी माइंडफुल एआई लैब की सीईओ हैं और 2021 के लिए एआई एथिक्स में शीर्ष 100 प्रतिभाशाली महिलाओं में से एक रही थीं. कलंगुट पुलिस थाने के निरीक्षक परेश नाइक ने बताया कि आरोपी महिला छह जनवरी को अपने बेटे के साथ उत्तरी गोवा के कैंडोलिम में एक किराए के फ्लैट में पहुंची थी. उन्होंने बताया कि दो दिन वहां रहने के बाद, उसने फ्लैट के कर्मचारियों को कहा कि उसे कुछ काम के लिए बेंगलुरु जाना है. उसने उन्हें टैक्सी की व्यवस्था करने को भी कहा. नाइक ने बताया कि बाद में जब कर्मचारी उस कमरे की सफाई करने के लिए गये जहां वह रुकी हुई थी तो उन्हें तौलिये पर खून के धब्बे मिले.

### हत्या के बाद की थी आत्महत्या की कोशिशः पुलिस

अधिकारी ने कहा कि महिला को मापुसा शहर की एक अदालत ने छह दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया. पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 39 वर्षीय उद्यमी ने अपने बेटे की गला दबाकर हत्या की थी. अधिकारी ने कहा कि फिर अपनी बाईं कलाई को किसी धारदार चीज से काटकर महिला ने आत्महत्या की कोशिश की थी. अधिकारी ने कहा कि हत्या का मकसद तत्काल पता नहीं चला, लेकिन सेठ ने पुलिस को बताया कि वह और उसका पति अलग हो चुके थे.

**बयान** पीएम द्वारा प्राण-प्रतिष्ठा के दिन घर में दीपक जलाने की अपील पर बोले अखिलेश

# गरीब के बेटे को नौकरी मिलेगी तब मानेंगे कि दीया जला

**एजेंसी । लखनऊ**



पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) वर्गों के सहारे आगामी लोकसभा चुनाव में जीत की उम्मीद लगाये समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि किसी का कोई भगवान हो, हमारा भगवान पीडीए है. यादव ने सपा राज्य मुख्यालय में पार्टी के मौजूदा और पूर्व विधायकों की बैठक से इतर संवाददाताओं से बातचीत में एक सवाल पर उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर पीडीए की विरोधी होने का आरोप लगाया. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आगामी 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के दिन देशवासियों से अपने घर में दीपक जलाने की अपील के बारे में पूछे गये एक सवाल पर सपा प्रमुख ने कहा कि समाजवादियों को खुशी तभी होगी जब गरीबों के घर में खुशहाली आएगी.

**क्या कहा**

- किसी का कोई भगवान हो, हमारा भगवान पीडीए
- पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) विरोधी है भाजपा

गरीब के बेटे को नौकरी मिलेगी तभी हम मानेंगे कि उसके घर में दीया जला है. प्रदेश में हुई शिक्षक भर्ती में आरक्षण को कथित रूप से ठीक तरीके से लागू नहीं किये जाने के विरोध में अभ्यर्थियों के प्रदर्शन के बारे में पूछे गये सवाल पर उन्होंने कहा कि यह सरकार पीडीए के खिलाफ है. यह उन्हें कभी न्याय नहीं दे सकती. मैं आपसे कहना चाहता हूं कि आरक्षण की जो मूल भावना थी यह सरकार उससे भी खिलवाड़ कर रही है. इसीलिए किसी का कोई भगवान हो हमारा भगवान पीडीए है.

सपा प्रमुख ने प्रदर्शनरत लोगों से आह्वान किया कि मैं उन सभी नौजवानों से कहूंगा कि अभी 100 दिन हैं. वे भाजपा को हराने के लिए निकल पड़ें. उत्तर प्रदेश में 69 हजार शिक्षकों की भर्ती में अन्य पिछड़े वर्गों का आरक्षण सही तरीके से लागू नहीं किये जाने का आरोप लगाते हुए अनेक अभ्यर्थी पिछले करीब डेढ़ साल से लखनऊ में धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं. यादव अपने भाषणों और बयानों में अक्सर पीडीए का जिक्र करते हैं. वह दावा करते हैं कि आने वाले लोकसभा चुनाव में पीडीए ही एनडीए (भाजपा की अगुवाई वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) को हराएगा.

बुलंदशहर के स्याना में 2018 में हुए इंस्पेक्टर सुबोध सिंह हत्याकांड के आरोपी सचिन अहलावत को भाजपा द्वारा बीबी नगर मंडल अध्यक्ष बनाये जाने के बारे में पूछे गये सवाल पर यादव ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि न्यायालय ऐसे अपराधियों को सजा देगा. जिस तरीके से गुजरात में जब सरकार ने बिल्कीस बानो के दोषियों को रिहा करने का फैसला लिया तो उच्चतम न्यायालय ने उस फैसले को पलट दिया, उसी तरह,हमें उम्मीद है कि ऐसे लोग, जिन पर आरोप हैं, उनको न्यायालय सजा देगा.

# केरल के राज्यपाल को दिखाए गए काले झंडे

**एजेंसी । इडुक्की**



केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को मंगलवार को इडुक्की जिले के थोडुपुझा की यात्रा के दौरान सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चे (एलडीएफ) से जुड़े विभिन्न युवा संगठनों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा. राज्यपाल खान ने केरल सरकार भूमि आकलन (संशोधन) विधेयक-2023 को मंजूरी नहीं दी है. विधेयक को मंजूरी नहीं दिए जाने के खिलाफ एलडीएफ की हड़ताल के बीच राज्यपाल थोडुपुझा पहुंचे. राज्यपाल व्यापारियों की संस्था केरल व्यवसायी व्यवसाय एकोपना समिति द्वारा आयोजित एक समारोह में भाग लेने के लिए आए थे. उनका वाहन जैसे ही पहाड़ी जिले में घुसा, वामपंथी कार्यकर्ताओं के एक समूह ने उन्हें काले झंडे दिखाते हुए उनके वाहन को रोकने का प्रयास किया. स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई), डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीवाईएफआई) और यूथ फ्रंट सहित वाम मोर्चे के युवा संगठनों के कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे थे. प्रदर्शनकारियों ने उस स्थान की ओर बढ़ने का प्रयास किया जहां राज्यपाल कार्यक्रम में शामिल होने वाले थे. इससे पहले, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की इडुक्की इकाई के स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने खान की इस यात्रा के खिलाफ जुलूस निकाला था.

## अयोध्या के हर घर से आएगी रोटी, सभी को हो दर्शन इसके लिए भी तैयारी

# राम लला के दर्शन को आएंगे 2.5 करोड़ श्रद्धालु, बनेगी टेंट सिटी


✓ खाने-पीने के लिए भी किए गए हैं खास इंतजाम ✓ कई विदेशी मेहमानों को भी आमंत्रण




अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही राम मंदिर का उद्घाटन हो जाएगा. इस खास मौके पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंच सकती है. इस दिन के लिए तो तमाम तैयारियां की गईं हैं, लेकिन इससे भी ज्यादा चुनौती उद्घाटन के बाद होगी जब आम श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगेंगे. 24 मार्च तक 2.5 करोड़ श्रद्धालुओं को अयोध्या दर्शन कराने का प्लान है. ऐसे में इतनी बड़ी संख्या को मैनेज करना भी बड़ी चुनौती होगी. इन श्रद्धालुओं के आने, खाने और ठहरने के लिए आरएसएस के स्वयंसेवकों के बीच भी ज़िम्मेदारी बांटी जा रही है. सूत्रों के मुताबिक, हर 100 श्रद्धालुओं पर एक संघ का स्वयंसेवक प्रभारी होगा जो उनकी व्यवस्था देखेगा. इस तरह प्रति 1000 श्रद्धालुओं पर संघ के 10 स्वयंसेवक मोर्चा संभालेंगे और उनकी व्यवस्था का जायजा लेंगे.

### श्रद्धालुओं के ठहरने की कैसी होगी व्यवस्था?

स्वयंसेवकों को मैनेज करने के लिए अलग से एक स्वयंसेवक होगा, जो प्रति एक हजार श्रद्धालुओं के अयोध्या आने और उनके ठहरने व खाने की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करेगा. इसी तरह से रोजाना अयोध्या पहुंचने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए भी व्यवस्था की जाएगी. लोगों के रहने के लिए विशेष रूप से गुप्तार घाट से लेकर राम की पैड़ी तक घाटों पर टेंट सिटी बसाई जाएगी. इनके खाने के लिए टेंट सिटी क्षेत्र में ही खाने की सभी व्यवस्थाएं की जाएंगी. श्रद्धालुओं को खाने-पीने की कोई दिक्कत न हो इसके लिए एक और खास व्यवस्था होगी. दरअसल, अयोध्या के घर-घर से रोटी मंगाने की व्यवस्था भी की गई है. इसके तहत व्यवस्थापकों की ओर से हर घर में एक लिफाफा पहुंचाया जाएगा. लोग उन लिफाफों में रोटियां रख देंगे और फिर वे रोटियां टेंट सिटी में पहुंचेगी. बता दें कि राम मंदिर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 जनवरी को करेंगे. इस मौके पर देश विदेश से मेहमान आएंगे. कई विदेशी मेहमानों को भी आमंत्रण भेजा गया है.



**सरयू के घाट का होगा कायाकल्प**

85 हजार करोड़ के मास्टर प्लान, हेरिटेज रिवर फ्रंट और स्मार्ट सिटी के अंतर्गत प्रस्तावित सरयू घाट की परिकल्पना. प्रभु श्रीराम की अयोध्या को एक आध्यात्मिक केंद्र, वैश्विक पर्यटन स्थल और भव्य स्मार्ट सिटी के तौर पर डेवलप किया जा रहा है. शहर में एक नई ग्रीनफील्ड टाउनशिप भी बसाने की तैयारी है, जिसमें भक्तों के लिए रहने की सुविधाएं जैसे कि आश्रम, होटल मठ आदि होंगे.

## लखनऊ विश्वविद्यालय के आचार्य श्यामलेश तिवारी कराएंगे प्राण प्रतिष्ठा में पूजन

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में होने वाले पूजन में शामिल होने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय में प्राच्य संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ. श्यामलेश कुमार तिवारी को भी आमंत्रण मिला है. श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने डॉ. श्यामलेश कुमार तिवारी को आमंत्रित किया हैं. प्राण प्रतिष्ठा समारोह में 11 मुख्य पुरोहित की टीम में शामिल होने वाले डॉ. श्यामलेश तिवारी संभवतः काशी से बाहर के इकलौते आचार्य हैं.



आचार्य श्यामलेश तिवारी

वाराणसी के बाबतपुर एयरपोर्ट के नजदीक बसही गांव में जन्में डॉ. श्यामलेश कुमार तिवारी 2001 में ही लखनऊ आ गए थे. लखनऊ विश्वविद्यालय से ही उन्होंने 2002-2004 के बीच स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की फिर बाद में 2008 से 2011 के बीच पीएचडी की उपाधि वृंदा प्रसाद मिश्रा की निगरानी में हासिल की. लखनऊ विश्वविद्यालय प्राच्य संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ. श्यामलेश तिवारी बतौर आचार्य शामिल होंगे. वह 16 जनवरी से शुरू होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अलग-अलग दिन विधि विधान से पूजन कराएंगे.

### इन दोनों लोगों के सुझाव पर मिला निमंत्रण

बता दें कि डॉ. श्यामलेश तिवारी को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने पत्र भेज कर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने का निमंत्रण दिया है. पत्र में लिखा गया है कि राम जन्मभूमि पर मंदिर का निर्माण हो रहा है और उसे इस शैली में बनाया जा रहा है कि वह एक हजार वर्षों तक खड़ा रहे. मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का महूर्त निकालने वाले आचार्य गणेश्वर शास्त्री द्रविण और पूजन विधान का नेतृत्व करने वाले आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित के सुझाव पर उनके नाम को चयनित किया गया है. इसलिए वह अयोध्या पहुंचकर पूजन समारोह में अपनी सहभागिता दर्ज कराएं. वहीं चंपत राय की ओर से डॉ. श्यामलेश तिवारी को भेजे गए पत्र में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से आठ दिन पूर्व अयोध्या पहुंचने का अनुरोध किया गया है. मंदिर में पूजन की प्रक्रिया 16 जनवरी से शुरू होगी. ऐसे में उन्हें 15 जनवरी को अयोध्या पहुंचना होगा. जिससे वह पूजन के सभी कार्यक्रमों में हिस्सा ले सकें.

## अयोध्या राम मंदिर निर्माण में लगे श्रमिकों से मिल सकते हैं पीएम मोदी

एजेंसी। अयोध्या

अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कार्य जोर-शोर से जारी है। 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए श्रमिक दिन-रात मंदिर का काम पूरा करने में जुटे हुए हैं। बता दें कि इस दिन पीएम मोदी समेत देशभर के तमाम बड़े राजनीतिक, फिल्मी और उद्योग जगत से जुड़े हुए चेहरे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अयोध्या आने वाले हैं। इस बीच सूत्रों के हवाले से खबर आई है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण कार्य में लगे हुए श्रमिकों से भी मिलने वाले हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, पीएम मोदी अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन यानी की 22 जनवरी को राम मंदिर के निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों से मुलाकात कर सकते हैं। खबर है कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में जाने से पहले ही पीएम मोदी श्रमिकों से मुलाकात कर सकते हैं। जल्द ही इस बारे में आधिकारिक सूचना भी जारी की जा सकती है। दिसंबर 2021 में पीएम मोदी ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट काशी-विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण किया था। इस मौके पर भी पीएम ने महीनों से कॉरिडोर के निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों से मुलाकात और बातचीत की थी। इसके बाद पीएम मोदी ने पीएम मोदी ने श्रमिकों पर फूल बरसाकर उनका अभिवादन किया था और उनके साथ बैठकर फोटो भी खिंचवाई थी।





### राम मंदिर के कार्यक्रमों की सूची

- **16 जनवरी से होगा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू**
  पूजा का विधान नारदपांचरात्र, स्मृतिग्रंथ, वैष्णवग्रंथ, विविधसंहिता ग्रन्थ एवं गरुण पुराण में वर्णित पूजन विधि के अनुसार कराया जाएगा. इस दौरान आचार्य यजमानों को संकल्प दिलाकर प्रायश्चित कराएंगे. साथ ही गौ दान भी करेंगे.
- **17 जनवरी को होगा मूर्ति के साथ अयोध्या धाम में भव्य शोभायात्रा**
  भगवान रामलला की मूर्ति मंत्रोचारण और गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण के लिए निकलेगा. मूर्ती को यज्ञवेदी के पास ले जाया जाएगा वापस. पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, वेदी पूजन
- **18 जनवरी को होगी प्राण प्रतिष्ठा की विधि प्रारंभ**
  यज्ञ मंडल के बार पंचांग पूजन, यज्ञ मंडप में प्रवेश और वेदियों का पूजन होगा.
- **19 जनवरी को होगा अग्नि स्थापना**
  अरणी-मंथा की लकड़ी को आपस में रगड़कर अग्नि जलाई जाएगी.
- **20 जनवरी को होगा मंदिर के गर्भ गृह की वास्तु शांति**
  मंदिर के गर्भ गृह की वास्तु शांति प्रारंभ की जाएगी. वास्तु वेदि की स्थापना कर वास्तु शांति होगी.
- **21 जनवरी को होगा रामलला को 125 कलशों से दिव्य स्नान**
  महाभिषेक स्नान में सर्वोऔषधि से स्नान, केसर के जल, गन्ने के रस के जल, दूध-दही, मधु व विभिन्न प्रकार के फल रस से स्नान कराया जाएगा. रामलला की मूर्ति को अन्नाधिवास, जलाधिवास, फलाधिवास, शैय्याधिवास, प्राण प्रतिष्ठा के गर्भ गृह में कर्मकांड कर प्राण प्रतिष्ठा की प्रक्रिया प्रारंभ होगी.
- **22 जनवरी होगा मृगशिरा नक्षत्र में प्राण प्रतिष्ठा**
  गर्भ गृह में भगवान को तय स्थान पर स्थापित कर दिया जाएगा. विभिन्न प्रकार के न्यास को मंत्रों के द्वारा शक्ति प्रदान की जाएगी.
- **23 जनवरी होगा वेदी और हवन कुंड का विसर्जन**

### हिंदू अमेरिकियों ने ह्यूस्टन में निकाली कार रैली

एजेंसी। ह्यूस्टन

इस माह के अंत में अयोध्या में आयोजित होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले हिंदू अमेरिकी समुदाय के सदस्यों ने रविवार को ह्यूस्टन में एक विशाल कार रैली निकाली. यह रैली भजन और 'जय श्री राम' के नारे लगाते हुए रास्ते में 11 मंदिरों में भी रुकी. विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका (वीएचपीए) ने मंदिर के पदाधिकारियों को 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए औपचारिक निमंत्रण भी दिया. भारत और अमेरिका के झंडे और राम मंदिर की छवि वाले भगवा बैनर लिये 500 से अधिक लोगों ने 216 कारों की लगभग पांच किलोमीटर लंबी कतार के साथ रैली निकाली. इस दौरान अपनी मोटरसाइकिल पर आठ पुलिसकर्मी भी रैली के साथ-साथ मौजूद रहे. ह्यूस्टन के समाज सेवी जुगल मालानी ने श्री मीनाक्षी मंदिर से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.

**कॅरियर-काउंसिलिंग**

# हेल्थकेयर मैनेजमेंट में बना सकते हैं अपना कॅरियर



एजुकेशन रिपोर्टर/ रजनीश प्रसाद

हेल्थकेयर मैनेजमेंट में एमबीए दो साल का पोस्ट-ग्रेजुएट मैनेजमेंट डिग्री प्रोग्राम है, जो छात्रों को अस्पतालों, फार्मास्युटिकल कंपनियों के साथ-साथ अन्य हेल्थकेयर सिस्टम में कई कार्यों के मैनेजमेंट के लिए प्रशिक्षित करता है. हेल्थकेयर मैनेजमेंट में एमबीए एक एकीकृत रणनीति पर केंद्रित है, जिसमें स्वास्थ्य सेवा उद्योग के सभी पहलुओं को शामिल किया गया है. हेल्थकेयर प्रबंधन वह क्षेत्र है जो क्लीनिक और अस्पतालों के प्रशासन पर केंद्रित है. इस चार सेमेस्टर के कोर्स में छात्रों को मार्केटिंग, वित्तीय पहलुओं, आपूर्ति श्रृंखला और अस्पतालों के एचआर के बारे में पता चलता है.

### हेल्थकेयर मैनेजमेंट में एमबीए

- यह एक ऐसा कोर्स है, जिसे भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदान किया जाता है.
- यदि आप लोगों की स्वास्थ्य से संबंधित क्षेत्र में अपनी सेवा देने में रुचि रखते हैं तो यह कोर्स आपके लिए है.
- आप एमबीए हेल्थकेयर मैनेजमेंट की डिग्री के साथ कुछ उच्च वेतन वाली नौकरियों के लिए जा सकते हैं. जैसे – हॉस्पिटल मैनेजमेंट और मेडिकल प्रैक्टिस मैनेजर, हॉस्पिटल सीईओ और सीएफओ, फार्मास्युटिकल प्रोडक्शन मैनेजर आदि.
- एमबीए हेल्थकेयर मैनेजमेंट अध्ययन विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं में अद्वितीय नौकरी के अवसर प्रदान करता है. इस सेक्टर की मांग दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है.

### हेल्थकेयर मैनेजमेंट में एमबीए

- एक समय में कई कार्यों को संचालन की क्षमता.
- आर्गेनाइजेशनल बिहेवियर.
- उत्कृष्ट कार्य और कम्युनिकेशन.
- अपने समय को प्रभावी ढंग से या उत्पादक रूप से उपयोग करने की क्षमता, विशेष रूप से काम पर.
- सुरक्षा पर ध्यान.
- नेतृत्व क्षमता.

### विदेशी विश्वविद्यालय

- स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय
- आईई बिजनेस स्कूल
- लंदन बिजनेस स्कूल
- एचईसी पेरिस
- मिशिगन यूनिवर्सिटी
- नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी
- ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी
- कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी
- हार्वर्ड यूनिवर्सिटी
- येल यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया बर्कले
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ टोरंटो
- यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन
- इंपीरियल कॉलेज लंदन
- लंदन मेट्रोलोपियन यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ डर्बी
- यूनिवर्सिटी ऑफ कैंट

### भारतीय विश्वविद्यालय

- आईआईटी दिल्ली
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन ट्रेड
- एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा
- दिल्ली स्कूल ऑफ बिजनेस
- एमिटी यूनिवर्सिटी, मुंबई
- एनएमआईएमएस
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट
- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय
- इलाहाबाद विश्वविद्यालय
- दिल्ली विश्वविद्यालय
- गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय
- अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय
- मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज



### विदेश में आवेदन प्रक्रिया

- आपकी आवेदन प्रक्रिया का फर्स्ट स्टेप सही कोर्स और यूनिवर्सिटी का चुनाव है.
- कोर्स और यूनिवर्सिटी के चुनाव के बाद उस कोर्स के लिए उस यूनिवर्सिटी की पात्रता मानदंड के बारे में रिसर्च करें.
- आवश्यक टेस्ट स्कोर और दस्तावेज एकत्र करें.
- ऑफर की प्रतीक्षा करें और सिलेक्ट होने पर इंटरव्यू की तैयारी करें.
- इंटरव्यू राउंड क्लियर होने के बाद आवश्यक ट्यूशन शुल्क का भुगतान करें और स्कॉलरशिप, छात्रवीजा, एजुकेशन लोन और छात्रावास के लिए आवेदन करें.

### भारत में आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें.
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा.
- फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने कोर्स का चयन करें.
- अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें.
- इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें.
- यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें. प्रवेश परीक्षा के अंको के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी.

## जॉब अलर्ट

**1. उत्तर पश्चिम रेलवे आरआरसी जयपुर ने ट्रेड अपरेंटिस के पदों पर भर्ती नोटिफिकेशन जारी किया हैं.**

- संगठन – उत्तर पश्चिम रेलवे
- पद नाम – ट्रेड अपरेंटिस
- योग्यता –10वीं/ आईटीआई
- नौकरी का स्थान – राजस्थान
- आवेदन मोड – ऑनलाइन
- ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की प्रारंभ तिथि – 10 जनवरी 2024
- ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि – 10 फरवरी 2024
- ऑफिसियल साईट – https://rrcjaipur.in

**ट्रेड्स अपरेंटिस रिक्त पदों का विवरण**

- मंडल रेल प्रबंधक अजमेर – 402
- मंडल रेल प्रबंधकबीकानेर – 424
- मंडल रेल प्रबंधकजयपुर – 488
- मंडल रेल प्रबंधक जोधपुर – 67
- बी.टी, सी कैरेज अजमेर – 88
- इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट – 25
- बी.टी.सी. लोको अजमेर – 56
- कैरिज वर्कशॉप बीकानेर – 67

**शैक्षणिक योग्यता** – उम्मीदवार मान्यता प्राप्त संस्था से न्यूनतम 50% अंकों के साथ 10वीं पास होना चाहिए. राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीटी)/ राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एससीवीटी) द्वारा संबंधित क्षेत्र में आईटीआई डिप्लोमा होना अनिवार्य है.

**2. मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने (एमपीपीएससी) श्रम विभाग के अंतर्गत बीमा चिकित्सा अधिकारी इंश्योरेंस मेडिकल ऑफिसर के पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है.**

- संगठन का नाम – मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग
- पद नाम – बीमा चिकित्सा पदाधिकारी (आईएमओ)
- पद संख्या – 27
- अधिसूचना – जारी
- योग्यता – डिग्री/डिप्लोमा
- नौकरी का स्थान – श्रम विभाग मध्य प्रदेश
- आवेदन मोड – ऑनलाइन
- ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की प्रारंभ तिथि – 31 जनवरी 2024
- ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि – 29 फरवरी 2024
- ऑफिसियल साईट – https://mppsc.mp.gov.in/

**शैक्षणिक योग्यता** – एमबीबीएस डिग्री अथवा समकक्ष भारतीय/ मध्य प्रदेश चिकित्सा परिषद् में अभ्यर्थी का पंजीकरण अनिवार्य.
**आयु सीमा** – उम्मीदवार 1 जनवरी 2024 को 21 वर्ष की आयु पूरी कर ली हो परंतु 40 वर्ष के नहीं हो.

**3. डाक विभाग ड्राइवर भर्ती 2024 नोटिफिकेशन जारी, इच्छुक उम्मीवार अवेदन कर सकते हैं.**

- विभाग – डाक विभाग
- पद नाम – ड्राइवर
- पद संख्या – 78
- नौकरी का स्थान – उत्तर प्रदेश
- आवेदन मोड – ऑफलाइन
- आवेदन भरने की प्रारंभ तिथि – 5 जनवरी 2024
- आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि – 16 फरवरी 2024
- ऑफिसियल साईट – indiapost.gov.in

**शैक्षणिक योग्यता** – उम्मीदवार मान्यता प्राप्त स्कूल/संस्था से मैट्रिकुलेशन/10वीं पास हो तथा हल्का व भारी वाहन चलाने के वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना अनिवार्य हैं.
आयु सीमा – न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु 27 वर्ष.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - दीपक कुमार अम्बष्ठ*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)